
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 25
फरीदाबाद, रविवार, 28 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए

YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


आसन और प्राणायाम की भूमिका
पेज- 12


## पहले पांच राज्यों के चुनाव में पार्टी को मजबूत करें : सिंघवी | हम कांग्रेस को कमजोर होते देख रहे : सिब्बल

एजेंसी। नई दिल्ली



सिंघवी और सिब्बल के अपने-अपने बोल



वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद द्वारा शनिवार को जम्मू में बुलाए गए जी-23 नेताओं के सम्मेलन में कांग्रेस नेतृत्व के प्रति एक बार पुन: असंतोष के स्वर उठे। वहीं दिल्ली में कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर असंतोष को शांत करने का प्रयास किया।

उन्होंने कांग्रेस की विरासत और इतिहास की दुहाई देकर कहा कि इन नेताओं का पार्टी में बहुत सम्मान है। अभी इन्हें पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूत करने के अधिकाधिक प्रयास करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस कमजोर हो रही है, हम इसे मजबूत करने के लिए इकट्ठे हुए हैं।

बता दें जम्मू सम्मेलन में असंतुष्ट नेताओं ने पार्टी नेतृत्व पर उनकी उपेक्षा करने और बगैर उनसे परामर्श के फैसले करने और किसी भी निर्णय पर पार्टी में आम सहमति नहीं बनाने को लेकर हमला बोला है। उनके इस बगावती तेवरों को सिंघवी ने ठंडा करने का प्रयास किया। राज्यसभा के कार्यकाल से सेवामुक्त होने के बाद पहली बार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद शुक्रवार को जम्मू पहुंचे थे। वहीं शनिवार को जम्मू संभाग के सैनिक कॉलोनी स्थित सैनिक फार्म में शांति सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें गुलाम नबी ने कहा कि जम्मू हो या कश्मीर और या फिर लद्दाख हम सभी धर्मों, लोगों और जातियों का एक ही तरह से सम्मान करते हैं। यही हमारी ताकत है और इसे हमेशा ऐसे ही जारी रखा जाएगा।

**राज्यसभा से रिटायर हुआ हूं, राजनीति से नहीं:** आजाद ने कहा कि राज्य का दर्जा वापस पाने के लिए हमारी संसद के अंदर और बाहर लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं राज्यसभा से रिटायर हुआ हूं, राजनीति से नहीं। साथ ही मैं संसद से पहली बार रिटायर नहीं हुआ हूं। शांति सम्मेलन में कांग्रेस नेता राज बब्बर ने कहा कि लोग कहते हैं जी-23 पर मेरा मानना है कि यह गांधी-23 है। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी के विश्वास, संकल्प और सोच के साथ ही इस देश का कानून और संविधान बना। इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ खड़ी है।

## दुख है कि भारत में लोकतंत्र मर गया है : राहुल गांधी



**तूतूकुडी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को तूतूकुड़ी जिले पहुंचे हैं। तूतूकुड़ी पहुंचने पर समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। तूतूकुड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला।

राहुल ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद कर रही है। इसके चलते लोगों को संसद और न्यायपालिका पर भरोसा नहीं रहा। राहुल ने कहा कि मैं भ्रष्ट नहीं हूं, इसलिए भाजपा मुझसे डरती है। कांग्रेसी नेता राहुल ने कहा कि संस्थाओं के बीच संतुलन बिगड़ता है, तो राष्ट्र अशांत होता है। पिछले छह सालों से सभी संस्थाओं पर व्यवस्थित तरीके से हमला किया जा रहा है। दुख है कि भारत में लोकतंत्र मर गया है क्योंकि एक संस्था आरएसएस हमारे देश के संस्थागत संतुलन को बिगाड़ और बर्बाद कर रही है।

## 'केंद्र में चल रही अंधी-बहरी सरकार'

एजेंसी। बागपत



किसान आंदोलन के बीच बागपत जिले के बामनौली में जवाहर इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित राजा सलक्षणपाल तोमर के जन्म जयंती समारोह और महापंचायत के लिए देशखाप और रालोद ने ताकत झोंक दी। सुबह हवन और यज्ञ के बाद महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह और भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी शिरकत करने पहुंचे।

रालोद अध्यक्ष अजित सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में अंधी बहरी सरकार चल रही है। जिम्मेदारी युवाओं के हाथ में हैं। पगड़ी संभाल कर सरकार को सत्ता से हटाना होगा। कृषि कानून वापस नहीं हुए तो किसान बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दो बीघा जमीन का किसान अंबानी और अडानी के सामने किस तरह अदालत में वकील खड़ा करेगा। मोदी ने आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन आय आधी कर फिर दोगुनी कर दिखाएंगे। किसान अगर आज एक सूत्र में नहीं बंधा तो भविष्य की पीढ़ियों के सामने खतरा है।

### राकेश टिकैत बोले लंबा चलेगा आंदोलन



महापंचायत में शामिल हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसान आंदोलन लंबा चलेगा। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए किसान मजदूरों ने ही 90 साल तक लड़ाई लड़ी थी। बागपत क्रांतिकारियों की धरती है। यहां के किसान कृषि कानूनों से आजादी के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। ये लड़ाई लंबी होगी लेकिन जीत किसानों को ही मिलेगी।


ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com


### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 31.09°C
न्यूनतम 16.08°C

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में निम्नस्तरीय राजनीति कर रही भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी के अलावा पश्चिम बंगाल सहित चार राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष रहना चाहिए और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पश्चिम बंगाल में 'निम्न-स्तरीय' राजनीति कर रही है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### गुजरात : सूरत में 3.1 तीव्रता के भूकंप के झटके

**सूरत।** गुजरात के सूरत में शनिवार तड़के 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। संस्थान ने बताया कि भूकंप तड़के करीब 4.35 बजे आया और इसका केंद्र दक्षिण गुजरात में सूरत से 29 किमी उत्तर-उत्तर पूर्व में था। प्रशासन ने बताया कि भूकंप से जानमाल को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### हरियाणा: दो आईएएस और 56 एचसीएस के तबादले

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला एवं पदस्थापना करने से संबंधित आदेश शनिवार को जारी किए। कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त उपायुक्त महावीर सिंह को निदेशक एवं अवर सचिव (पुरातत्व एवं संग्रहालय) तथा निदेशक एवं अवर सचिव (अभिलेखागार विभाग) नियुक्त किया गया है। पदस्थापना के आदेश का इंतजार कर रहीं प्रीती को कुरुक्षेत्र का अतिरिक्त उपायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा सरकार ने एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल में तत्काल प्रभाव से 56 एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना के आदेश जारी किए।


● विस्तृत खबर पेज-08


### न्यायाधीशों के खिलाफ टिप्पणियां परेशान करने वाली

**पटना।** केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विधिक कार्यकर्ताओं द्वारा उन न्यायाधीशों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने पर शनिवार को सख्त एतराज जताया, जो उनकी याचिकाओं पर अनुकूल आदेश जारी नहीं करते हैं और इसे परेशान करने वाली एक नई प्रवृत्ति करार दिया। प्रसाद भारत के प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे द्वारा पटना हाईकोर्ट की एक नई इमारत के उद्घाटन के मौके पर एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

पहले 'इंडिया टॉय फेयर-2021' के उद्घाटन पर बोले मोदी

# इस क्षेत्र में छिपी है देश की ताकत

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह 11 बजे 'भारत खिलौना मेला' ( द इंडिया टॉय फेयर-2021) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में 'वोकल फॉर लोकल' के तहत देश को खिलौना निर्माण का वैश्विक हब बनाने के मकसद से शिक्षा मंत्रालय, महिला व बाल विकास मंत्रालय और कपड़ा मंत्रालय मिलकर इसका आयोजन करवा रहे हैं। भारत खिलौना मेला के लिए अभी तक 10 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। भारत खिलौना मेला-2021 के उद्घाटन समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आप सभी से बात करके ये पता चलता है कि हमारे देश के खिलौना उद्योग में कितनी बड़ी ताकत छिपी है। इस ताकत को बढ़ाना, इसकी पहचान बढ़ाना, आत्मनिर्भर भारत अभियान का बहुत बड़ा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पहला खिलौना मेला केवल एक व्यापारिक या आर्थिक कार्यक्रम नहीं है। यह कार्यक्रम देश की सदियों पुरानी खेल और उल्लास की संस्कृति को मजबूत करने की एक कड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सिंधुघाटी सभ्यता, मोहनजोदारो और हड़प्पा के दौर के खिलौनों पर पूरी दुनिया ने रिसर्च की है। प्राचीन काल में दुनिया के यात्री जब भारत आते थे, तो भारत में खेलों को सीखते भी थे और अपने साथ लेकर भी जाते थे। प्रधानमंत्री ने कहा, जो शतरंज दुनिया में इतना लोकप्रिय है, वो पहले 'चतुरंग या चादुरंगा' के रूप में भारत में खेला जाता था। आधुनिक लूडो तब 'पच्चीसी' के रूप में खेला जाता था। हमारे धर्मग्रंथों में भी बाल राम के लिए अलग-अलग कितने ही खिलौनों का वर्णन मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस तरह भारतीय जीवनशैली का हिस्सा रहे हैं, वही हमारे खिलौनों में भी दिखता है। ज्यादातर भारतीय खिलौने प्राकृतिक और इको फ्रेंडली चीजों से बनते हैं, उनमें इस्तेमाल होने वाले रंग भी प्राकृतिक और सुरक्षित होते हैं। हमारे यहां खिलौने ऐसे बनाए जाते थे, जो बच्चों के चहुंमुखी विकास में योगदान दें। आज भी भारतीय खिलौने आधुनिक फैंसी खिलौनों की तुलना में कहीं सरल और सस्ते होते हैं, सामाजिक-भौगोलिक परिवेश से जुड़े भी होते हैं।



### देश में खिलौना उद्योग को 24 प्रमुख क्षेत्रों में मिला है दर्जा

### बच्चों के जीवन में कई रंग बिखेरते हैं खिलौने

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने अपनी कविता में कहा है, एक खिलौना बच्चों को खुशियों की अनंत दुनिया में ले जाता है। खिलौने का एक-एक रंग बच्चे के जीवन में कितने ही रंग बिखेरता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी परंपराओं, खानपान और परिधानों में ये विविधताएं एक ताकत के रूप में नजर आती है। इसी तरह भारतीय खिलौना उद्योग इस यूनिक इंडियन परस्पेक्टिव को भारतीय विचारबोध को प्रोत्साहित कर सकती हैं। खिलौनों का जो वैज्ञानिक पक्ष है, बच्चों के विकास में खिलौनों की जो भूमिका है, उसे अभिभावकों को समझना चाहिए और अध्यापकों को स्कूलों में भी उसे प्रयोग करना चाहिए। इस दिशा में देश भी प्रभावी कदम उठा रहा है, व्यवस्था में जरूरी कदम उठा रहा है।

### नेशनल टॉय एक्शन प्लान किया गया है तैयार

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्ले-आधारित और गतिविधि-आधारित शिक्षा को बड़े पैमाने पर शामिल किया गया है। ये ऐसी शिक्षा व्यवस्था है, जिसमें बच्चों में पहेलियों और खेलों के माध्यम से तार्किक और रचनात्मक सोच बढ़े, इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। पीएम ने कहा, देश ने खिलौना उद्योग को 24 प्रमुख क्षेत्रों में दर्जा दिया है। नेशनल टॉय एक्शन प्लान भी तैयार किया गया है। इसमें 15 मंत्रालयों और विभागों को शामिल किया गया है, ताकि ये उद्योग प्रतिस्पर्धी बने, देश खिलौनों में आत्मनिर्भर बनें और भारत के खिलौने दुनिया में जाएं।

## किसान महापंचायत में गहलोत-पायलट आए नजदीक

एजेंसी। जयपुर





बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में शनिवार को कांग्रेस ने किसान महापंचायत की। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन शामिल हुए। महापंचायत के बहाने गहलोत और सचिन पायलट के बीच की दूरी भी कम होते दिखी। दोनों ने न सिर्फ हेलिकॉप्टर, बल्कि मंच भी साझा किया।

डूंगरगढ़ की सभा के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी अजय माकन एक ही हेलिकॉप्टर से जयपुर से रवाना हुए। लोकसभा चुनावों के बाद अब जाकर दोनों नेता एक हेलिकॉप्टर में नजर आए हैं। जुलाई में सचिन पायलट की बगावत के बाद दोनों के रिश्ते बहुत खराब हो गए थे। हाल में सचिन पायलट की किसान महापंचायतों और राहुल गांधी की सभा में पायलट को मंच पर उचित जगह न मिलने के बाद दोनों नेताओं के बीच सियासी टकराहट बढ़ने की चर्चाएं गर्म थीं। अब हेलिकॉप्टर यात्रा को दोनों नेताओं के बीच कड़वाहट दूर होने से जोड़कर देखा जा रहा है।

### जेईई परीक्षा: पहले चरण में 95 फीसदी उम्मीदवार आए

**नई दिल्ली।** शिक्षामंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि देश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेंस के पहले चरण में 95 फीसदी उम्मीदवार शामिल हुए। उन्होंने ट्वीट किया, यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जेईई के पहले चरण की परीक्षा में 95% उपस्थिति दर्ज की गई। मुझे आशा है कि एनटीए भविष्य में सफलतापूर्वक परीक्षा का आयोजन करेगा।

### हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी बिजली रेड

**चंडीगढ़।** नवंबर 1966 में हरियाणा की स्थापना के समय से सबसे बड़ी बिजली रेड मानी जा रही कार्रवाई में बड़े उद्योगों द्वारा की जा रही बिजली चोरी पकड़ते हुए तुरंत ही 100 करोड़ रुपये की जुर्माना वसूली की गई।

शनिवार तड़के शुरू की गई इस रेड में बिजली महकमे की 236 टीम लगाई गई थी। करीब एक हजार स्टाफ में दो निदेशक और एक मुख्य अभियंता शामिल थे। करीब सोलह घंटे बाद स्वयं बिजली मंत्री रणजीत चोटाला ने रेड के नतीजों की जानकारी देते हुए बताया कि यह हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी बिजली रेड है। इसमें बड़ी मछलियो पर शिकंजा गया है। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के मामले में पूरी जानकारी हासिल कर रेड की गई। हिसार, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी और धारूहेड़ा में यह रेड संचालित की गई। उन्होंने बताया, रेड अभी जारी है।

फरीदाबाद में शुरू हुई वातानुकूलित सिटी बस सेवा

## 10 रुपये किराए में ले सकेंगे एसी बस का लुत्फ

- फरीदाबाद के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल हब आईएमटी को भूली सरकार
- आईएमटी में हजारों श्रमिक व रिहायशी प्रोजेक्ट में आते-जाते हैं लोग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों के लिए अच्छी खबर है। हालांकि आईएमटी में मौजूद उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों और यहां मौजूद रिहायशी सोसायटियों के लोगों के लिए अभी भी ट्रांसपोर्ट जैसी सौगात नहीं मिली है। ग्रेटर फरीदाबाद से शहर के दूसरे हिस्से तक आने जाने के लिए ऑटो अथवा अपने निजी साधनों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने शनिवार से सिटी बस सेवा की शुरुआत कर दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ बस डिपो से इस बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

खास बात ये है कि इन बसों का अधिकतम किराया 30 रुपये है यानी यात्री कम से कम 10 रुपये और अधिकतम 30 रुपये के किराए में एसी बसों में बैठकर पूरे शहर का सफर कर सकेंगे। इसके लिए बाकायदा रूटों का चयन भी किया गया है। सिटी बस सर्विस के लिए जो रूट बनाए गए हैं, वह पूरे शहर को टच करते हैं अर्थात रूट में शहर के सभी हिस्सों को शामिल किया गया है। शुरुआत में 10 बसें चलाई जा रही हैं। इसके बाद मांग के अनुसार इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। यही नहीं महिलाओं के लिए सिटी बस सेवा सबसे सुरक्षित होगी। क्योंकि बस में सभी प्रकार के सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।



सिटी सब सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा।

### अभी चार रूटों पर दौड़ेंगी बसें

**रूट नंबर 902 :** एनआईटी बस स्टैंड से सुबह 7.15 बजे बस चलेगी। इसका रूट हार्डवेयर चौक, बाटा मेट्रो स्टेशन, हार्डवेयर चौक, डबुआ कॉलोनी, मुल्ला होटल और बीके चौक होगा।

**रूट नंबर 904 :** बस सुबह 7.00 बजे बल्लभगढ़ से चलेगी। बाईपास रोड से सेक्टर 37, पल्ला चौक, सेक्टर 30, खेड़ी पुल, एस्कॉर्टस सेक्टर 14/15, सेक्टर 12 होते हुए सुबह 8.05 बजे बदरपुर बॉर्डर पहुंचेगी। शाम को 6.24 बजे बल्लभगढ़ से चलकर 7.29 बजे बदरपुर पहुंचेगी।

**रूट नंबर 905 :** सेक्टर 28 मेट्रो स्टेशन से पुरी प्राणायाम सोसायटी सेक्टर 89, अमृता हॉस्पिटल, अमोलिक सोसायटी तक चलेगी। ये बस सेक्टर 28 से सुबह 7.00 बजे चलेगी। 7.38 बजे पुरी प्राणायाम सोसायटी पहुंचेगी। शाम को सेक्टर 28 से 6.56 बजे चलेगी और पुरी प्राणायाम सोसायटी 7.34 बजे पहुंचेगी।

**रूट नंबर 906 :** नीलम अजरौंदा मेट्रो स्टेशन से बाटा मेट्रो स्टेशन वाया बीपीटीपी, नहरपर, खेड़ीपुल चौक और मेट्रो हॉस्पिटल तक चलेगी। बाटा मेट्रो स्टेशन से सुबह 7.00 बजे चलेगी। नीलम चौक, अजरौंदा मेट्रो स्टेशन पर 7.38 बजे पहुंचेगी। शाम को ये बस बाटा मेट्रो से 7.40 बजे चलेगी और नीलम अजरौंदा मेट्रो स्टेशन पर 8.18 बजे पहुंचेगी।

### बसों में ये है सुविधा

37 सीटों वाली इन बसों में एक साथ 74 यात्री बैठकर सफर कर सकेंगे। बस की हर सीट पर पंखा, अनाउंसमेंट सिस्टम, तीन सीसीटीवी कैमरे और फायर सिस्टम लगे हैं। ऐसे में ये बसें महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित होंगी। खास बात ये है कि बस के अंदर डिस्प्ले भी लगाया गया है, जिसमें हर स्टापेज के बारे में डिस्पले होगा। एक बस की कीमत करीब 87 लाख बताई जा रही है।

### आईएमटी के लिए नहीं चलाई बस

आईएमटी फरीदाबाद में देश विदेश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां है। इसके अलावा आईएमटी के मुजेड़ी गांव और इसके आसपास कई रिहायशी सोसायटीज हैं, जिनमें प्रमुख रूप से आगमन और रॉयल हेरिटेज भी शामिल है। इन सोसायटियों में करीब 1500 परिवार रहते हैं, जो सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा न होने से परेशान हैं। इसी तरह आईएमटी में आने वाले सैकड़ों श्रमिक भी निजी वाहनों पर ही निर्भर हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष दो बसें आईएमटी रूट पर चलाने की मांग की गई है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा।

केंद्र सरकार के खिलाफ खुदरा व्यापारियों और लघु उद्यमियों का हल्ला बोल

## ई-कॉमर्स बाजार बंद नहीं किया, तो अमेजन-फ्लिपकार्ट के दफ्तरों को लगाएंगे ताला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

उत्तरी भारत के लाखों खुदरा व्यापारियों और लघु उद्यमियों ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा ई-कॉमर्स कारोबार और ऑनलाइन बाजार चलाने वाली कंपनियों को बढ़ावा दिए जाने के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन (आरजेयूवीएस) ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के दफ्तरों के बाहर धरना देने और दफ्तरों पर ताला लगाने का ऐलान किया है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने शनिवार से चंडीगढ़ में शुरू हुए दो दिवसीय अधिवेशन के उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस अधिवेशन में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात आदि के लघु एवं सूक्ष्म उद्यमी ओर खुदरा व्यापारी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश मे साढ़े छह करोड़ एमएसएमई यूनिट हैं, जिनके माध्यम से 11 करोड़ लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। गुप्ता के अनुसार लघु उद्यमियों और खुदरा व्यापारियों द्वारा जीडीपी में 30 फीसदी योगदान दिया जा रहा है और 95 प्रतिशत उतपादन किया जा रहा है। देश के निर्यात में 40 प्रतिशत योगदान देने 6000 उत्पादों का उत्पादन करने के बावजूद बैंकिंग लोन में 16 प्रतिशत ही हिस्सा दिया जाता है। देश में ऑनलाइन बाजार को बंद करने की मांग करते हुए राष्ट्रीय जन उद्योग संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने बिजली की दरें सस्ती करने और कर्ज दिए जाने क्षमता बढ़ाए जाने की मांग करते हुए कहा कि एक सर्वे के अनुसार वर्ष 2020 में ई-कॉमर्स कंपनियों ने दो लाख 10 हजार करोड़ का कारोबार किया है। इसमे हर साल 27 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है, जिसके चलते वर्ष 2024 तक यह कारोबार सात लाख 30 हजार करोड़ तक पहुंच जाएगा। जिससे छोटा दुकानदार, खुदरा व्यापारी ओर सूक्ष्म उद्यमी पूरी तरह से तबाह हो जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार संतोष मंगल ने ई-कॉमर्स अथवा ऑनलाइन कंपनियों का विरोध करने और अमेजन और फ्लिपकार्ट के दफ्तरों को ताला जड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि दीपावली के दौरान भारत मे ई-कॉमर्स कंपनियों ने 30 हजार करोड़ का कारोबार किया, जिसमें 55 फीसदी कारोबार टू टायर शहरों का था।

### ऑनलाइन शापिंग बाजार से बर्बाद हो रहे साढ़े छह करोड़ कारोबारी

### आठ राज्यों के कारोबारियों का दो दिवसीय अधिवेशन शुरू




### ऑनलाइन शॉपिंग करने वाला 65 फीसद युवा वर्ग

संगठन की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों में 65 फीसद युवा वर्ग है। इसलिए संगठन द्वारा सोशल मीडिया तथा अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से ई-कॉमर्स बाजार के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आरजेयूवीएस के हरियाणा अध्यक्ष गुलशन डंग ने कहा कि हरियाणा के सभी जिलों में ई-कॉमर्स बाजार के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा और अमेजन और फ्लिपकार्ट के दफ्तरों के आगे धरने दिए जाएंगे।

### सबसे ज्यादा खरीद इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण और कपड़ों की

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार संतोष मंगल ने एक सर्वे के आधार पर बताया कि ई-कॉमर्स अथवा ऑनलाइन बाजार के कारण सबसे अधिक इलेक्ट्रोनिक्स और कपड़ा कारोबारियों को हुआ है। सर्वे के अनुसार लोग 40 प्रतिशत इलेक्ट्रोनिक्स का सामान तो 40 प्रतिशत कपड़ा ऑनलाइन खरीद रहे हैं। इसके अलावा 7 प्रतिशत ग्रोसरी, फूड और ज्वेलरी, 4 प्रतिशत फर्नीचर व 2 प्रतिशत अन्य समान खरीदते हैं। जिससे देश के लाखों खुदरा व्यापारी तबाह हो रहे हैं।

-राइट विजन-

## मजबूत इम्युनिटी पॉवर को हथियार बनाकर दे सकते हैं कोरोना को मात : मीना

*कोरोना जैसी महामारी का मुकाबला करने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव करना होगा। अच्छी दिनचर्या, व्यायाम और संतुलित भोजन की मदद से हम अपनी इम्युनिटी पावर को मजबूत बनाकर कोरोना ही नहीं अन्य बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही हमें अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन भी करना होगा। हमें मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता को भी अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। यह कहना है सर्वोदय अस्पताल की चीफ डाइटीशियन मीना कुमारी का। मीना कुमारी का मानना है कि खुद को स्वस्थ्य रखने की चीजें हमारे घर की रसोई में ही मौजूद हैं। पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और चीफ डाइटीशियन मीना कुमारी की बातचीत के अंश :-*



**जीवन परिचय**

| | |
|---|---|
| **नाम** | : मीना कुमारी |
| **जन्मदिन** | : 16 सितबंर 1982 |
| **पिता** | : प्रताप चंद |
| **माता** | : महेश वती |
| **पति** | : विवेक |
| **परिवार** | : बेटी अक्षरा व बेटा मुकुंद |
| **स्कूल** | : 12 वीं - गोवर्नमेंट स्कूल, गोल मार्केट, दिल्ली |
| **उच्चशिक्षा** | : बीएससी, एमएससी |

● **सवाल : डाइटीशियन का पेशा आपने किसकी प्रेरणा से अपनाया।**

**जवाब :** स्कूल के दौरान हमारे होम साइंस के टीचर बताते थे कि भोजन ही बीमारियों से बचाता है और भोजन की वजह से ही हम बीमारियों की चपेट में आते हैं। संतुलित भोजन से बीमार व्यक्ति को भी ठीक किया जा सकता। टीचर की इन बातों से प्रेरणा लेकर मैंने डाइटिशियन बनने का फैसला लिया था।

● **सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेती थीं।**

**जवाब :** स्कूल के दौरान मैं बैडमिंटन, दौड़ और अन्य कई खेलों में हिस्सा लेती थी। इसके अलावा मैंने गायन प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया है।

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** एमएससी के बाद मैंने दिल्ली के बड़े अस्पतालों में प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2005 में मैंने मैक्स हॉस्पीटल पटपड़गंज, दिल्ली डायटीशियन के पद पर ज्वॉइंन कर लिया। शादी के बाद फरीदाबाद आकर वर्ष 2008 से मैं सर्वोदय अस्पताल, सेक्टर आठ में कार्यरत हूं।

● **सवाल : इन दिनों लोग बीमारियों का शिकार ज्यादा क्यों हो रहे हैं।**

**जवाब :** हमने अपनी प्राकृतिक दिनचर्या छोड़ कर अपनी सुविधा के मुताबिक जीवनशैली बना ली है। इसी वजह से लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। स्वस्थ्य रहने के लिए हमें अच्छी दिनचर्या को अपनाना होगा। सुबह जल्दी उठकर व्यायाम, घर से निकलते समय अच्छा एवं संतुलित नाश्ता, बाहर जाते समय घर का भोजन साथ लेकर जाना चाहिए।

● **सवाल : वर्तमान में बीपी, शुगर और हृदय रोगियों की संख्या क्यों बढ़ रही है।**

**जवाब :** स्वस्थ्य रहने के लिए भोजन में 50 प्रतिशत मौसमी सब्जियां और फल, 25 प्रतिशत अनाज और शेष 25 प्रतिशत में प्रोटीन शामिल होना चाहिए। इन्हें हम भोजन में शामिल कर बीमारियों से बच सकते हैं।

● **सवाल : किस तरह का भोजन सेहत को नुकसान पहुंचाता है।**

**जवाब :** हम जब भी भोजन को अपने स्वाद के लिए मोडिफाइ करते हैं तो वह नुकसानदायक हो जाता है। उदाहरण के तौर पर यदि हम साधारण रोटी को पराठा या नान का रूप देंगे तो वह नुकसान पहुंचाएगा। जिसके परिणाम आगे चलकर बीमारियों के रूप में नजर आएंगे। बार-बार गर्म किया हुआ भोजन भी सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

● **सवाल : कोरोनाकाल में क्या लोगों की जीवनशैली में बदलाव आया है।**

**जवाब :** कोरोना की वजह से एक बार फिर लोगों ने प्राचीन आदतों और खानपान के तरीकों को अपनाना शुरू किया है। लोग संतुलित भोजन के साथ व्यायाम और योगा में रुचि ले रहे हैं। कोरोनाकाल में कांढा, हर्बल टी और हल्दी वाला दूध अपनाया गया। जिसका फायदा नजर आया।

● **सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ रहे लोगों को क्या संदेह देना चाहती हैं।**

**जवाब :** इम्युनिटी का कोई पैमाना नहीं है। इसलिए अपनी, परिवार और समाज की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी को गाइडलाइंस का पालन करना होगा।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने सोच समझ कर ठीक समय पर लॉकडाउन किया था। इसी वजह से दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत की स्थिति सबसे ज्यादा बेहतर है।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 15.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- क्यूआरजी अस्पताल में कमर और गर्दन दर्द के लिए फ्री जांच कैम्प : सुबह 10.30 बजे
- सेक्टर-7ए स्थित महेश्वरी सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन : सुबह 9.30 बजे
- वाईएमसीए पुल रहेगा शाम पांच बजे तक बंद : सुबह से
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन : सुबह नौ बजे

**निवेश गुरु**

**कई** निवेशकों की शिकायत होती है कि उन्हें म्यूचुअल फंड में निवेश करने के बाद नुकसान उठाना पड़ा है। अगर आपने भी म्यूचुअल फंड में निवेश किया है तो आपको भी कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे आपको नुकसान नहीं हो। महिंद्रा मैन्युलाइफ म्यूचुअल फंड के सीईओ आशुतोष विश्नोई ने कहा, आपको म्यूचुअल फंड में निवेश करने के वक्त तीन बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। आपके निवेश की अवधि क्या है, आप कितना जोखिम उठा सकते हैं और आपके निवेश का लक्ष्य क्या है। अगर आप इन तीन बातों का ध्यान रखते हुए लालच से बचकर म्यूचुअल फंड में निवेश करेंगे तो आपको नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा।

**यूटीलिटी न्यूज**

### टीचर्स की लम्बी छुट्टी कैंसल

**फरीदाबाद।** लंबी छुट्टी पर गई एक महिला अधिकारी समेत चार बाबुओं को जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने बुलाने के लिए नोटिस भेजे हैं। इनमें से दो कर्मचारी आ गए हैं, जबकि डिप्टी डीईओ अनिता शर्मा और डिप्टी सुपरिडेंटेंड का आने का इंतजार है। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले डिप्टी डीईओ अनिता शर्मा, डिप्टी सुपरिडेंटेंड सुभाष वर्मा, क्लर्क सतीश सागवान और असिस्टेंट मोती सागर ऑफिस में नहीं थे। पूछने पर पता चला था कि अनीता शर्मा एक महीने, मोती सागर एक महीने, सुभाष वर्मा तीन महीने, सतीश सागवान तीन महीने की छुट्टी पर गए हैं। इससे की ऑफिस का काम प्रभावित हो रहा था। जब जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी के जिला शिक्षा अधिकारी बनने के ऑर्डर आए तो उन्होंने इन सभी अधिकारी व कर्मचारियों को ऑफिस आने के लिए कहा।

**क्विक न्यूज**

### शातिर झपट्टा मार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने फरार चल रहे आरोपी धर्मेंद्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी एक शातिर अपराधी है जिस पर स्नैचिंग के दो मुकदमे दर्ज हैं और इससे पहले भी मुकदमों में दो बार जेल जा चुका है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गलत संगत में होने के कारण स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने लगा। आरोपी के दो अन्य साथी इन मामलों में पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। यह काफी समय से फरार चल रहा था जिसे गुप्त सूत्रों की सहायता से सेक्टर 12 से गिरफ्तार किया गया। आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धर्मु पुत्र राजेंद्र पलवल के भिडुकी गांव का रहने वाला है जिसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# लापरवाही : हाइवे किलर प्वॉइंट दे रहे हैं दुर्घटनाओं को न्योता

## हाइवे के निर्माण के दौरान छोड़ी गई खामियों से बढ़ रहीं समस्या

**राजेश दास।** फरीदाबाद

सिटी इश्यू



**राष्ट्रीय** राजमार्ग नंबर दो के सिक्स लेन करने का काम जिले में करीब दो साल पहले पूरा कर लिया है। इस टोल रोड का निर्माण रिलायंस कंपनी ने एनएचएआई के अधिकारियों की देखरेख में किया था।

कंपनी द्वारा इस रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों से तो लगातार टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन इतना समय गुजर जाने के बाद भी कंपनी ने सड़क पर मौजूद खामियों को आज तक दूर करने का प्रयास नहीं किया। कंपनी हाइवे पर बिना किसी भी फ्लाइओवर पर दोनों तरफ फुटपाथ का निर्माण नहीं करवाया गया है। वहीं इस सड़क पर आज भी फुटओवर ब्रिजों का भारी अभाव है। ऐसे में कुछ स्थानों पर लोग अपनी जान जोखिम में डालकर हाइवे को पार करने का प्रयास करते हैं। फ्लाइओवर का प्रवेश और निकासी भी गलत तरीके से बनाई गई है। हाइवे पर कुछ अनेक स्थानों पर गड्ढे बने हुए हैं तो कुछ स्थानों पर सड़क टूटी हुई है।

यहां तक कि सड़क लेबल भी ठीक तरीके से नहीं बनाया गया। बरसात आने पर कई स्थानों पर पानी भर जाता है। इन खामियों को देखने के बावजूद एनएचएआई दुरुस्त कराने का प्रयास नहीं कर रहा है।

### नहीं बनाए गए फुटपाथ

**राष्ट्रीय** राजमार्ग अथवा शहर के अंदरूनी हिस्सों में बनाए जाने वाले फ्लाइओवरों के दोनों किनारों पर पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए फुटपाथ बनाना बेहद जरूरी होता है। दिल्ली और एनसीआर के सभी शहरों में बनाए गए करीब करीब सभी फ्लाईओवरों में फुटपाथ बनाए हुए हैं। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर दो में बदरपुर सीमा और पलवल के बीच आठ फ्लाईओवर बनाए गए हैं। जिनमें सराय ख्वाजा, एनएचपीसी, सेक्टर 28, ओल्ड फरीदाबाद, अजरौंदा, बाटा मोड़, वाईएमसीए चौक, बल्लभगढ़ और सीकरी का पुल शामिल है, लेकिन एनएचएआई न निर्माण कराते समय इनमें से किसी भी पुल पर फुटपाथ बनाने की जरूरत महसूस नहीं की। ऐसे में लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर इन पुलों से पैदल गुजरना पड़ता है। फुटपाथ बनाने से जहां लोगों को चलने में सुविधा होती है, वहीं इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम भी हो सकती है। कई बार संतुलन बिगड़ने पर वाहन पुल से नीचे गिरने की बजाए फुटपाथ से टकरा कर रुक जाते हैं। पिछले दिनों फुटपाथ के अभाव में एक कार मेवला महाराजपुर फ्लाइओवर से नीचे गिरकर एक ट्रक में जा घुसी थी। करीब दो साल पहले पलवल में एक ट्रक फ्लाइओवर से नीचे आ गिरा था।

### खामियां जल्द दूर करें



**सड़क** सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसी कई खामियां हैं, जिसके कारण कभी भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। हाइवे पर वाईएमसीए चौक के पास मौजूद हाइटेंशन तार का पिलर सबसे ज्यादा खतरनाक है। एनएचएआई को इन खामियों को जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करना चाहिए। अन्यथा इन खामियों की मुश्किल खड़ी हो सकती है।

### पैदल यात्री ही हाइवे पर दुर्घटना का शिकार

**एनएचएआई** ने राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर दो को सिक्स लेन करने का काम करीब दो साल पहले ही पूरा कर लिया है, लेकिन इसके निर्माण के दौरान एनएचएआई ने पैदल चलने वाले लोगों की सुरक्षा की तरफ कोई ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। जिसके कारण सबसे ज्यादा पैदल यात्री ही हाइवे पर दुर्घटना का शिकार बनते हैं। सराय ख्वाजा से बल्लभगढ़ के बीच मैगपाई चौक और अन्य एक दो स्थानों को छोड़ कर कहीं भी एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) बनवाने की जरूरत महसूस नहीं की गई है। जिसके कारण लोगों को मजबूरी में बिना एफओबी के अपनी जान खतरे में डाल कर हाइवे पार करना पड़ रहा है। लोगों को ग्रिल पर चढ़कर हाइवे पार करते हुए आम देखा जा सकता। ऐसे में लोग कई बार सड़क दुर्घटना का शिकार बन जाते हैं। जबकि नियमों के मुताबिक हाइवे पर प्रत्येक 500 मीटर के बाद एक एफओबी का निर्माण जरूर होना चाहिए। समय-समय पर लोग हाइवे पर एफओबी बनवाने की मांग भी उठाते आए हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और एनएचएआई के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### किलर प्वॉइंटों से हादसे

**राष्ट्रीय** राजमार्ग के निर्माण के दौरान ऐसी कई तरह की खामियां छोड़ी गई हैं, जिसकी वजह से लोग आज भी परेशानी झेलने को मजबूर हो रहे हैं। हाइवे पर गुडइयर चौक सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। यहां बीचों-बीच सड़क टूटी होने से गड्ढे बने हुए हैं। यहां सड़क का लेबर भी ऊंचा-नीचा बना हुआ है। इसे आगे बल्लभगढ़ तरफ बरसात आने पर पानी भर जाता है। गुडइयर चौक से पहले सुरदास मेट्रो स्टेशन से पहले हाइवे पर चढ़ने वाले प्वॉइंट पर भी गड्ढे बन हुए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाईएमसीए चौक के नजदीक बीच सड़क पर लगे हाईटेंशन तार का पिलर भी हादसे को न्योता दे रहा है। ओल्ड फरीदाबाद चौक के पास सड़क के किनारे अवैध रूप से ट्रक खड़े रहते हैं। अजरौंदा, बड़खल मेट्रो स्टेशनों और अन्य कई स्थानों पर डिवाइडरों पर लगे दिशा सूचक के पाइप पर रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगी हुई हैं। अजरौंदा मेट्रो स्टेशन से पहले रोक छोटी होने के कारण वाहन चालक अक्सर रॉंग साइड पर चलते हैं। हाइवे पर अन्य कई ऐसे प्वॉइंट है, जहां बरती जा रही लापरवाही के कारण हादसे हो सकते हैं।



## टीएवीआर तकनीक से संभव हृदय रोगियों का इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**दिल** के मरीजों के लिए वॉल्व बदलना पहले एक बड़ी चुनौती होती थी, जिसके लिए सर्जरी जरूरी थी, लेकिन अब यह काम बिना सर्जरी ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) तकनीक के संभव हो गया है। यह कहना है सेक्टर-21ए स्थित एशियन अस्पताल के कॉर्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. ऋषि गुप्ता का।

उन्होंने बताया कि अभी तक गंभीर मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी करनी पड़ती थी। जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है या जो ज्यादा दुबले पतले होते हैं। खासकर ऐसे मरीज जो हृदय रोग के साथ के किडनी रोग, फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे हैं। ऐसे मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी में एनिस्थीसिया देते समय काफी खतरा रहता है। मरीज के कोमा में जाने के साथ जान जाने का खतरा भी रहता है। ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट नामक तकनीक अमेरिका, यूरोप और जापान में काफी प्रचलित है। भारत में टीएवीआर तकनीक से सर्जरी कम की जाती है। जिले में इस तकनीक का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि टीएवीआर तकनीक का इस्तेमाल कर बिना ऑपरेशन किए हाल ही में एक मरीज के हार्ट का वॉल्व बदला है। एनआईटी 3 में रहने वाली जिस महिला का इलाज इस तकनीक से किया है, उनकी उम्र 68 साल थी और वजन 108 किलोग्राम है। साथ ही उनके फेफड़ों में भी दिक्तत थी, इसलिए सर्जरी न कर हमने इस तकनीक से उनके हार्ट का वॉल्व बदला। इस तकनीक से इलाज करने के बाद मरीज को तीन दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है। अब देश में ही इन वॉल्व का निर्माण होने लगा है। इससे कीमत में भी कमी आई है।

**हृदय वॉल्व रोग क्या है :** हर इंसान के हार्ट में चार तरह के वाल्व होते हैं। जो कि ब्लड के हार्ट की ओर जाने पर खुलते और विपरीत दिशा में जाने पर बंद हो जाते हैं। वाल्व ये सुनिश्चित करते हैं कि खून उचित समय और दिशा में उचित बल के साथ पहुंच रहा है या नहीं, लेकिन जब ये वाल्व खराब हो जाते हैं तो ये संकुचित और कठोर होने की वजह से पूरी तरह खुल और बंद नहीं पाते हैं।

**बीमारी की वजह :** हृदय वाल्व रोग की समस्या जन्म से, संक्रमण, हार्ट अटैक या फिर दिल को पहुंची किसी क्षति की वजह से हो सकती है। इसका मुख्य संकेत दिल की धड़कन से असाधारण ध्वनि का होना होता है। जिसे हार्ट मर्मर कहा जाता है।

### रविंद्र फागना ने जीता छह विकेट से मैच

**फरीदाबाद।** मेवात क्रिकेट लीग 2020 मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) ने फिरोजपुर झिरका टीम को छह विकेट से हराया। पल्ला एंजिनीरिंग कॉलेज (नूंह) स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि फिरोजपुर झिरका ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 124 रन बनाए। साजिद सैफी ने 27 रन, तोफ़िक अहमद ने 21 रन और मुबारिक ने 16 रन बनाए। अंचल सिंगला, जहीर खान और अभय राजपूत ने 2-2 विकेट, नवल किशोर और करन डेढ़ा ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम ने 17.5 ओवर में 4 विकेट पर 128 रन बनाकर मैच जीत लिया। अंकित ने 48 रन, नवल किशोर ने 27 रन और मोहित चौधरी ने 23 रन बनाए। वसीम आज़ाद ने 2 विकेट, मुबारिक और सकीर ने 1-1 विकेट लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मना स्लेजहैमर परिवार के सदस्यों का जन्मदिन



**फरीदाबाद।** सेक्टर 24 स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरफ से स्लेजहैमर परिवार के सदस्यों का जन्मदिन शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया। मौके पर फरवरी माह में जन्मे सदस्यों ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में स्लेजहैमर ऑयल टूल्स के उन सदस्यों का जन्मदिन भी सेलिब्रेट किया जो किसी कारण मौजूद नहीं थे। कंपनी के डायरेक्टर अंकुर कौशिक ने स्टाफ से कहा कि स्लेजहैमर एक परिवार है। हमारी तरक्की भी साझी है और हमारे सुख-दुख भी साझे हैं। इसी टीम स्पिरिट के कारण स्लेजहैमर समूह लगातार प्रगति कर रहा है। सभी सहकर्मियों को बधाई देते हुए कार्यस्थल में गुणवत्तापूर्ण उत्पादकता और कार्मिक संबंधों में परस्पर स्नेह और माधुर्य बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने सभी सदस्यों, जिनका बर्थडे था, उन सभी को शुभकामनाएं दीं। शनिवार को एमडी प्रदीप मोहंती, टूना साहू, ए गोपालकृष्णनन, संदीप ओसवाल, सुधीर बैंसला, हरी ओम, गौरव कुमार, जयपाल का जन्मदिन मनाया गया।

### रविन्द्र फागना ने 30 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** फर्स्ट आरके 40 ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) ने एसकेजेसीए टीम को 30 रन से हराया। यह मुकाबला आरके क्रिकेट ग्राउंड (फरीदाबाद) स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि एसकेजेसीए ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्यण लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 38.2 ओवर में 10 विकेट पर 243 रन बनाए। करन डेढा ने 111 रन, पीयूष श्रीवास्तव ने 31 रन और मोहित चौधरी ने 22 रन बनाए। एसकेजेसीए की और से गेंदबाजी करते हुए रूपेश भाटी ने पांच विकेट, चिराग त्यागी और साजिद सैफी ने 2-2 विकेट और साहिल अधाना ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसकेजेसीए टीम को 38 ओवर में 213 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ध्रुव पराशर ने 59 रन, विवेक रुटेला ने 51 रन और राहुल यादव ने 29 रन बनाए। विवेक कुमार ओर करन डेढा ने दो-दो विकेट, प्रिन्स लक्ड़ा, आर्यन बैसोया, सोमांश सिंह और धीरू सिंह ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ दा मैच करन डेढा को दिया गया।

### प्रबल का हुआ हिमाचल प्रदेश अंडर-19 टीम में चयन




**फरीदाबाद।** अंडर 19 टीम में फरीदाबाद से हिमाचल स्टेट अंडर 19 टीम में प्रबल शर्मा शामिल है। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के बीसीसीआई लेवल ए कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि प्रबल शर्मा का चयन अंडर-19 के मैच में सबसे जायदा रन बनाने के चलते किया गया है। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के कोच धर्मेंद्र फागना ने टीम में चयन के लिए प्रबल शर्मा को बधाई दी है। प्रबल शर्मा राइट हैंड ओपनर बल्लेबाज हैं। लोकल क्रिकेट में भी काफी छाप छोड़ रखी है। वह धमाकेदार पारी खेलने के लिए जाने जाते हैं। प्रबल रविंद्र फागना क्रिकेट आकदमी में दो साल से कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं और ये मैच संतोष गुर, बितालपुर, अमीरपुर, ऊना में मैच खेले जाएंगे। रविंद्र फागना स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब के अध्यक्ष सतीश फागना ने प्रबल शर्मा के चयन पर प्रबल शर्मा को बधाई दी।

### भागवत कथा की महिमा व महत्व बताया



**फरीदाबाद।** कथा व्यास डॉ. संजय कृष्ण सलिल ने भागवत कथा की महिमा व महत्व के बारे बताते हुए कहा है कि श्रीमद्भागवत ग्रन्थ में सब वेदों का सार है। इसके श्रवण करने मात्र से ही सब कष्ट दूर होते जाते हैं। सेक्टर 16 ए में आयोजित की जा रही भागवत कथा छटे दिन रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। व्यास ने गाए भजन मैं बारी जाऊं सूरत पर तेरी गिरधारी जी पर महलाओं ने नृत्य करके खुशी जाहिर की। आयोजक व मुख्य यजमान संत गोपाल ने कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा के साथ-साथ 26 व 27 फरवरी को नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोग से दिव्यांग शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 100 से ज्यादा दिव्यांग भाइयों का नि:शुल्क इलाज किया गया। इन सभी दिव्यांग अंगों का सामान नि:शुल्क प्रदान किया जाए जाएगा।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म




**राम मंत्र में:- "र" + "आ" + "म" बीजमंत्रों का महत्व:-**

**1. "र":-**

'र" - यानि भगवान सूर्य - जो प्रत्यक्ष चेतन रूप में हमें हमारे अंदर से प्रकाशित करने वाले एवं हमारा पोषन करने वाले श्री विष्णु भगवान - चेतन स्वरूप!

**2."आ":-**

"आ" - यानि अग्नि - जो हमारे दुर्गुणों एवं पाप कृत्यों को भस्म करती है, व हमें पवित्र बनने में मदद करती है!

**हमारे भोजन को पचा** - हमारे पोषण में सहायक है! ये हमारे मणिपुर चक्र की ज्वाला है जो सदैव उर्ध्वगामी हो - कुंडलिनी वाहक सुषम्ना को अनाहत चक्र की ओर अग्रसित करती है!

हमें - सफ़लतम व्यक्तित्व प्रदान कर भी हमें EGO अहम भावना से मुक्त रखती है!

**3. "म":-**

"म" - यानि चन्द्र अमृत वर्षा "म" उच्चारण करते ही - चन्द्र अमृत किरणें हमें शीतलता प्रदान कर - हमे वो स्थाई शान्ति प्राप्ति कराती हैं - जो हमारे अंत:करण से फिर बाहर नहीं निकलती क्योंकि "म" उच्चारण करते ही हमारे होंठ स्वत: ही लॉक्ड हो जाते हैं!

दूसरे, चन्द्र से जल की प्राप्ति होती है व हम जानते हैं की जल ही जीवन है!

**अत: "म"** - जीवन दाई बीजमंत्र है!

**विशेष:**

"राम" मंत्र जप से - हमारे बायें ऐंवम दायें मस्तिष्क के दोनों भागों में एकरूपता हो - हमारा नर्वस सिस्टम सन्तुलित हो - हम - स्थायी शांत भाव में जीते हैं!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट:** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

पायनियर
हरियाणा, रविवार 28 फरवरी, 2021



# चिह्नित लोगों में कहीं आप तो नहीं आयुष्मान लाभार्थी

कविता। फरीदाबाद

जिले में 174418 में से फिलहाल 91097 लोग आयुष्मान भारत योजना के लाभ से वंचित हैं। ऐसे लाभार्थियों के लिए अब हर सीएससी (अटल सेवा केंद्र) पर आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त में पखवाड़े के दौरान एक से 15 मार्च तक गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। यह कार्ड पहले 30 रुपये देकर बनाए जा रहे थे। अधिकारियों की मानें तो जिले में आयुष्मान योजना के लिए कुल 174418 लोग शामिल हैं, लेकिन इनमें से अभी तक योजना के तहत 88321 ने ही कार्ड बनवाए हैं। आयुष्मान योजना के तहत अब तक जिले के 5139 लोग इलाज करा चुके हैं। सरकार ने इसके बदले निजी अस्पतालों को सात करोड़ 33 लाख रुपये का भुगतान भी किया है।

## जिले में 15 दिनों तक मुफ्त बनेंगे गोल्डन कार्ड, केंद्र पर सर्च कराएं अपना नाम

### हुआ कार्यक्रम

आयुष्मान कार्ड को लेकर सीएचसी के माध्यम से शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए फरीदाबाद सीएससी मैनेजर संदीप राणा ने बताया कि जिले में कुल एक हजार सीएससी मौजूद हैं। जिन पर योजना का लाभ मुफ्त मिलेगा। इन सभी सीएससी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### 15 दिनों तक बनवाएं

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश ने बताया कि नेशनल हेल्थ एजेंसी एवं स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा जिले में पखवाड़े के तहत 15 दिनों तक आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। एक से 15 मार्च तक चलने वाले इस पखवाड़े में लोग अपना कार्ड नि:शुल्क बनवा सकते हैं। यह कार्ड पीवीसी वाला होगा।

### 21 निजी और छह सरकारी अस्पताल

डॉ. रमेश ने बताया कि अभी तक मात्र 21 निजी अस्पताल और छह सरकारी अस्पतालों को ही इस प्रक्रिया से जोड़ा गया है। 21 निजी अस्पतालों में पार्क अस्पताल, नोबल अस्पताल, एसकेजी अस्पताल, संतोष अस्पताल, अपूर्वा नर्सिंग होम, सेंट्रल फोर साइट अस्पताल, गोयल अस्पताल, सूर्या ओर्थो एंड ट्रामा सेंटर, शांति देवी मेमोरियल हस्पताल, अर्श अस्पताल, आरके अस्पताल, हांडा मेडिकल सेंटर, अल फलाह अस्पताल, मेडिचेक हस्पीटल, केदार अस्पताल, पवन हॉस्पीटल यूनिट-1 और दो, मानवता अस्पताल प्राइवेट लिमिटेड, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, सर्वोदय अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर ए यूनिट ऑफ अंशू हॉस्पीटर्ल्स लिमिटेड, डॉक्टर टूडे आईवीएफ एंड मल्टी स्पेसलिटी अस्पताल शामिल है। वहीं सरकारी अस्पतालों में बीके सिविल अस्पताल, सब डिस्ट्रिक अस्पताल बल्लभगढ़, सेक्टर-आठ स्थित ईएसआई अस्पताल, प्रथम रेफरल यूनिट एक और दो, सीएससी खेड़ीकला, एनएच-तीन स्थित ईएसआई अस्पताल शामिल हैं।



# लॉकडाउन के बावजूद मात्र 10 महीने में पुल किया तैयार : कृष्णपाल गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़



केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के परिवहन खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन पृथला के विधायक नैनपाल रावत और विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग 19/ मथुरा रोड पर सीकरी गांव में लगभग 25 करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से तैयार ओवरब्रिज का लोकार्पण किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कथनी-करनी में कोई फर्क नहीं है। देश-प्रदेश में चहुमुखी विकास लोगों को अर्पित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलवल में एलिवेटेड ओवरब्रिज बनने के बाद में दिल्ली बॉर्डर से होडल यूपी बॉर्डर तक एक घंटे में सफर तय होगा। उन्होंने कहा कि सीकरी का ओवरब्रिज वैश्विक महामारी कोविड-19 के लॉकडाउन के बावजूद सरकार द्वारा आठ से 10 महीने में पूरा करके जनता को अर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह लगभग 25 करोड़ की लागत से छह मार्गीय बनाया गया है। इसमें स्ट्रीट लाइटिंग अन्य सौंदर्यीकरण किया गया है और आगामी दो वर्षों तक इसके रखरखाव के लिए गावड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी और ई-5 कंपनी ने संयुक्त रूप से सरकार के साथ समझौता किया है।

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जोड़ी प्रदेश में चहुंमुखी विकास करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल सप्लाई, सीवरेज सिस्टम, शहर का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइटें, आरएमसी सड़कें सहित सेक्टर व कॉलोनियों में लोगों को मूलभूत विकास की सुविधाएं दी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले छह सालों में बल्लभगढ़ और फरीदाबाद जिला का जितना विकास हुआ है उतना विकास गत 40 वर्षों के विकास से की तुलना में भारी पड़ रहा है। इस अवसर पर हरियाणा भंडार निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधायक नैनपाल रावत, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पलवल भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोकर, चरण सिंह तेवतिया, अनिल सरपंच सिकरी, गुरुदत्त सरपंच, लखन बेनीवाल, अशोक शर्मा, संजू चपराना, जोगिंदर रावत सहित गावड़ व ईफाईव कंट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सौरव लांबा और अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दुर्दशा का शिकार हैं बड़खल क्षेत्र के सरकारी स्कूल

## पांच एकड़ ज़मीन में बिना चारदीवारी के बना हुआ है स्कूल

## कंडम व जर्जर हो चुके कमरों में ही पढ़ाया जा रहा है छात्रों को

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सरकारी शिक्षा बचाओ अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को हरियाणा अभिभावक एकता मंच की टीम ने एनआईटी क्षेत्र के सरकारी स्कूल बड़खल गांव, एनआईटी 2 के साथ साथ एनआईटी 1 के सरकारी हाई स्कूल में जाकर वहां की कंडम व जर्जर हो चुकी बिल्डिंग व संसाधनों की कमी की जानकारी प्राप्त की। यह सभी स्कूल हरियाणा विधानसभा की शिक्षा व स्वास्थ्य कमेटी की चेयरमैन व बड़खल की, विधायक सीमा त्रिखा के विधानसभा क्षेत्र में आते हैं।

सरकारी हाई स्कूल एनआईटी 1 की स्थिति जानने के बाद मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने बताया है कि यह स्कूल पांच एकड़ में बना हुआ है। इस स्कूल के चारों तरफ की बाउंड्री है ही नहीं और जो थोड़ी बहुत है वह टूट चुकी है। जिसके चलते स्कूल प्रांगण में बाहरी लोगों का जमावड़ा और आवारा पशुओं का आना-जाना हमेशा बना रहता है। स्कूल के नजदीक रहने वाले लोगों व स्कूल स्टाफ ने मंच टीम को बताया का कि चारदीवारी न होने के कारण असामाजिक तत्व स्कूल समय में और उसके बाद भी अंदर आकर शराब पीते हैं, जुआ खेलते हैं। इसकी शिकायत कई बार पुलिस चौकी में भी की गई है।

मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा, सरकारी शिक्षा बचाओ अभियान टीम सदस्य एडवोकेट बीएस विरदी, मंच की महिला सेल की संयोजक पूनम भाटिया ने कहा है कि यह स्कूल बहुत पुराना है 50 साल पहले टीन की छत के बने 17 कमरे कंडम व जर्जर घोषित किए जा चुके हैं। इनके अलावा अन्य बने हुए 13 कमरे भी जर्जर हालत में हैं। उनके लेंटर की सरिया दिखाई दे रही है, छत से वर्षा का पानी टपकता है। कमरों में काफी सीलन है।

# कोरोना : सात पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46480

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिले में कोरोना के मामले लगातार समाने आ रहे हैं। जिसे देखते हुए शनिवार को 10 कंटेनमेंट जोन बनाए गए। जिसमें एनआईटी फरीदाबाद, ग्रीन फिल्ड कालोनी, सेक्टर-7, सेक्टर-16, सैनिक कॉलोनी सेक्टर-49, सेक्टर-28, सेक्टर-19, सेक्टर-8, सेक्टर-14, सेक्टर-15 को शामिल किया गया है।

सात नए मामले सामने आए। जिससे जिले का रिकवरी रेट 46480 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ सात मरीजों में सेक्टर-15, सेक्टर-14, एनएच-5 और अन्य एरिये से 1-1 मरीज, सेक्टर-21 से तीन मरीज सामने आए। वहीं 7 पॉजिटिव मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत रहा। शनिवार को जिले में 1102 सैम्पल लिए गए।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांचें | : 539650 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46480 |
| अब तक नेगेटिव | : 492068 |
| रिपोर्ट आनी है शेष | : 1102 |
| ऑक्सीजन पर है | : 1 |
| वैंटीलेटर पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 416 |
| अब तक ठीक | : 45999 |

# नाइट डोमिनेशन के दौरान हजारों वाहनों की जांच, 11 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के आदेशानुसार 26/27 फरवरी की रात्रि पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद द्वारा 10 बजे रात्री से 4 बजे प्रात: नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त महोदय ने नाइट डोमिनेशन के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि रात के समय चलने वाले सभी वाहनों की चेकिंग करें।

कोई संदिग्ध और अपराधी किस्म का व्यक्ति बचकर भागने न पाए। सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों सभी क्राइम ब्रांच एंव सभी थाना प्रबन्धक, सभी चौकी प्रभारियों ने नाका लगाकर वाहनों को व संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया और अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले बस अड्डा, रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थान चेक किए। फरीदाबाद पुलिस ने कुल 5749 छोटे-बड़े वाहन चेक किए। जिसमें 2404 टू व्हीलर, 1947 कारे व 719 लाइट व्हीकल और 679 हैवी व्हीकल चेक किए। चेकिंग के दौरान 181 हलके व भारी वाहनों के ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग में 183 वाहन चालकों के चालान किए। दस्तावेज न होने पर 12 वाहनों को जब्त किया और 10 मुकदमे दर्ज किए गए। अभियान के तहत 236 होटल रेस्टोरेंट ढाबा मेट्रो स्टेशन बस स्टैंड आदि सार्वजनिक स्थानों को चेक कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## सीटू ने मनाया किसान-मजदूर एकता दिवस

फरीदाबाद। सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद ने शनिवार को सेक्टर 12 लघु सचिवालय के पार्क में किसान-मजदूर एकता दिवस का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर ने की जबकि संचालन लाल बाबू शर्मा ने किया। यह जानकारी सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। उन्होंने बताया आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। आज के दिन ही संत रविदास का जन्म हुआ था। इस दिन को कि रविदास जयंति के रूप में बनाया जाता है। आज ही के दिन चंद्रशेखर आजाद का शहीदी दिवस भी है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा गांव अलीराजपुर में हुआ था।

# औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द होगा निदान : सुनील शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एचएसआईआईडीसी फरीदाबाद द्वारा गत सायं जिले की इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के साथ एक हुई बैठक में नई औद्योगिक पॉलिसी के संबंध में औद्योगिक जगत से जुड़े प्रतिनिधियों से बातचीत की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पंचकूला से एचएसआईआईडीसी एचओडी स्टेट एवं चीफ को-आर्डिनेटर इंडस्ट्रीज, हरियाणा सुनील शर्मा ने औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनसे इस संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श किया। औद्योगिक जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं के संबंध में उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे, सड़क-पानी-सीवरेज, जैसी मूलभूत सुविधा, बाउंड्री वाल, मेट्रो कनेक्टिविटी, बॉयज एवं गर्ल्स वर्किंग हॉस्टल, नॉन- कंफर्मिग एरिया, इंडस्ट्रीयल वेस्ट फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, इनोवेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर, बिजनेस सेंटर जैसी सुविधाओं का होना जरूरी है। इस पर एचओडी सुनील शर्मा ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि इन सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष समय रहते प्रस्तुत कर सभी समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे समाज व प्रदेश की अर्थव्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं।

इस बात की गंभीरता को ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री मनहोर लाल के कुशल मार्गदर्शन में एच एचआईआईडीसी के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक प्रतिनिधियों व इकाइयों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित औद्योगिक जगत से जुड़े प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद अपितु विश्वास है कि जल्द ही साझा प्रयासों से सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सकेगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से भी कामकाज के दौरान व्यवहार कुशलता एवं कार्य में दक्षता लाने को कहा। उन्होंने कहा औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों का आह्वान किया कि वे प्रदेश में औद्योगिक में नई इकाइयों के सुचारू संचालन के लिए यथासंभव यथाशक्ति करने का प्रयास करें ताकि युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हों और प्रदेश की आर्थिक उन्नति संभव हो सके। इस अवसर पर इस्टेट मैनेजर विकास चौधरी, पीआर अडवाइजर पुनीत अरोड़ा ने भी उपस्थित उद्योगपतियों से उनकी समस्याओं के सम्बंध में अपने विचार-विमर्श किए।

## लंबे समय से फरार चल रह तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने नाइट डोमिनेशन के दौरान तीन आरोपियों को अलग-अलग मुकदमों के तहत गिरफ्तार किया है। बीती रात फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नाइट डोमिनेशन की ड्यूटियां लगाई गई थी जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। इसी दौरान क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने विभिन्न मुकदमों के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरेंद्र, ओमेंद्र और दीपक का नाम शामिल है। आरोपी हरेंद्र को पुलिस ने चोरी की बाइक सहित काबू किया जिसका मुकदमा थाना खेड़ी पुल में दर्ज है। आरोपी हरेंद्र पुत्र बंसी फरीदाबाद के खेड़ी कला गांव का रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए बाइक चोरी करता है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दूसरा आरोपी ओमेंद्र पुत्र देवेंद्र फरीदाबाद के बदरोला गांव का रहने वाला है जिसे पुलिस ने अवैध हथियार सहित काबू किया।

# विधायक नागर के निवास पर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंचे ओमप्रकाश धनखड़ अपने लाड़ले विधायक राजेश नागर के निवास पर भी पहुंचे। जहां उनका स्वागत करने के लिए जैसे पूरा विधानसभा क्षेत्र ही उमड़ आया। इस अवसर पर धनखड़ बोले कि पिछली सरकारों में विकास के मामले में अनदेखे रहे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में जोरदार विकास हो रहे हैं और इसकी गति में आगे और वृद्धि होगी।

विधायक राजेश नागर ने अपने निवास पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का तिगांव क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों के साथ स्वागत किया। नागर ने कहा कि धनखड़ के आने से उनका हौसला और बढ़ा है। उनका आशीर्वाद हमें हमेशा से मिलता रहा है। नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का उनके विधानसभा क्षेत्र को विशेष आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। जिसके लिए वह उनके ऋणी रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, वरिष्ठ नेता किशन ठाकुर, पवन रावत, सरपंच सतबीर, बिजेंद्र नेहरा, दयानंद नागर, सुरजीत पार्षद, अजब चंदीला, हरीचंद सरपंच, पवन अग्रवाल, सीएल जैन, देवेंद्र अलघ आरडब्ल्यूए प्रेसीडेंट, दीपा सक्सेना आरडब्ल्यूए प्रेसीडेंट, गजेश अधाना, मलखान चपराना, अजय कत्याल, सन्नी सहगल, धर्मेंद्र गुप्ता आदि अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## आज बंद रहेगा वाईएमसीए पुल

फरीदाबाद। फुल लोड टेस्टिंग के कारण वाईएमसीए पुल को बंद करने का निर्णया लिया गया है। यह पुल शनिवार रात नौ बजे से बंद कर दिया गया है। यह पुल रविवार शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यातायात पुलिस और रोड सेफ्टी के सदस्यों ने पुल बंद होने पर लोगों से निवेदन किया है कि वे इस रूट पर जाने के बजाय रास्ता बदल ले। वहीं दूसरी तरफ फ्लाईओवर की लोड टेस्टिंग के कारण लोगों को हैवी जाम की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। लोगों का कहना है कि रात में पूरा फ्लाईओवर खाली रहता है और बिना किसी को परेशान किये लोड टेस्ट का काम रात में किया जा सकता है, लेकिन प्रशासन लोड टेस्टिंग के लिए दिन का ही समय चुनता है। अगर लोड टेस्टिंग रात में की जाय तो हजारों लोगों को ट्रैफिक जाम में फंसने से बचाया जा सकता है। हालांकि रविवार को अवकाश के कारण अधिक परेशानी नहीं होगी, लेकिन इसके बावजूद भी हाइवें पर जाम का सामना करना पड़ेगा।

## संत रविदास भगवान का रूप

फरीदाबाद। संत शिरोमणि गुरु रविदास के 644वें जन्मोत्सव पर जिला स्तरीय आयोजन संत रविदास मंदिर खेड़ी नजदीक खेड़ी पुल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि संत रविदास भगवान का रूप हैं। जिसने भी संत शिरोमणि रविदास के पद चिह्नों को अपनाया है उनका जीवन सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि आज समूचे प्रदेश में संत शिरोमणि गुरु रविदास का जन्मउत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि संत किसी वर्ग विशेष के लिये नहीं अपितु लोक कल्याण एवं विश्व शांति की कल्पना के साथ अपने भाव एवं भक्ति के साथ संसार में जन्म लेते हैं। मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसे अनुभवी वाक्यों के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज को संदेश देने का प्रयास किया। इसमें भक्ति एवं सौहार्द के माध्यम से अपनी अध्यात्म के साथ भौतिक जिम्मेदारियों की बखूबी निभाने की उनकी सीख आज के परिपेक्ष में भी सारगर्भित है। इसलिये हम सभी को आज के दिन संतो के दिखाए मार्ग चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपायुक्त यशपाल यादव, एसडीएम जितेंद्र, स्वामी नरेश आनंद महाराज, डॉ. एमपी सिंह, धर्मपाल सरपंच, बाबूलाल, रवि, पुनीत प्रधान ,अशोक कुमार ,बलबीर सिंह, दलीप नंबरदार, भवानी प्रसाद, त्रिखा राम ,लोकेश, प्यारेलाल तिरखा राम ,भजन लाल ,बाल कृष्ण, भगवान, दलीप नंबरदार ,दिनेश नरवाना, वार्ड पार्षद, नरेश नंबरदार, बाल किशन, सूरजभान, राम सिंह कृपाराम, महेश माहौर, विनोद भाटी सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## रविदास जयंती पर हरफली गांव में कार्यक्रम का आयोजन

फरीदाबाद। संत रविदास की 644वीं जयंती के अवसर पर गांव हरफली में स. निरंजन सिंह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपना भारत मोर्चा के संयोजक डॉ. अशोक तंवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि मोर्चा के फाउंडर मेंबर राजेन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। लोगों को सम्बोधित करते हुए डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि संत रविदास आध्यात्मिक गुरु थे, उन्होंने समाज को कुरीतियों से मुक्ति दिलवाने के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने उपस्थित लोगों से मायाजाल से बाहर निकलकर आध्यात्मिक जीवन शैली जीने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपना भारत मोर्चा देश के युवाओं को वह माध्यम प्रदान करेगा, जिससे वह अपने जीवन स्तर को सुधार सके और रोजगार की दिशा में बेहतरीन कदम उठा सके। आज पूंजीपतियों ने राजनीतिक पार्टियों को अपने कब्जे में ले लिया है। किसान तीन महीने से भी अधिक समय से धरने पर बैठे हैं, मगर भाजपा सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। तंवर ने गांव की सरदारी एवं आए हुए लोगों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। पं. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि अपना भारत मोर्चा भारत के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करेगा। कार्यक्रम में जोगेन्द्र जांगड़ा, बीएस मलिक, धर्मपाल चहल, लेखचंद, हुकम नंबरदार, रामपाल, सतबीर, दलपत, देवी सिंह, नंदराम आदि उपस्थित थे।

## मंत्री शर्मा ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

फरीदाबाद। सेक्टर 11 स्थित डीपीएस स्कूल के क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित कोरोना योद्धा क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सम्मानित किया। मौके पर जिंदगी फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय वशिष्ट, वीसपोर्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक वशिष्ठ, मिलन सृष्टि फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश वशिष्ठ, बृजलाल शर्मा, चौकी सेक्टर 11 प्रभारी प्रदीप मोर उपस्थित रहे। मौके पर मैच जिला प्रशासन, पत्रकार, मंडल अध्यक्ष की तरफ से आई टीमों के बीच खेला गया। प्रशासनिक टीम की तरफ से जिला उपायुक्त यशपाल यादव खिलाड़ियों का हौसला अफजाई के लिए क्रिकेट मैदान में पहुंचे।

## मंदिर-मस्जिद के नाम पर अवैध उगाही बर्दाश्त नहीं : मौलाना

फरीदाबाद। जमीयत उलामा फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं की अहम बैठक में चर्चा की गई कि कुछ लोग जरूरतमंदों के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं उन से सावधान रहने की जरूरत है। जमीयत उलामा फरीदाबाद के अध्यक्ष मौलाना जमालुद्दीन ने कहा जो लोग गरीब, जरूरतमंदों पर खर्च करते हैं उनका पैसा सही जगह पहुंचना चाहिए और ऐसे गलत लोगों से होशयार रहना चाहिए। फरीदाबाद जमीयत के सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कुछ लोग मस्जिद व मंदिर के नाम पर अवैध तरीके से चंदा कर रहे हैं। जिससे मस्जिद के इमाम व मंदिर के पुजारी बदनाम हो रहे हैं। उन्होंने कहा जो लोग सही मायने में खर्च करने वाले हैं वह जरूरतमंदों को देने में भी कतराने लगते हैं जो गलत है। उन्होंने कहा हम सभी लोगों से कहते हैं कि जो जरूरतमंद हैं उनकी दिल खोलकर मदद करें और कुछ गलत लोगों से सावधान रहें। उन्होंने कहा फरीदाबाद हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे का गढ़ रहा है। जिससे शहर का विकास होता है। मौके पर एक कमेटी का गठन किया गया, जो खर्च करने वाले लोगों की सहीह रहनुमाई करके जरूरतमंदों तक उनके पैसे को पहुंचाया जाए। इस अवसर पर खतीब मस्जिद ईदगाह ओल्ड फरीदाबाद के इमाम हजरत मुफ्ती मुस्तजाबुद्दीन, ऊंचा गांव जामा मस्जिद के इमाम मौलाना जमालुद्दीन, कारी हारुन रशीद नायब, हाफिज राशिद अंसारी, मौलाना इनामुल हसन, बडख़ल स्थित दिल्ली वाली मस्जिद के इमाम मौलाना अशरफ अली, मौलाना अब्दुल सत्तार रब्बानी, हाफिज सऊद अहमद, मौलाना आबिद नदवी, मौलाना मुस्तकीम अहमद असदी इमाम व मौलाना मोहम्मद जाहिद, हाफिज हसन, मोहम्मद अरशद, मौलाना सईमुद्दीन, मौलाना मुस्तकीम व खतीब आदि मौजूद रहे।

## ज्ञानेन्द्र भारद्वाज बने मार्केट के प्रधान

फरीदाबाद। संजय कॉलोनी 33 फुट रोड मार्केट का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से ज्ञानेन्द्र भारद्वाज को प्रधान, ठाकुर अनकपाल को उपप्रधान, ओमबीर तोमर को महासचिव, नीरज जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त प्रधान ज्ञानेन्द्र भारद्वाज ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया की, वह उनकी आशाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेगें। उन्होंने कहा कि उन्हें जो पद दिया है वे उसकी पूरी मर्यादा रखेंगे और सभी पदाधिकारियों की सहमति से फैसले लेंगे। उन्होंने कहा कि 33 फुट रोड मार्केट सबसे सुन्दर बने और उसमें आने वाले ग्राहकों को कोई परेशानी न हो इसके लिए वे ठोस कदम उठाएंगे। इस अवसर पर योगराज ठाकुर (राजू), पालीराम रावत, डॉ. अमितवाठक, गलराज सिंह, अशोक गौतम, गुरूप्रीत सिंह, रौनक लाला, राम अवतार अग्रवाल, राजपाल अग्रवाल, प्रेम सिंह, चरणजीत सिंह सहित कई दुकानदार मौजूद थे।

## अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव को नाइट डोमिनेशन के दौरान नाका बंदी पर आरोपी पंकज को अवैध हथियार सहित थाना सेक्टर 7 के अधिकार क्षेत्र से कमानीदार चाकू सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान पंकज निवासी अंबेडकर नगर नई दिल्ली हाल निवासी तिरखा कॉलोनी बल्लभगढ़ के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बल्लभगढ़ बस स्टैंड से किसी अनजान व्यक्ति से अपने दोस्तों में हवाबाजी करने के चक्कर में कमानीदार चाकू खरीद कर लेकर आया था। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 7 में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

Good Morning!
# गुरुग्राम पायनियर
हरियाणा, रविवार, 28 फरवरी 2021
•सोहना •ओल्ड •गुरुग्राम •पटौदी •आईएमटी-मानेसर •फर्रूखनगर •भिवाड़ी
ई-पेपर www.pioneerhindi.com


# नवाब की नगरी में महंगाई के खिलाफ गरजे कांग्रेसी

पायनियर समाचार सेवा। पटौदी


गुरुग्राम के खंड पटौदी में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**कृषि** के तीन काले कानून, महंगाई, पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दाम और बेराजगारी के खिलाफ पटौदी विधानसभा क्षेत्र के हेलीमंडी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यहां पूरे बाजार से निकलते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में भाजपा की मौजूदा सरकार हम दो हमारे दो की सरकार है।

विरोध-प्रदर्शन में पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, सुधीर चौधरी और गुरुग्राम जिला प्रभारी हरपाल सिंह बुरा मौजूद रहे। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों मिलकर अपने दो दोस्तों के फायदा के लिए देश को बेचने में लगे हुए हैं। श्री यादव ने कहा कि आए दिन पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ रहे हैं। पिछले सात साल से देश-प्रदेश में भाजपा की सरकार है। पिछले 7 साल में कोई भी ऐसा कार्य भाजपा ने किया हो जो जनहित में हो तो बताएं।

कभी नोटबंदी तो कभी जीएसटी तो कभी लॉकडाउन और अब कृषि के तीन काले कानून जैसे तुगलकी फरमान भाजपा सरकार जनता को थौंपने में लगी है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह माना है कि कृषि के तीन काले कानूनों को जनता को थौंपा गया है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया, देश में हरित क्रांति लेकर आई। किसी समय में दूसरे देश से अनाज लाया जाता था लेकिन आज के समय में हमारे देश में इतना अनाज होता है कि हम दूसरे देश से अनाज दे सकते हैं। यह सब कांग्रेस की देन है। मौजूदा भाजपा सरकार ने सात साल में ही आधे देश को बेच दिया। भारतीय रेलवे, एलआईसी, बीएसएनएल, एयरपोर्ट, बंदरगाह के अलावा लाल किला तक बेच दिया। उन्होंने कहा कि दिशा रवि को बेकसूर पाया गया है, इससे सपष्ठ होता है कि भाजपा सरकार देश के बुद्विजीवियों को परेशान करने में लगी है।

# बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश करना शिक्षक का कर्तव्य : सुधीर सिंगला

## विद्यालय के सम्मान समारोह में पहुंचे गुरुग्राम विधायक


गुरुग्राम के श्याम स्कूल में आयोजित समारोह में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते आयोजक।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश करना शिक्षकों का कर्तव्य है। इस कर्तव्य से शिक्षक कभी पीछे न हटें। उनके ऊपर देश के सर्वांगीण विकास करने को शिक्षा देने की जिम्मेदारी है। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां सेक्टर-12 स्थित श्री श्याम स्कूल की ओर से सम्मान समारोह के दौरान कही।

इस सम्मान समारोह में जहां विधायक सुधीर सिंगला ने विद्यालय व समाजसेवियों का आभार जताया, वहीं सभी को समाजहित में कार्य करते रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने को शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा के माध्यम से ही देश, समाज का विकास संभव है। जहां शिक्षकों का कर्तव्य अच्छी शिक्षा देकर बच्चों को कामयाब बनाना है, वहीं अभिभावकों को भी चाहिए कि वे इसमें अपना भरपूर सहयोग दें।

इस मौके पर भाजपा शीतला मंडल के अध्यक्ष प्रियवर्त कटारिया, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, समाजसेवी एवं भाजपा नेता अमित गोयल, भगत कटारिया, नरेश सेधा, जुगल रैना, भानू प्रकाश, श्रीश्याम स्कूल की प्रधानाध्यापक ऊषा रानी, सुरेंद्र शर्मा, डॉ. आजाद, नरेश कटारिया, अनुज मित्तल, सतीश कटारिया, शिवेष बबलू के साथ विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक, प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु रविदास महासभा ने मनाई संत रविदास जयंती



**गुरुग्राम।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा गुरुग्राम के तत्वावधान में शनिवार को गुरु रविदास का 644वां जयंती महोत्सव ओल्ड रेलवे रोड पर मनाया। अतिथियों ने संत गुरु रविदास को नमन करते हुए उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के गुरुग्राम विभाग कार्यवाह हरीश, महानगर सरसंघचालक जगदीश ग्रोवर, महानगर कार्यवाह संजीव, शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर, समाजसेवी सुभाष खरबंदा उपस्थित हुए। सभा के मुख्य सरंक्षक सुमेर सिंह तंवर, महासचिव नानकचन्द, कोषाध्यक्ष राजेश हल्द्वानी, सचिव राजेश केम, राजपाल ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी वक्ताओं ने अपने विचारों में संत गुरु रविदास के जीवन को केंद्र में रखते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण कार्य के लिए चलाये जा रहे निधि समर्पण अभियान में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एक लाख 61 हजार रुपये की राशि भेंट की गई। राशि भेंट करने वालों में मुख्य रूप से टेंट वेलफेयर एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष कमल सलूजा, श्री श्याम प्रचार मंडल के पदाधिकारी राजेश बोहरा, तरुण गुप्ता, अमित सक्सेना, रोहित बोहरा, करणी सेना के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश चौहान, राजन दत्त, गौरव कालड़ा, अनमोल भारद्वाज, कृष्ण वर्मा, अशोक सौदा शामिल हैं।

### गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाई



**सोहना।** शहर में गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को शहर के अलग-अलग स्थानों पर गुरु रविदास की जयंती मनाते हुए प्रसाद वितरित किया। शहर के वार्ड-17 में स्थित गुरुरविदास के मंदिर में शक्रवार रात से शनिवार सुबह तक भजन कीर्तन किया। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से भंडारा चलाकर प्रसाद वितरित किया। बाईपास चौक पर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेड़कर स्थल परिसर में भी गुरु रविदास की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिसमें अधिवक्ता, पार्षद, पूर्व पार्षद, समाज सेवक, राजनीति से जुड़े क्षेत्रीय नेता और युवा मौजूद रहे। यहां भी लोगों को प्रसाद वितरित किया।

### संत रविदास की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



**होडल।** पुरानी जीटी रोड स्थित अम्बेडकर भवन के प्रांगण में शनिवार को संत रविदास की 644वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के पूर्व विधायक उदयभान ने किया। अध्यक्षता युवा नेता देवेश कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में शहर व आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। रविदास की जयंती पर अम्बेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उदयभान ने कहा कि संत शिरोमणी गुरु रविदास 15वीं सदी के महान संत थे। उन्होंने उस दौर में समाज में फैली कुरीतियों दूर कर एक-भाईचारे का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महान व्यक्ति के आदर्शों पर चलकर समाजसेवा के कार्यों में बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राजेंद्र नंबरदार, हेतराम पहलवान, किशनचंद बाबू, राजेंद्र नंबरदार, बीर सिंह आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर में किया गया 83 यूनिट रक्त एकत्रित



**होडल।** संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर सरकारी असपताल के निकट स्थित निजी स्कूल प्रांगण में शनिवार को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान व नवजीवन चैरिटेबल रक्त केंद्र के मार्गदर्शन में श्री राम जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान को समर्पित आयोजित रक्तदान शिविर में 83 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में महिलाओं का विशेष योगदान रहा और 22 महिलाओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने भगवान श्रीराम और संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल गर्ग ने की। संचालन संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत व जिला संयोजक विष्णु गौड़ ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष आशारानी तायल, पूर्व चेयरमैन जगमोहन गोयल, पहला कदम फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष महेश गौड़, जिला प्रशिक्षक हरीश चंद सुनील चौहान, हसला से होडल खंड प्रधान प्रताप सौरोत आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल के द्वारा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 22 विद्यार्थियों की एक यूनिट स्थापित की। इस अवसर पर सतीश कुमार, जगबीर सौरोत, प्रवक्ता रोहताश कुमार, कमल सिंह, नरेश कुमार, अध्यापिका गीता बंगा, विजय पाहुजा, गीता शर्मा, अंजू कपूर, आशा कपूर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# हेलीमंडी में घर से लाखों के जेवरात और अन्य सामान चोरी

## किराएदारों ने मकान मालिकों को दी सूचना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हेलीमंडी** के वार्ड-5 के एक मकान से चोरों ने सेंधमारी करके लाखों के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया। किराएदार की सूचना पर जब मकान मालिक घर पहुंचे तो पता चला कि सारा सामान चोरी हो चुका है। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत देकर चोरों का पता लगाने की गुहार लगाई है। हेलीमंडी पुलिस चौकी ने शिकायत दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

हेलीमंडी की शिव कालोनी निवासी सुमनलता पत्नी राजेंद्र सिंह ने शिकायत देकर कहा है कि उनके सामने के मकान में यूपी के गांव हैदराबाद निवासी गुल्फाम पुत्र नथ्थूराम किराए पर रहते हैं। उन्होंने सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा हुआ है। इस सूचना के बाद सुमनलता अपनी पुत्रवधू नीतू पत्नी हितेश के साथ अपने घर पर पहुंची। वहां देखा कि घर की साइड के गेट, कमरों और अलमारी के ताले टूटे पड़े थे। सामान बिखरा हुआ था। जब सामान चेक किया तो पता चला कि चोरी हो गई है। घर से चोर एक तोला सोना, एक सोने का पेंडल, एक सोने की चेन एक तोले की, एक जोड़ी झूमकी सोने की, पांच-पांच ग्राम की 4 अंगूठी, 2 जोड़ी कानों के ईयरिंग 3 ग्राम के, 2 जोड़ी कानों के कुंडल 5-5 ग्राम के, 3 जोड़ी कानों की बाली 9 ग्राम की, डेढ़ ग्राम चांदी की पायजेब, 3100 रुपये के नोटों की माला, 32 इंच का एक एलईडी टीवी, एक मोबाइल चोरी हो गए। पीड़ित सुमनलता ने पुलिस में शिकायत देकर कहा है कि उनके घर से यह सब सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।


चोरी के बाद घर में पड़ा सामान।

# प्रेमिका के साथ मिलकर दिया पत्नी को जहर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पति** ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए जहरीला पदार्थ खिलाकर जान से मारने का प्रयास किया, लेकिन समय पर उपचार मिलने के चलते बच गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति व उसकी प्रेमिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान ने बताया कि न्यू कॉलोनी निवासी मीना कुमारी ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी करीब 29 वर्ष पूर्व मीरपुर कौराली निवासी सतीश कुमार के साथ हुई थी। जिसके बाद उसके दो बच्चे हैं एक लड़का व एक लड़की। पिछले करीब 6-7 वर्ष से मेरे सतीश कुमार की दोस्ती रिमा नाम की लड़की से हो गई। पीड़िता का आरोप है कि दोनों के नाजायज संबंध है, जिन्हें मैंने जब आपत्ति जनक स्थिति में देख लिया तो मेरे साथ मारपीट कर रिमा ने कहा कि कुछ बोली तो जान से मरवा दूंगी। पीड़िता का आरोप है कि 24 फरवरी को पति सतीश देर से घर पर आया तो उसने देर से आने का कारण पूछा। जिसपर उसके पति ने कहा रिमा से मिलकर आया हूं, विरोध किया तो लात-घूसों से पीटा। 25 फरवरी को सुबह मेरे पास आया और दो गोली दी बोला इन्हें खा ले तबीयत ठीक हो जाएगी। जिनके खाने के बाद बेहोशी छा गई और कुछ देर बाद नींद से जगाया और अचेत हालत में दही में जहरीला पदार्थ मिलाकर जबरदस्ती खिला दी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया तो डॉक्टर ने कहा कि आपने तो जहर खाया है। पुलिस ने सतीश व उसकी दोस्त रिमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# दहेज न लाने पर दवा खिलाकर गिराया गर्भ

**पलवल।** दहेज में फॉरचूनर गाड़ी, नगदी व जेबरात न मिलने पर बहु को परेशान करने व गलत दवा देकर गर्भपात कारने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति, सास, ससुर व जीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान ने बताया कि कौंडल गांव निवासी उतेक्षा ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी चांदहट गांव निवासी कपिल के साथ हुई, कपिल पुलिस में नौकरी करती है। शादी के बाद से आरोपी पति कपिल, सास किरन देवी व ससुर जिले सिंह दहेज से खुश नहीं थे। दहेज में फॉरचूनर गाड़ी, 11 लाख नगद व जेबरातों की मांग की गई। पीड़िता का कहना है कि पति ने कहा कि उसे बच्चा नहीं चाहिए इसे गिरा दो, तो उसने मना कर दिया। इसी दौरान उसका पति कुछ गोली लेकर आया और कहा कि उसके जीजा धर्मेंद्र ने दी है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**पलवल।** पलवल-मोहना मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ड्यूटी से बाइक सवार होकर घर से ड्यूटी जा रहे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी जमशेद अली ने बताया कि मोहन नगर निवासी उमेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई लखन सिंह प्रतिदिन की तरह 25 फरवरी को बाइक पर सवार होकर जनौली गांव के निकट स्थित एक कंपनी में ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह पलवल-मोहना मार्ग पर नयागांव के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने लखन की बाइक को टक्कर मार दी। आनन-फानन में उपचार के लिए लखन को सिविल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पीड़ित के भाई लखन को मृत घोषित कर दिया।

# बच्चों ने भी मंदिर निर्माण को चलाया निधि समर्पण अभियान

## दयानंद कॉलोनी में बच्चों में दान देने को लगी होड़


गुरुग्राम की दयानंद कॉलोनी में निधि समर्पण अभियान के अंतिम दिन दान देते बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अयोध्या** में भगवान श्रीराम का मंदिर बनाने को निधि समर्पण अभियान के अंतिम दिन बच्चों में भी उत्साह नजर आया। बच्चों ने स्वयं भी निधि समर्पित की और घर-घर जाकर दान एकत्रित किया। दयानंद कालोनी में चलाए गए अभियान में बच्चों में दान और भक्ति की भावना नजर आई। अभियान की शुरुआत अभियान प्रमुख अमरजीत कटारिया ने झंडी दिखाकर की।

शनिवार को निधि समर्पण अभियान के अंतिम दिन दयानंद कालोनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्यों व बाल स्वयंसेवकों ने भी राम मंदिर के लिए समर्पण निधि अभियान चलाकर लोगों से संपर्क किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेविका समिति की स्वयंसेविका गरिमा सैनी, सलोनी सैनी, विकास भारद्वाज, यशपाल, पंडित संजय शर्मा, महेश डाबरा, ट्यूलिप आदि ने सहयोग किया। बच्चों में दान और भक्ति की भावना ने क्षेत्र में हर किसी को प्रेरित किया। अमरजीत कटारिया ने कहा कि इसी तरह के संस्कार हम सबको अपने बच्चों को देने चाहिए। दान की भावना सब में होनी चाहिए। क्योंकि दान बहुत बड़ा पुण्य है। भाजपा आईटी सैल के प्रदेश सह-संयोजक अरविंद सैनी ने कहा कि दान के रूप में यह जरूरी नहीं कि हर बार निधि ही दी जाए।

जीवन बचाने को रक्तदान, शिक्षा देने को पुस्तक दान, पेट भरने को अनाज दान भी दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब वह समय निकट है, जब अयोध्या में श्रीराम जी का मंदिर इस समर्पण निधि से बनकर तैयार होगा। हम सबको उस पर गर्व भी होगा, क्योंकि उससे हमारी भी धार्मिक भावनाएं जुड़ी होंगी।

# राममंदिर के लिए समर्पण निधी एकत्रित की


गांव अभयपुर की ग्राम सेवा समिति के सदस्य।

**सोहना।** अभयपुर में ग्राम सुधार समिति के युवाओं ने श्री राम मंदिर समर्पण निधी अभियान चलाया। जिसमें समस्त ग्रामवासियों ने अपनी इच्छा अनुसार योगदान दिया।

ग्राम सुधार समिति के अध्यक्ष महेश खटाना ने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण में सहयोग करने के लिए समिति को मौका मिला। उपाध्यक्ष गजेन्द्र ने कहा नेक कार्य करने में बिना किसी भेदभाव के समस्त अभयपुर गांव के निवासियों ने अपना योगदान देते हुए चंदा देने में सहयोग किया। राहुल ने राम मंदिर में सहयोग के लिए अपनी निजी कोष से राशि दान की। मंदिर के लिए चंदा इकट्ठा करने के लिए गांव में अभियान चलाया। प्रधान महेश खटाना ने बताया कि गांव में मंदिर के लिए मिली समर्पण निधी अयोध्या तक पहुंचाने के लिए मण्डल के प्रमुख विजय को सौंप दी गई है। सामाजिक कार्यों में हमेशा की तरह गांव व समाज के आशीर्वाद से ग्राम सुधार समिति ने अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया।

# प्रो-पंजा लीग के दूसरे संस्करण में दिखी जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा

## विश्व सुंदरियों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता में लगाए चार चांद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**वक्त** बदलते देर नहीं लगती। कभी समोसे की शर्त पर वक्त बिताने के लिए होने वाला खेल आज प्रो-पंजा लीग के दूसरे संस्करण के साथ एक प्रतिस्पर्धी खेल बन गया है। पिछले हफ्ते मुंबई में प्रो-पंजा लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक आर्म रेसलर को देखने का मौका मिला। अभिनेत्री प्रीति झंगियानी और प्रवीण डबास ने पिछले साल इस अनूठी प्रतिस्पर्धा की शुरुआत की थी।

29 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू और मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने इसका उद्घाटन किया था। इसमें 15 राज्यों के 350 आर्म रेसलर ने हिस्सा लिया था। कोलोबा के रेडियो क्लब पियर में आयोजित इस साल की प्रतियोगिता में मिस इंडिया वर्ल्ड मानसा वाराणसी, मिस ग्रांड इंडिया मनिका श्योकंद और मिस इंडिया रनरअप मान्या सिंह की उपस्थिति खास आकर्षण रही। विश्व सुंदरियों ने स्पेशल सेशन के तौर पर प्रीति झंगियानी से पंजा भी लड़ाया।

इस साल मेगा चैंपियन बेल्ट और भारत के नंवर एक रेसलर का खिताब सुनील कुमार के नाम रहा। उन्होंने 2020 के प्रो-पंजा लीग के रैंकिंग टूर्नामेंट के गोल्ड मेडलिस्ट दिलशाद को हराकर खिताब अपने नाम किया। हरियाणा के कारज सिंह ने मध्य प्रदेश के सचिन गोयल को हराकर 80 किलोग्राम श्रेणी में चैंपियन बेल्ट हासिल किया। स्पेशियली एबल्ड चैंपियन बेल्ट के लिए मध्य प्रदेश के मनीष कुमार और पंजाब के बूटा सिंह के मैच ने भी लोगों को आकर्षित किया। मनीष कुमार विजयी रहे और उन्हें वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया 2020 की रनरअप मान्या सिंह ने पुरस्कृत किया। पुरुषों में 90 किलोग्राम वर्ग में केरल के समीर वीटी ने पंजाब के हरमन मान पर जीत हासिल की। 100 किलोग्राम से ज्यादा के वर्ग में विजेता केरल के ही मुहम्मद हाशिम रहे। उन्होंने हरियाणा के अतर सिंह को हराया। महिला प्रतिस्पर्धियों में 65 किलोग्राम से कम के वर्ग में दिल्ली की करिश्मा कपूर को हराकर पंजाब की परमप्रीत कौर ने जीतीं।

# एक आवाज संस्था का 11 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह


गुरुग्राम में सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक करते एक आवाज संस्था के सदस्य।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण रक्षा में निरंतर कार्यरत संस्था द्वारा पहली बार सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए संस्था के सदस्यों एवं समाजसेवियों ने श्रीदुर्गा रामलीला मैदान जैकबपुरा स्थित कार्यालय में बैठक करके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

आगामी 11 मार्च को होने वाले इस समारोह के लिए 11 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया था, जो कि पूर्ण हो चुका है। सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों के मद्देनजर एक आवाज संस्था के प्रमुख सदस्यों की विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में सभी को जिम्मेदारियों पर भी मंथन किया। संस्था के अध्यक्ष राज सैनी बिरसवाल व संरक्षक रविंद्र प्रसाद गुप्ता के अनुसार यह समारोह 11 मार्च को स्वर्गीय सीताराम सिंगला चौक (मोर चौक) के पास स्थित कंपनी बाग में किया जाएगा। सुबह 10 बजे से विवाह समारोह शुरू होगा। समारोह की विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्मों के जोड़ों को विवाह के लिए आमंत्रित किया था। बैठक में संस्था के संरक्षक बनवारी लाल सैनी, आरपी गुप्ता, सुमेर तवर व संस्था के चेयरमैन विकास गुप्ता सह-चेयरमैन अमित गोयल आदि मौजूद रहे

# कन्याकुमारी से हरिद्वार तक के लिए शुरू हुई कुम्भ संदेश यात्रा



**कन्याकुमारी (तमिलनाडु)।** कुंभ मेले के महत्व के बारे में संदेश देने के उद्देश्य से कुंभ संदेश यात्रा शनिवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में विवेकानंद केंद्र में शुरू हुई। यात्रा का शुभारम्भ कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद आश्रम के स्वामी चैतन्यानंद महाराज और तमिलनाडु के भाजपा राष्ट्रीय सह-प्रभारी पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने कई प्रसिद्ध व्यक्तित्वों की उपस्थिति में किया। समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। 25 दिनों की यह यात्रा ग्रामोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी (GCOT) द्वारा आयोजित की गई है और हरिद्वार में समापन से पहले यह पहले 5000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

भाजपा नेता पोंगुलेटि सुधाकर रेड्डी ने यात्रा की सफलता की कामना करते हुए कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इस यात्रा, जो हमारी सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए की जा रही है, को सफल बनाने के लिए सहायता प्रदान करेंगे और साथ ही इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान में भी लाने का प्रयत्न करेंगे। हरिद्वार स्थित दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष आशीष गौतम ने कहा, कन्याकुमारी से शुरू हुई, यह रथ यात्रा उन सभी चार स्थानों जहां कुंभ मेला होता है - नासिक, उज्जैन, प्रयागराज और दिल्ली पहुंचने के बाद में हरिद्वार पर जाएगी। अरिगे रामास्वामी स्मारक सेवा के अध्यक्ष अरिगे मधु सुधान ने मिशन 5151 और कुंभ सन्देश यात्रा के लिए 10 लाख रुपये दान की घोषणा की।

अपने मार्ग में कुंभ सन्देश यात्रा देश के आठ ज्योतिर्लिंगों क्षेत्रों को कवर करेगी। प्रारंभिक यात्रा के अलावा, लगभग 7000 किमी की कुल दूरी इस यात्रा के दौरान तय की जाएगी, मिशन 5151 टीम के आयोजकों ने कहा। दिल्ली वसंत, जो आयोजन सचिव और जीसीओटी के संस्थापक थे, ने कहा कि यात्रा उन चार प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों को स्पर्श करेगी जहाँ कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

# फसल कटाई के दौरान भी नहीं रुकेगा किसान आंदोलन

## सुनहेड़ा बॉर्डर पर 47वें दिन भी जारी रहा किसान आंदोलन

रिजवान कासिम। मेवात


सुनहेड़ा बॉर्डर पर नारेबाजी करते किसान।

**हरियाणा**-राजस्थान सुनहेड़ा बॉर्डर पर मेवाती किसान मोर्चा का शनिवार को 47वें दिन भी जारी रहा किसान आंदोलन। सुनहेड़ा बॉर्डर पर सैकड़ों की तादात में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग इस आंदोलन में हिस्सा ले रहे हैं। बताते कि पिछले तीन महीने से देश का किसान कृषि विरोधी तीन कानूनों को रद्द कराने के लिए आंदोलन कर रहा है और देश भर में पक्के मोर्चे लगाकर कुर्बानी दे रहा है।

सभा का संचालन मौलाना अज़हर ने सामूहिक रूप से किया और वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि अब किसानों ठान लिया है कि कानून वापसी नहीं तो घर वापसी नहीं, ये आंदोलन पंजाब से शुरू हुआ था, लेकिन अब इसका हरियाणा, उत्तर प्रदेश राजस्थान में बहुत विस्तार हो चुका है और सरकार चाहे कितना भी आंदोलन को बदनाम कर ले किसान जीतकर ही घर वापस जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि अब कुछ ही दिनों में फसल की कटाई शुरू होने वाली है। ऐसे में किसान अब फसल की कटाई में व्यस्त हो जाएगा, लेकिन किसानों का प्रदर्शन बदस्तूर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के दौरान किसान आंदोलन की ताकत कम नहीं होगी बल्कि इससे भी ज्यादा बढ़ेगी। किसानों ने कहा कि अब आम आदमी तीन कृषि कानूनों के बारे में और भाजपा सरकार के बारे में जान चुका है। यह धरना तब तक जारी रहेगा जब तक कृषि कानून रद्द नहीं हो जाते, तीन कृषि कानून को लेकर किसानों के शीर्ष नेता सरकार से बात करने को तैयार हैं, लेकिन सरकार अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। अभी तक 300 किसानों ने शहादत दे दी है, लेकिन अभी सरकार संवेदना का एक शब्द तक नहीं बोल पाई है। किसान नेताओं ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी 15 मार्च को फिरोजपुर झिरका में होने जा रही महापंचायत में भारी तादाद में भीड़ जुड़ सकती है। सभी बड़े नेताओं को दावत दी जा रही है, 15 मार्च को होने वाली महापंचायत के लिए किसान रणनीति पर जोर दे रहे हैं, ताकि महापंचायत देशभर में एक इतिहास रच सके।

# चोरी के मोबाइल बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्य दबोचे

सैनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को आगोन गांव में चोरी के मोबाइल बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचने के लिए छापामारा। दिल्ली पुलिस की कई गाड़ियां देखकर गांव में हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस ने चोरी के मोबाइल बेचने वाले गिरोह के सदस्यों के घरों और दुकानों को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस ने दुकानों में रखे मोबाइल व अन्य समान सहित गिरोह के तीन सदस्यों को दबोच कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि पकड़े गए दुकानदार पिछले कई सालों से चोरी के मोबाइल बेच कर मोटी रकम कमा रहे थे।

दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम ने दो दिन पूर्व गिरोह के मास्टरमाइंड हन्ना पुत्र लियाकत दूधिया निवासी अगोन को दबोचा था। पुलिस की पूछताछ में मन्ना ने बताया था कि वह पिछले पांच सालों से चोरी के मोबाइल बेचने का काम अगोन सहित आसपास के गांवों में कर रहा है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके अलावा गिरोह में कई सदस्य शामिल है। जिनका नेटवर्क कई शहरों में फैला हुआ है। वैसे तो चोरी के मोबाइल बेचने का काम अगोन में ही नहीं बल्कि महू चोपड़ा, पुन्हाना में जमालगढ़ रोड के अलावा प्रमुख रूप से बड़े पैमाने पर पिंगवा में पुराने थाने के साथ मन्दिर की दुकानों में कई दुकानों पर किये जाने की सूचना है। दुकानदार महंगे चोरी के फोनों को नई कम्पनी के पेकिंग में कर यहां के भोले-भाले लोगों को कीमत से आधी कीमत में बेच कर मोटी रकम कमा रहे हैं। दिल्ली पुलिस की टीम दुकान व घरों में रखे लेपटॉप, मोबाइल व चार्जर और कागजी रिकार्ड को साथ ले गई है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार रोबिन निवासी अगोन व अन्य को पूछताछ के लिए तीन युवकों को अगोन से दिल्ली लाया गया है। पुलिस ने बताया कि मेवात में चोरी के मोबाइल बेचने के गिरोह का नेटवर्क बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। अगोन के तीन लोगों से पूछताछ के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों के अलावा जिन लोगों ने सस्ते में महंगे मोबाइल खरीदे है उनसे भी पूछताछ की जाएगी। फिरोजपुर झिरका थाना प्रभारी रमेश कुमार ने कहा कि दिल्ली पुलिस काइम ब्रांच की टीम अगोन में रेड कर चोरी के मोबाइल बेचने वालों गिरोह के सदस्यों को पकड़ कर साथ ले गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर निर्माण के लिए प्रतिज्ञा दुबे ने दी अपनी गुल्लक



**पुन्हाना।** जैसे-जैसे रामलला के मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि अभियान आगे बढ़ रहा है। उस में सहयोग करने वाले वालों का उत्साह और समर्पण भी लगातार बढ़ता जा रहा है। अभियान में न केवल परिवार के मुखिया बल्कि बच्चे भी बढ़-चढ़कर निधि समर्पित कर रहे हैं। जिले के सभी खंडों में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए जोर-शोर से निधि समर्पण अभियान चल रहा है। अभियान के तहत जिले भर में राम भक्त की टोलियां अपने दायित्व पूरा करने में जुटी हुई हैं। गांव नगीना में इस दौरान समर्पण के लिए गई राम भक्तों की टोली के सामने उस समय दिलचस्प वाक्य सामने आया। जब परिवार के बच्चों ने अपने बचत राशि के रूप में एक गुल्लक बनाई हुई थी। जैसे ही निधि अभियान की टोली उनके घर पर पहुंची तो प्रतिज्ञा दुबे, पावनी दुबे, काव्या दुबे और शिवा दुबे ने घर से अपनी-अपनी गुल्लक फोड़ कर, उसमें सब मिला कर कुल 2190 रुपये निकले। बच्चों ने उस राशि को राम मंदिर निर्माण के लिए टोली को समर्पित कर दिया। टोली के सदस्य राजीव गांधी, हरीओम सैनी, रमेश पिनगवां आदि ने बताया कि टोली नगीना गांव के प्रत्येक घर से संपर्क किया और इस दौरान लोगों में निधि समर्पण के लिए जोरदार उत्साह देखने को मिला। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी वर्गों के लोगों को इस तरह के कार्यों में सहयोग करने के लिए आगे आना चाहिए।

### गुरु रविदास पूरे समाज के पथ प्रदर्शक : संजय सिंह



**नूंह।** संत शिरोमणि गुरू रविदास की 644वीं जयंती के अवसर पर संत शिरोमणि गुरू रविदास मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा मुख्यातिथि व सोहना के विधायक कंवर संजय सिंह ने वरिष्ठ अतिथि के तौर शिरकत की। संत रविदास मंदिर में मथा टेका और आरती में भाग लिया। उपायुक्त और सोहना विधायक ने संत शिरोमणि गुरु रविदास प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों के नाम अपने सम्बोधन में कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास ने अपने समय काल में मानवता को अध्यात्मिक संदेश देने के साथ-साथ कर्म करने के लिए भी प्रेरित किया। सोहना व तावड़ू के विधायक कंवर संजय ने कहा कि संत किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि पूरे समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जाकिर हुसैन, पूर्व गो-सेवा आयोग के चेयरमैन भानीराम मंगला, नगराधीश जयप्रकाश, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, जजपा जिलाध्यक्ष तैय्यब हुसैन घासेडिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशवाल, जाहिद चेयरमैन, जिला मिडिया प्रभारी मनीष जैन, योगेश तंवर, प्राध्यापक असरफ हुसैन, एडवोकेट लाजपतराज आदि शिक्षक गण और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन एक मार्च तक किया जाएगा

**नूंह।** जिला नूंह के जिन किसानों ने सबैम स्कीम के अन्तर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान लेने के लिए विभागिय वेबसाईट एग्रीहरियाणासीआरएम पर 31 जनवरी व 18 फरवरी तक आवेदन किए थे, या जो किसान कृषि यंत्र खरीदने उपरान्त अपने दस्तावेज जैसे कि कृषि यंत्र का बिल, ई-वे बिल, कृषि यन्त्र की फोटो किसान के पते सहित व स्वयंघोषणा पत्र अपलोड करा चुके हैं, उन सभी किसानों के कृषि यन्त्रों का भौतिक सत्यापन उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी 28 फरवरी और एक मार्च तक ब्लॉक स्तर पर करेगी। कृषि विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक डॉ. अजय तौमर ने कहा कि जिन किसानों ने विभागीय पोर्टल पर अपने दस्तावेज जमा करवा दिये हैं वे सभी किसान इन दस्तावेजों के साथ-साथ अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, पटवारी की रिपोर्ट, आधार कार्ड की प्रति, पैन कार्ड, ऑनलाइन आवेदन की रसीद की एक-एक फोटो प्रति अपने साथ लेकर आवें।

### परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**नूंह।** जिला मजिस्ट्रेट धीरेन्द्र खड़गटा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रथम व द्वितीय वर्ष के लिए आयोजित की जाने वाली डीएलएड (रिअपीयर) परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए निषेधाज्ञा लागू की है। अपराध प्रक्रिया की धारा 144 के तहत जारी किए गए आदेशों में जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि रिअपीयर की यह परीक्षाएं दो से 15 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में 5 या इससे अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा।

# फरार आरोपी को पुन्हाना पुलिस ने किया गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**पुन्हाना।** पुन्हाना सिटी चौकी पुलिस ने वर्ष 2017 से फरार चल रहे अमानत में खयानत डालने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2017 में टायरों से भरे एक ट्रक को चोरी कर लिया था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।

सिटी चौकी प्रभारी हरदेव सिंह ने बताया कि आरोपी सहरून पुत्र हनीफ निवासी गोपालगढ़ वर्ष 2017 में एक गाड़ी का ड्राइवर था। जिसमें वह टायरों को भरकर ले जा रहा था। परंतु ट्रक ड्राइवर सहरून ने साजिश रचते हुए टायरों से भरे ट्रक को चोरी कर लिया और अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस जांच में ड्राइवर ही वारदात का मास्टरमाइंड निकला। चौकी प्रभारी हरदेव सिंह ने बताया कि घटना के बाद से फरार चल रहे ड्राइवर सहरून को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

# विपक्ष झूठ फैलाकर किसानों को कर रहा गुमराह

दीपक कुमार। नूंह


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नायब सिंह सैनी।

**शनिवार** को कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद नायब सिंह सैनी ने भाजपा जिला कार्यालय नूंह में कृषि कानूनों पर समस्त कार्यकर्ताओं के साथ तथ्य सत्य को लेकर चर्चा की।

नायब सिंह सैनी ने कार्यकताओं से रूबरू होते हुए बताया कि कानून किसी भी किसान पर जबरजस्ती लागू नहीं है। कोई इनका फायदा नहीं लेना चाहता तो न ले, उसकी तरफ से कानून रद्द है। उन्होंने बताया कि किसान को बाजार भी चाहिए और सरकार भी, बासमती धान के कई बार बाजार में अच्छे दाम मिलते हैं, लेकिन जब कम मिलते हैं तो सरकार एमएसपी पर खरीद लेती है। बाजार को खोलना किसानों को एक अतिरिक्त मौका देता है। नए कानूनों से खुलने वाले बाजार के रास्ते को बंद नहीं करना चाहिए, किसान भाइयों को जो कुछ कठनाई मान रहे हैं, उनमें सुधार की बात सरकार स्वीकार कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि एमएसपी जारी था और जारी रहेगा। देश के लोगों को भोजन के अधिकार का कानूनी हक दिया गया है देश में गरीबों के राशन डिपो चालू रहेगी, खाद सुरक्षा अधिनियम 2013 अर्थात सबके लिए भोजन की गारंटी में भी यह बात देता है और यह भी गारंटी है कि सरकार एमएसपी पर ही किसानों से अनाज खरीदेगी। उन्होंने कहा कि काले चोरों ने भी कभी किसानों को एक पैसा डायरेक्ट उनके खाते में नहीं दिया, भाजपा सरकार ने किसानों के खाते में छह हजार यानी दो दो हजार की तीन किस्तों में तीन लाख किसानों के खातों में सीधे देने शुरू किए हैं। यह 54 हजार करोड़ रुपये सालाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने शुरू किया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, भानी राम मंगला, चौधरी जाकिर हुसैन, चौधरी जाहिद हुसैन, ताहिरा अजमत, सुरेंद्र देशवाल, दलबीर सरपंच, शिव कुमार आर्य, रमेश मानुवास, मनीष जैन, कमल गोयल, सुमित अदलखा, रहीश खान, अंजू बाला, केशव पंडित, कमल सैनी, सुभाष भारद्वाज, एजाज हुसैन, अख्तर हुसैन, ज्ञानचंद आर्य, योगेश तंवर, राजकुमार गर्ग, डॉ सुरेश बघेल, खिलोनी राम, मनीष यादव, पंकज माहेश्वरी, कुलदीप चौहान, मुकेश कुमार, जयपाल जांगड़ा, रफीक, लियाकत और कासिम बिलाल आदि शामिल रहे।

# ट्रक और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत, एक घायल

ललित गर्ग। पुन्हाना


स्वास्थ्य केन्द्र में लोगों की भीड़ और पुलिस।

**पुन्हाना** होडल मार्ग पर घीड़ा मोड़ के सामने ट्रक और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुन्हाना सिटी चौकी पुलिस और बिछोर पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की।

शनिवार दोपहर दो बजे के करीब नई गांव निवासी शाद अपने मौसेरे भाई उमैर पुत्र खुर्शीद निवासी खोरी धौज फरीदाबाद को खोरी जाने के लिये बाइक से बस स्टैंड पर छोड़ने जा रहा था की, तभी पुन्हाना की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक को सीधे टक्कर मार दी। उमैर निवासी खोरी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शाद व शाहरुख गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने दोनों घायलों को पुन्हाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने शाद और शाहरुख को मांडीखेड़ा के अल-आफिया अस्पताल रैफर कर दिया। मांडीखेडा जाते समय रास्ते में शाद ने दम दे दिया। शाहरुख की हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। मृतक उमैर पुन्हाना में ही ट्रक मार्केट के पास जंगला चौखट का काम करता है जो नई गांव में पिछले करीब दो ढाई साल से रह रहा था। बिछोर पुलिस व पुन्हाना सिटी चौकी पुलिस मौके पर पंहुची और कार्रवाई में जुट गई।


## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार किया



**पुन्हाना।** सिटी चौकी पुन्हाना पुलिस ने वर्ष 2019 से फरार चल रहे दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया। सिटी चौकी प्रभारी हरदेव सिंह ने बताया कि समसार निवासी पुन्हाना वर्ष 2019 से नाबालिग से दुष्कर्म सहित अन्य आरोपों में फरार चल रहा था। जिसकी उन्हें काफी दिनों से तलाश थी। सिटी चौकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर समसार पुत्र शमसुद्दीन को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

# पुलिस टीम ने गोतश्करों से छुड़ाए 10 गोधन

सैनायत खां। फिरोजपुर झिरका


झिरका पुलिस द्वारा पकड़े गये गोधन।

**फिरोजपुर** झिरका अपराध शाखा की टीम ने शनिवार दिन के दस बजे खेड़ा मोड़ कटी घाटी से गोतश्करों से गोधन का भरा हुआ कैंटर पकड़ा है। पुलिस ने फरार दो गोतश्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गोधन को स्थानीय गोशाला भेज दिया।

अपराध शाखा पुलिस टीम के प्रभारी कंवरपाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने खेड़ा गांव से कटी घाटी सड़क पर रेकी की। लगभग 15 मिनट बाद पथराली की ओर से कैंटर आता दिखा। पुलिस टीम देखकर गोतश्कर कैंटर दूर खड़ा कर भागने में सफल रहे। पुलिस ने कैंटर से चार गाय, एक बछड़ा, पांच सांड मुक्त कराए। मुखबिर द्वारा बताए गए रहीश पुत्र जमील निवासी दोण्डल थाना पुन्हाना, ईदी उर्फ बेहरा उर्फ इदरीश पुत्र हंशा निवासी फतेहपुर थाना पहाड़ी के खिलाफ हरियाणा गो संवर्धन अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गोधन को स्थानीय गोशाला में भिजाया है।


## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Ankur S/o Sh. Devender Kumar Ahuja R/o H.No. A42, Dabua Colony, Faridabad HR have changed my name Ashish.

I, Correia Joanna Philip W/o Rajesh Francis R/o 578, Sector-21D, Faridabad HR have changed my name to Joanna Francis.

I, Naresh S/o Sh. Bhagwan Singh R/o 25, Block-2, Vill Piala, Ballabgarh Faridabad have changed my name to Naresh Kumar.

I, Monika W/o Naresh Kumar R/o 25, Block-2, Vill Piala, Ballabgarh Faridabad have changed my name to Monika Naresh Kumar.

◆ खोया-पाया ◆

I, Saksham Hadda D/o Sh. Mahipal Singh R/o H.no.569, Sector-12, Sonipat my 10th Class CBSE Marksheet Roll no.217954 and 12th Class Marksheet Roll no. 2671723 and 12th Class passing certificate has been lost anywhere.

बेदखली सूचना

मैं, मधुमती पन्नी स्व. श्री विनोद कुमार निवासी मकान न. 2228 बी-ब्लॉक, एस.जी.एम. नगर फरीदाबाद हरियाणा ने अपने पुत्र साहिल चौधरी व पुत्रवधु पूनम को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करती हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।

LOST & FOUND

I, Kailash Singh Bisht S/o Sh. Khushal Singh Bisht R/o H.No. 724, Parvatia Colony, NIT Faridabad. (Haryana), have lost my Bag on dt. 10-02-2021 in Market No.1, Faridabad containing 1-Original Registry in favour of Khushal Singh Bisht, Document No. 7862 dt. 22-8-1984 Sub Registrar Ballabgarh. 2-Original Registry in favour of Ginda Devi, Document No. 752 dt. 15-5-2000 Sub Registrar Ballabgarh. If any one found/seen, please contact us at Mob 9818123430.



## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103


## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

न चाहा वंशजों ने जिसके कुछ भी बाद दुनिया से
मिटा सकता नहीं कोई भी जिसकी याद दुनिया से
बिना जिसके अमर बलिदान की गाथा अधूरी है
जिया आज़ाद दुनिया में गया आज़ाद दुनिया से

# आखिरी दिन टोलियों ने निधि समर्पण अभियान के लिए लगाई पूरी शक्ति

## नूंह नगर में टोलियों ने पूरा किया सम्पर्क

दीपक कुमार। नूंह


अभियान के दौरान घनश्याम दास से समर्पण लेते टोली के सदस्य।

**जिले** में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के लिए निधि समर्पण का अभियान शनिवार के दिन पूरे जोरों से चला। निधि समर्पण के लिए जिले में बांटी गई सभी टोलियों ने शनिवार तक लगभग अपना कार्य पूरा कर लिया। हालांकि अभियान को 27 फरवरी तक ही चलाया जाना था, लेकिन 28 फरवरी को रविवार होने के कारण अभियान का दिन एक दिन और बढ़ा दिया है।

नूंह शहर में अभियान में जुटे टोली के सदस्यों ने निधि समर्पण के तहत घर-घर तक पहुंचने का कार्य पूरा कर लिया। शहर में टोली के सदस्यों ने लगभग 1800 परिवारों तक पहुंच कर श्री राम मंदिर के लिए निधि जुटाई। नूंह नगर में अभियान के प्रमुख रहे राजेश शर्मा और नगर पालक के रूप में कार्य कर रहे रवि प्रकाश ने बताया कि निधि समर्पण अभियान की शुरुआत एक फरवरी से की गई थी। शनिवार को अभियान का आखिरी दिन था। हालांकि बाद में अभियान के लिए रविवार के दिन को भी जोड़ लिया था। कार्यकर्ताओं द्वारा 27 फरवरी को अभियान का अंतिम दिन मानते हुए ही कार्य किया है। इस पूरे कार्यकाल के दौरान नगर में 21 टोलियां इस कार्य में जुटीं।

पूरे नगर को 21 भागों में विभाजित किया था। एक टोली के जिम्मे करीब 80 से 85 परिवारों को दिया था। सभी टोली होने पूरी मेहनत के साथ निर्धारित समय में अपने कार्य को पूरा कर लिया।

### लोगों ने बुलाया

**निधि** समर्पण अभियान के दौरान ऐसे अवसर भी आए, जब टोली के कार्यकर्ताओं को खुद लोगों ने अपनी राशि देने के लिए घर बुलाया। टोली सदस्य योगेश कुमार ने बताया की निधि समर्पण संपर्क के दौरान गलती से एक परिवार तक वह नहीं पहुंच पाए थे। अभियान के आखिरी दिन शनिवार को उस परिवार के मुखिया घनश्याम दास का स्वयं उनके पास फोन आया और उन्होंने कहा कि उनके पास अभी तक राशि लेने के लिए कोई नहीं आया है। वे श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के लिए अपना सहयोग व समर्पण देने के लिए तैयार बैठे हैं, लेकिन उन तक अभी कोई नहीं पहुंचा है। जिस पर टोली ने तुरंत उनसे संपर्क किया तथा 51 सौ रुपये समर्पण राशि के रूप में उनसे प्राप्त किए। ऐसे ही अन्य स्थानों पर टोली के सदस्य समय चंद अमरनाथ राकेश शर्मा राधेश्याम शर्मा रतन सिंह नंदलाल गौरव नरेंद्र शर्मा तथा अन्य ने अभियान में योगदान दिया।


मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।


सीएमवाईके प्रिंटिंग लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं।

# क्या चिंता का विषय है वैश्विक ऋणग्रस्तता?

*जब तक प्राथमिक बजट घाटा बहुत बड़ा नहीं है, तब तक मुख्य समस्या सार्वजनिक ऋण को स्थिर करना है, जो अर्थव्यवस्था के आकार से स्वतंत्र हो ताकि यह नियंत्रण से परे न हो सके।*

**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक लेखा नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय से संबद्ध रहे हैं)






पिछले दशक ने पिछले 50 वर्षों में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ऋण में सबसे तेज वृद्धि देखी। आईएमएफ ने अनुमान लगाया कि 2020 के अंत में वैश्विक सार्वजनिक ऋण जीडीपी के 98 प्रतिशत को छू जाएगा, और भारत का सकल सरकारी ऋण सकल घरेलू उत्पाद का 90 प्रतिशत होगा। आईएमएफ के राजकोषीय मॉनिटर के अनुसार, अधिकांश ओईसीडी देशों में ऋण-से-जीडीपी अनुपात 100 प्रतिशत से अधिक है और उभरते लोगों में 100 प्रतिशत के करीब है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में केवल चीन (66.5 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (70 प्रतिशत) और जर्मनी (72 प्रतिशत) बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इटली और ग्रीस की समस्या अर्थव्यवस्थाओं में ऋण स्तर क्रमश: 158 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 200 प्रतिशत है, जबकि जापान का ऋण 264 प्रतिशत है। 2021 से, वैश्विक ऋण पूर्व-कोविद समय की तुलना में अधिक हो जाएगा। बढ़ते कर्ज से निपटने के लिए एक विश्वसनीय मध्यम अवधि का राजकोषीय ढांचा जरूरी है, लेकिन महामारी अभी भी नियंत्रण से बाहर है, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक खर्च के लिए आवश्यक अतिरिक्त राजस्व जुटाना अब ज्यादातर विकासशील देशों में पहले से कहीं अधिक कठिन है। बचत की कृपा यह है कि उधार अब सस्ता है, ब्याज दरों को असाधारण रूप से निम्न स्तर तक गिरने के लिए धन्यवाद और अधिकांश देशों में विकास दर से कम रहने की उम्मीद है। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, 2023 में, विकास न केवल सभी अमीर देशों में, बल्कि 60 उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से 53 में भी ब्याज दरों को पीछे छोड़ देगा। वृद्धि-संशोधित ब्याज दर, ब्याज और नाममात्र की विकास दर के बीच अंतर, भारत में -3.6 प्रतिशत और चीन में -6.5 प्रतिशत और अर्जेंटीना में -33.8 प्रतिशत होगा।

यह कानूनी रूप से सवाल उठाता है, क्या उभरती अर्थव्यवस्थाओं को भी अपनी राजकोषीय सीमा पर पुनर्विचार करना चाहिए? अर्थशास्त्री ने भारत के बजटीय राजकोषीय घाटे का सकल घरेलू उत्पाद का 9.5 प्रतिशत इस वित्तीय वर्ष में राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम द्वारा निर्धारित तीन प्रतिशत की सीमा से नीचे लाने के लिए कोई रोड मैप नहीं बताया, जबकि यह नोट किया कि नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण में भी था इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत की ब्याज दर विकास के मानदंड से कम है, अपवादस्वरूप नहीं, और यह दावा है कि आर्थिक संकट के दौरान उच्च ऋण और राजकोषीय खर्च अनावश्यक चिंता का कारण नहीं होना चाहिए। लेकिन फिच रेटिंग्स ने उल्लेख किया कि पिछले दशक में, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में औसत ब्याज दर चार प्रतिशत से दो प्रतिशत तक गिर गई थी, जबकि उभरते बाजारों में, यह 4.3-5.1 प्रतिशत से बढ़ गई थी। इस प्रकार कम दरों का लाभ ज्यादातर अमीर देशों को मिलता है।

शास्त्रीय डोमर मॉडल सरकारी ऋण की स्थिरता के लिए दो शर्तों को पूरा करता है- पहला, नाममात्र विकास दर सार्वजनिक ऋण पर ब्याज दर से अधिक होना चाहिए और दूसरा, सरकार के प्राथमिक खाते, जिसका अर्थ है कि ब्याज भुगतान को बाहर करना चाहिए, तो उसमें कोई घाटा नहीं होना चाहिए। यदि दोनों स्थितियां संतुष्ट हैं, तो जीडीपी में ऋण स्टॉक तेजी से घटेगा, और भले ही प्राथमिक खाते में घाटा हो, यह अंतत: एक स्थायी स्तर तक पहुंच जाएगा। लेकिन अगर विकास दर ब्याज दर से पीछे रह जाती है, तो सार्वजनिक ऋण अनिश्चित रूप से अनिश्चित हो जाएगा। इस प्रकार सार्वजनिक ऋण उच्च स्तर पर स्थिर हो सकता है, लेकिन यह आर्थिक झटके में कमजोर देश को प्रस्तुत करेगा। हालांकि, चूंकि यह मॉडल ब्याज दर, सार्वजनिक खर्च की संरचना, सार्वजनिक ऋणग्रस्तता की डिग्री और विकास दर जो एक दूसरे को प्रभावित करती है, के बीच मौजूद अन्योन्याश्रितताओं पर विचार नहीं करता है, अर्थशास्त्रियों हैमिल्टन और फ्लाविन ने एक और मॉडल का सुझाव दिया।

इसके अनुसार, अंतर-अस्थायी बजट बाधा को ऋण स्टॉक को स्थायी बनाने के लिए संतुष्ट होना चाहिए, जिसे वर्तमान सार्वजनिक ऋण के आकार को कवर करने के लिए भविष्य के प्राथमिक अधिशेषों के वर्तमान मूल्य की आवश्यकता होती है। अनुमानों, ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के भविष्य के मूल्यों की अनिश्चितता इस मॉडल की कमजोरी बनी हुई है, लेकिन जो भी मॉडल का उपयोग किया जाता है, सार्वजनिक ऋण में वृद्धि करना जरूरी नहीं है कि यह अस्थिरता है, खासकर जब किसी देश को संरचनात्मक रूपों को बनाने या बनाने के लिए अतिरिक्त वित्त की आवश्यकता होती है बुनियादी ढांचे पर पूंजी निवेश।

**ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब दुनिया में एक ऋण महामारी आई है और 1970-89, 1990-2001 और 2002-09 के दौरान ऋण संचय की तीन पिछली लहरें थीं, जो सभी कम वास्तविक ब्याज दरों और आसान की अवधि के दौरान शुरू हुई वित्तीय बाजारों से उधार लेने की पहुंच। प्रत्येक ने 1982, 1991 और 2009 में वैश्विक मंदी और 1998 और 2001 में आर्थिक मंदी का सामना किया और इसके बाद संरचनात्मक सुधारों को कम कमजोरियों के लिए प्रारूपित किया गया, जिसमें अधिक आरक्षित संचय और नीतिगत ढांचों को मजबूत किया गया।**

जब तक प्राथमिक बजट घाटा बहुत बड़ा नहीं होता है, मुख्य समस्या सार्वजनिक ऋण को स्थिर करना है, अर्थव्यवस्था के आकार से स्वतंत्र है ताकि यह नियंत्रण से परे न हो। यह साधारण बजटीय अंकगणित है। यदि ऋण जीडीपी के 60 प्रतिशत पर तीन प्रतिशत की प्राथमिक कमी के साथ स्थिर था, तो इसे 80 प्रतिशत पर स्थिर करने के लिए प्राथमिक घाटे को चार प्रतिशत तक सीमित करने की आवश्यकता होगी। आर्थिक सर्वेक्षण बताता है कि भारत में जीडीपी की वृद्धि दर पिछले 25 वर्षों में हमेशा ब्याज दरों से अधिक रही है, हालांकि प्राथमिक खाता अक्सर घाटे में रहा है, लेकिन ऋण स्थिरता समीकरणों द्वारा परिभाषित अधिकतम सीमा से कम है।

सर्वेक्षण का निष्कर्ष है कि सबसे खराब स्थिति में भी, वास्तविक विकास अगले 10 वर्षों के लिए केवल चार प्रतिशत और उच्च प्राथमिक घाटा जीडीपी (केंद्र प्लस राज्यों) का 6.8 प्रतिशत, पांच प्रतिशत मुद्रास्फीति और मामूली ब्याज दर छह प्रतिशत, सार्वजनिक ऋण अभी भी स्थायी होगा। यह परिदृश्य भारत के लिए अजीब नहीं है। आईएमएफ का कहना है कि उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं ने 75 प्रतिशत समय से अधिक ब्याज दरों का अनुभव किया है। बेशक, समग्र ऋण पोर्टफोलियो में बाहरी ऋण के उच्च प्रसार के मामले में जोखिम का एक तत्व है क्योंकि यदि विनिमय दर कमजोर होती है, तो ब्याज दर मामूली रहने पर भी ऋण-से-जीडीपी अनुपात तेजी से बढ़ेगा। लेकिन भारत के लिए, यह जोखिम न्यूनतम है क्योंकि बाहरी ऋण हमारी कुल देनदारियों का लगभग छह प्रतिशत (2019-20 में 5.85 लाख करोड़ रुपये) है।2019-20 में सरकारी ऋण जीडीपी का 73.8 प्रतिशत था, इससे पहले कि महामारी इसे और अधिक बढ़ाती। 15 वें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित रोड मैप के अनुसार, भारत के ऋण में 2020-26 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद के 89.8 प्रतिशत से 85.7 प्रतिशत तक की गिरावट आनी चाहिए, लेकिन गिरावट व्यावहारिक रूप से पिछले तीन वर्षों में होगी। इस प्रकार हमें अपने ऋण को उस स्तर के आसपास स्थिर करने की जरूरत है बशर्ते ये अनुमान मौजूद हों। यह मामला नहीं हो सकता है क्योंकि स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता होगी।

लेकिन सवाल यह है कि क्या उच्च ऋण स्तर टिकाऊ होने के बावजूद भी वांछनीय है, क्योंकि सार्वजनिक उधार आम तौर पर निजी निवेश को प्रभावित करता है और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। शायद इसका जवाब यह है कि उधार ली गई धनराशि का उपयोग कैसे किया जाता है। अगर सरकार निवेश पर खर्च करती है, जैसे कि अगले वित्त वर्ष के लिए बजट में पूंजीगत खर्च में 26 फीसदी की बढ़ोतरी, तो यह जोखिम कम होगा, खासकर जब अर्थव्यवस्था क्षमता से नीचे चल रही हो जैसा कि अभी है; सार्वजनिक व्यय तब आय और लाभप्रदता में सुधार करके अतिरिक्त निजी निवेश ला सकता है।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब दुनिया में एक ऋण महामारी आई है और 1970-89, 1990-2001 और 2002-09 के दौरान ऋण संचय की तीन पिछली लहरें थीं, जो सभी कम वास्तविक ब्याज दरों और आसान की अवधि के दौरान शुरू हुई वित्तीय बाजारों से उधार लेने की पहुंच। प्रत्येक ने 1982, 1991 और 2009 में वैश्विक मंदी और 1998 और 2001 में आर्थिक मंदी का सामना किया और इसके बाद संरचनात्मक सुधारों को कम कमजोरियों के लिए प्रारूपित किया गया, जिसमें अधिक आरक्षित संचय और नीतिगत ढांचों को मजबूत किया गया। मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण, राजकोषीय नियम और अधिक मजबूत वित्तीय क्षेत्र पर्यवेक्षण जैसे नियंत्रण के मानक बन गए।

अब हम चौथी लहर की शिखा पर चल कर रहे हैं जो 2010 में शुरू हुई थी लेकिन ज्यादातर देशों में आर्थिक विकास की गति धीमी होने के साथ महामारी के दौरान चरम पर थी। 2008 की मंदी के बाद स्थितियां उन लोगों के समान थीं, जब ब्याज दरें कम थीं और बैंकों के लिए पूंजी के लिए वित्तीय बाजारों तक पहुंच आसान थी, क्योंकि बैंकों ने अपने आउटरीच को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया था। जैसा कि महामारी अब अर्थव्यवस्थाओं की लचीलापन का परीक्षण करती है, एक वैश्विक मंदी जो पहले से ही उग्र थी, अब दुनिया को एक गहरे ऋण संकट में धकेल रही है, जिसने प्रत्येक पिछली लहर के अंत को चिह्नित किया है। पिछली तरंगों के मामले की तरह, अब गहरे संरचनात्मक सुधारों के लिए भी कहा जाता है। भारतीय संदर्भ में, इसका अर्थ होगा समग्र नियामक तंत्र को मजबूत करते हुए कृषि और वित्तीय क्षेत्रों में सुधार के साथ-साथ कारक बाजारों के कई और सुधार। उपयुक्त नीतिगत विकल्प महत्वपूर्ण हैं क्योंकि एक बार वसूली हो रही है, केवल सुधार और साथ में संस्थागत तंत्र हमारे वित्तीय और ऋण स्थिरता को बहाल करने में मदद कर सकते हैं।

# एक साल बाद उड़ान व यात्रा के अनुभव

*एक साल लंबे नियंत्रण के बाद गोवा की हवाई यात्रा से वायरस संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि, मुझे किसी समय असुरक्षा का भाव नहीं अनुभव हुआ, पर आपने भी अनुभव किया होगा कि महामारी जारी रहने का क्या अर्थ होता है।*

**कुषाण मित्रा**
(लेखक दि पायनियर के प्रबंध संपादक हैं)





हालांकि, अपने बारे में स्तंभ लिखना अच्छी बात नहीं मानी जाती है, पर इस स्तंभ में एक व्यक्तिगत अनुभव का उल्लेख है। मैं इसे उसी तरह लिख रहा हूं। यह अनुभव 350 दिन बाद पहली बार उड़ान का है। मेरे काम का एक हिस्सा मोटर वाहनों की समीक्षा व उनका मूल्यांकन है और इसके लिए अपरिहार्य रूप से काफी यात्रा करनी होती है। हालांकि, कोविड-19 वैश्विक महामारी ने सुनिश्चित किया था कि 2020 में की गई कुछ ड्राइव दिल्ली-एनसीआर तक सीमित थीं तथा उनका अच्छा प्रबंधन किया गया था। कार कंपनियां गोवा में ऐसे आयोजन इसलिए नहीं करती हैं कि वहां काफी धूप या बालू है अथवा हमारे जैसे लोग उड़ान पसंद करते हैं, बल्कि इसका कारण यह है कि वहां सैकड़ों अच्छे होटल व अन्य संपत्तियां हैं तथा यह राज्य उड़ानों के माध्यम से भारत के लगभग हर बड़े शहर से जुड़ा है। इसलिए गोवा में मीडिया अभियान अलग-अलग शहरों में आयोजनों की तुलना में संभवत: सस्ता पड़ता है और इसका प्रबंधन आसान होता है।

मैंने खुद से वर्ष 2020 में उड़ान न भरने का वादा किया था, हालांकि उस समय कुछ आटोमोटिव आयोजनों के लिए उड़ानों की उपलब्ध व्यवस्था थी। लेकिन नया वर्ष शुरू होने और कुछ आयोजनों की घोषणा होने के बाद यात्रा टालना संभव नहीं था। आखिरकार अखबार में काम करने और यह सबसे पहले पढ़ने का असर भी था कि सरकार ने महामारी पर लगभग नियंत्रण कर लिया है। निश्चित रूप से मेरे उड़ान भरने के समय तक वास्तव में थोड़ा बदलाव हुआ है और महाराष्ट्र में वायरस का नया स्ट्रेन आ गया है।

लेकिन मेरे टिकट बुक हो गए थे और मैं 350 दिन बाद उड़ान भर रहा था। एक समय टर्मिनल 3 से साप्ताहिक उड़ान भरने की बात मेरे लिए अब अजीब लग रही थी क्योंकि लगभग एक साल बाद मैं टैक्सी में था। हवाईअड्डे से आने-जाने वाला ट्रैफिक सामान्य था और कुछ नए फ्लाईओवरों के निर्माण के कारण टैक्सी के रास्ते पर थोड़ा जाम भी था। मेरी उड़ान दोपहर बाद होने के कारण वहां पहुंचने में ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। एयरलाइनें सीमित घरेलू रास्तों पर चल रही हैं और अपनी क्षमता का दो तिहाई प्रयोग कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बहुत कम होने के कारण भारत के सबसे बड़े हवाई टर्मिनल पर भीड़ नहीं थी।

हम सबने 'न्यू नार्मल' शब्द सुना है जिसमें वर्किंग फ्राम होम, बहुत कम लोगों द्वारा यात्रा तथा स्वच्छता की आवश्यकता, आदि शामिल हैं। लेकिन सभी लोगों के मास्क पहनने और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स-सीआईएसएफ कर्मचारियों के शील्ड पहनने तथा अपने मैटल डिटेक्टरों 'वैंड' से एक हैंडिल जोड़ने के सिवा 2021 में उड़ान 2019 व इसके पहले से बहुत अलग नहीं थी। हालांकि, उड़ान प्रक्रिया में सबसे ज्यादा भीड़ वाली जगह सिक्यूरिटी से गुजरने के बाद मैंने अपने हाथ सेनीटाइज़ किए, पर मुझे पहले जैसा ही लगा। हालांकि, मुझे किसी समय असुरक्षा का भाव नहीं अनुभव हुआ, पर आपने भी अनुभव किया होगा कि महामारी जारी रहने का क्या अर्थ होता है। भारत में संक्रमितों की संख्या के बारे में कैंसर विज्ञानी व पुरस्कृत चिकित्सा लेखक सिद्धार्थ मुखर्जी ने द न्यूयारकर में हाल में लिखा है। इसमें बताया गया है कि भारत में रहने और अनेक प्रकार के रोगकारकों का पहले से सामना करने के कारण शायद कोविड-19 का मुकाबला करते समय 'तुलनात्मक' रूप से हमारे शरीरों में बीटा व टी सेल काफी थे जो वायरस से निपट सकते थे। इससे स्पष्ट होता है कि भारत, अफ्रीका के सहारा क्षेत्र तथा दक्षिणपूर्व एशिया में मरने वालों की संख्या कम कैसे है। कुछ लोगों का कहना है कि मरने वालों की 'सही' संख्या छिपाई गई है, पर यह हजारों लोगों के मरने तथा लोगों द्वारा उनके बारे में बात करने के कारण संभव नहीं है। लेकिन इसके बावजूद हमें सावधान रहना होगा क्योंकि ज्यादा खतरनाक स्ट्रेन की आशंका बनी हुई है। हो सकता है कि यह ज्यादा घातक न हो, पर इसे अनदेखा करना मूर्खतापूर्ण होगा। मैं विस्तारा से उड़ान भर रहा था और हालांकि मास्क के नियम का पालन हो रहा था, पर उड़ान में ऐसे लोग भरे थे जो शायद अपनी ऊब मिटाने के लिए गोवा जा रहे थे। बीच की सीटों पर बैठे कुछ लोग अपने घरेलू बुने संरक्षक सूट पहने थे तथा अधिकांश लोगों ने उड़ान के दौरान फेस शील्ड लगाई थी। लेकिन उड़ान के इस अनुभव के बाद मैंने गोवा में जो देखा वह डराने वाला था। मेरे आतिथेय ने एक लोकप्रिय नाइटस्पाट पर डिनर का आयोजन किया था जहां काफी भीड़ थी। वहां बहुत कम सावधानियां बरती जा रही थीं। हालांकि, बाउंसर इन्फ्रारेड स्कैनर से तापमान ले रहे थे, पर साफदिखता था कि ज्यादातर जनता कोरोनावायरस की चिन्ता छोड़ कर पार्टी मनाने आई थी। वेगेटर बीच पर 'थेलेसा' रैफ्टरों से भरा था और कोई सतर्कता नहीं दिख रही थी। गोवा हवाईअड्डे पर देश के हर कोने से उड़ाने आ रही थीं, हालांकि कुछ राज्यों ने वापस लौटने वालों के परीक्षण की बात भी कही थी। रेस्टोरेंटों व बारों में भीड़ कोविड-19 के पहले वाले स्तर तक पहुंच गई थी जिनमें ज्यादातर भारतीय और बहुत कम विदेशी लोग थे। इनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल थे जो बिजनेस के काम से आए थे या उनके पास डिप्लोमैटिक वीसा थे। वे महामारी के प्रति भारतीयों व सरकार के दृष्टिकोण की प्रशंसा कर रहे थे। यह सब वास्तव में असाधारण था। या तो लोगों को चिन्ता नहीं थी या वे आमतौर से 'देखा जाएगा' की आदत पर लौट आए थे। शायद यह गोवावासियों के 'सुसेगाड' दृष्टिकोण का एक और उदाहरण है जिसमें अतीत की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं नहीं जानता कि क्या दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, पर लगातार वायरस के दबाव में रहना भी शायद ठीक नहीं है। लेकिन 'न्यू नार्मल' वास्तव में 'ओल्ड नार्मल' से ज्यादा अलग नहीं है।

**भारत में कोविड-19 संक्रमितों की संख्या के बारे में कैंसर विज्ञानी व पुरस्कृत चिकित्सा लेखक सिद्धार्थ मुखर्जी ने द न्यूयारकर में हाल में लिखा है। इसमें बताया गया है कि भारत में रहने और अनेक प्रकार के रोगकारकों का पहले से सामना करने के कारण शायद कोविड-19 का मुकाबला करते समय 'तुलनात्मक' रूप से हमारे शरीरों में बीटा व टी सेल काफी थे जो वायरस से निपट सकते थे।**

# ताइक्वांडो को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री को देंगे प्रस्ताव

## खेलों को बढ़ावा देने के लिए खट्टर सरकार पहली सरकारों से ज्यादा है प्रयासरत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**खेलों** को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार पूर्ववर्ती सरकारों से ज्यादा प्रयास कर रही है। ये विचार ताइक्कांडो खेल संघ हरियाणा के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक कुलवंत राम बाजीगर ने छठी हरियाणा राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि ताइक्कांडो खेल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए वो शीघ्र ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ताइक्कांडो हरियाणा की ओर से एक प्रस्ताव सौंपेंगे।


ताइक्वांडो छठी हरियाणा राज्य प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी।

ताइक्कांडो खेल संघ हरियाणा के तत्वाधान में ताइक्कांडो खेल संघ

### कुलवंत प्रतियोगिता में ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कुरुक्षेत्र द्वारा छठी हरियाणा राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर खिलाड़ियों के सभी वर्गों के लिए किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ ताइक्कांडो खेल संघ हरियाणा के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक कुलवंत राम बाजीगर एवं ताइक्कांडो खेल संघ हरियाणा के अध्यक्ष पूर्व एशियाड खिलाड़ी एवं हरियाणा सरकार के सर्वोच्च खेल पुरस्कार भीम अवार्ड से सम्मानित चरण सिंह राठी द्वारा किया गया। कुलवंत राम बाजीगर ने कहा कि ताइक्कांडो जैसे आत्मरक्षा के खेलों को छोटी कक्षाओं से ही पाठ्यक्रम का जरुरी हिस्सा बनाया जाना चाहिए। चरन सिंह राठी ने कहा कि हरियाणा के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने ना सिर्फ भारत अपितु हरियाणा को भी विश्व में विशेष पहचान दिलाई है। राठी ने बताया कि वर्तमान में हरियाणा राज्य में किसी भी ताइक्कांडो संघ को राष्ट्रीय स्तर की ताइक्कांडो फेडरेशन से मान्यता प्राप्त नहीं है। इस अवसर पर युवा नेता राजेंद्र बाखली, ताइक्कांडो खेल संघ हरियाणा के महासचिव प्रभाकर शर्मा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हिमांशु नंदा, फरीदाबाद से नवीन नेगी, गुडगांव से मनोज कुमार राय, पलवल से राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने नाइट डोमिनेशन के दौरान जांचे 1772 वाहन



**रेवाड़ी।** सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने तथा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार की रात जिला पुलिस ने नाइट डोमिनेशन किया। इस दौरान 1772 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 38 का चालान भी किया गया। रात 10 से सुबह 4 बजे तक चलाए गए इस अभियान में 538 कर्मचारी-अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस की चेकिंग पार्टियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों व नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 89 लोगों के अजनबी पर्चे भरे गए। इस दौरान 15 बोतल अवैध शराब भी पकड़ी गई। पुलिस के अनुसार इस अभियान के तहत अपराधिक व असामाजिक तत्वों के अंदर कानून का भय पैदा करते हुए आमजन को सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि नाइट डोमिनेशन भविष्य में भी जारी रहेगा।

### पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने किया निधि समर्पण

**कुरुक्षेत्र।** विश्व हिन्दू परिषद के जिला मीडिया प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि आज समाज के सभी वर्गों के लोगों ने राजनीतिक भावना से ऊपर उठ कर खुले दिल से श्रीराम मंदिर के लिए अपना समर्पण किया। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने 11 हजार रुपये का निधि समर्पण किया तथा उन्होंने कहा कि राम सबके है ओर श्रीराम मंदिर के लिए समर्पण करके मुझे दिल से खुशी हो रही है। वही विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी ओम प्रकाश गुप्ता ने 51 हजार रुपये का निधि समर्पण किया। लाडवा से विधायक मेवा सिंह ने 51 सौ रुपए तथा हरियाणा ब्राह्मण धर्मशाला व छात्रावास के अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि समाज की ओर से 21 हजार का समर्पण किया जा चुका है वही उन्होंने अपने निजी कोष से 51 सौ रुपए का समर्पण किया।

### शर्मा ब्रदर्स ने गुरु रविदास जी की महिमा का किया गुणगान

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरू रविदास जयंती पर उभरते हुए गायक शर्मा ब्रदर्स की जोड़ी ने भक्तों को एक गीत स्वरूप उपहार दिया है। इस गीत में दोनों भाइयों द्वारा श्री गुरू रविदास की महिमा का गुणगान किया गया है। बता दें इससे पहले भी पिहोवा निवासी शर्मा ब्रदर्स द्वारा अब तक कईं गीत गाए जा चुके हैं जिसमें झंडे झूलदे गुफा दे लाल-लाल, कमली नाथ दी कमली, आजा वे आजा मेरे जोगीया, बाबा मेरा पौणाहारी, तुम हो मेरे बालक नाथ, डगर ढ़ोलिया ढोल वे लादे, इत्यादि भजनों के गुणगान किया जा चुके हैं। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शर्मा ब्रदर्स ने गुरु रविदास की जयंती पर भजन जन्म दिहाड़ा गुरू रविदास दा मिलकर मनावांगे' गीत गाया है। श्रीगुरू रविदास जयंती के उपलक्ष्य में पिहोवा में पूजा कालोनी में शर्मा ब्रदर्स ने श्रीगुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान किया जिसमें गुरु रविदास सभा ने शर्मा ब्रदर्स को सम्मानित किया व प्रतीक चिन्ह दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक हुआ लापता

**रादौर।** गांव जुब्बल निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक घर से अपने काम के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की पर सफलता नहीं मिली। जिसके बाद मामले की सूचना जठलाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत में जुब्बल निवासी सुशील कांबोज ने बताया कि उसका लड़का सेवी मोबाइल ऑयल तेल का कार्य करता है। 25 फरवरी को उसका बेटा मोबिल ऑयल तेल की सप्लाई के लिए गांव नागल में गया। जहां वह शाम करीब 4 बजे तक रहा लेकिन उसके बाद वह वहां से आ गया। वहां से आने के बाद न तो वह घर पहुंचा और न ही उसकी कोई सूचना परिजनों को लगी। उन्होंने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

# महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाकर प्रगति में युवा दें योगदान

## खेल मंत्री संदीप और विधायक सुभाष ने संत रविदास की जयंती का उद्घाटन कर कहा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**हरियाणा** के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भारत की मध्ययुगीन संत परंपरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। संत शिरोमणि गुरु रविदास की गणना केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व के महान संतों में की जाती है। उनकी वाणी के अनुवाद संसार की विभिन्न भाषाओं में पाए जाते हैं। संत शिरोमणि गुरु रविदास एक समाज के न होकर पूरी मानवता के गुरु थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों व छुआछूत को समाप्त किया।

संत शिरोमणि गुरु रविदास की शिक्षाएं समाज के लिए प्रासंगिक है। उनका प्रेम, सच्चाई और धार्मिक सौहार्द का पावन संदेश हर दौर में प्रासंगिक है। संत शिरोमणि गुरु रविदास का कार्य न्यायसंगत और समतावादी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। खेल मंत्री संदीप सिंह शनिवार को जिला प्रशासन एवं संत शिरोमणी गुरु रविदास धर्मशाला एवं सभा के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास 644वीं जंयती के उपलक्ष्य में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले खेल मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा ने संत शिरोमणी श्रीगुरु रविदास के मंदिर में माथा टेका और गुरु रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान खेल मंत्री संदीप सिंह ने 7 लाख रुपये और विधायक सुभाष सुधा ने 5 लाख रुपये की अनुदान राशि संस्था को देने की घोषणा भी की है। इस कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ से ऑन लाइन प्रणाली से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्रवासियों को संत शिरोमणी गुरु रविदास के प्रकाशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2021 से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना-1 को लागू किया जाएगा।


कार्यक्रम में मंचासीन खेल मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा और अन्य

विधायक सुभाष सुधा ने संत शिरोमणी गुरु रविदास के प्रकाशोत्सव पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से जरूरतमंद लोगों को फायदा होगा। इस मौके पर पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, पूर्व विधायक जोगी राम, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, गुरु रविदास सभा के प्रधान रणपत राम माथुर, पूर्व प्रधान फकीर चंद, सेवानिवृत आईएएस अधिकारी डा. आरबी लांग्यान आदि उपस्थित रहे।

### संत रविदास ने समाज को एक सूत्र में पिरोया: अंकित गुप्ता



**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के हरियाणा स्टेट सेक्रेटरी एवं हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया व हमेशा समाज को भाईचारे का संदेश दिया। हमें उनके संपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। अंकित गुप्ता ने गुरु रविदासजी के 644वें प्रकाशोत्सव अवसर पर सन्त शिरोमणि रविदास मंदिर स्कूल माजरी अमीन में हवनयज्ञ व भंडारे में मुख्य रुप से शिरकत की। अंकित गुप्ता ने यज्ञ में बतौर मुख्य यजमान आहुति डाली व कहा कि गुरु रविदास जी के महान कार्यों के कारण ही उन्हें संतों में शिरोमणि की उपाधि से नवाजा गया। मंदिर में भक्त अजमेर सिंह ने बताया कि हर वर्ष गुरुजी का प्रकाश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अजमेर सिंह, कुलदीप सिंह, वैद्य रघुनाथ, पूर्व सरपंच राजेश शर्मा, बलजीत सिंह, कुलदीप, सरदार दर्शन सिंह, अजमेर सिंह, नायब सिंह, नरेश कुमार, जसविंदर, हरी राम, राम कुमार, प्रदीप, नरेश कुमार, रमेश कुमार, सुरेश, रामकुमार, जगजीत सिंह, जसवीर सिंह, पवन कुमार सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गुरु रविदास के विचार हमारे लिए प्रेरकः कटारिया



**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रधान महामंत्री संगठन एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सूरजभान कटारिया ने गुरु रविदास जयंती पर कहा कि अपने विचारों से सम्पूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का सन्देश देने वाले, सामाजिक परिवर्तन के महानायक, दर्शनशास्त्री कवि व परमज्ञानी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती पर हम सभी उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं तभी मानवता का कल्याण होगा। कटारिया ने गुरु रविदास जयंती पर सभी सामाजिक राजनितिक लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुआ कहा कि ऐसा चाहूँ राज मैं जहाँ मिलै सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न। उनका यही दोहा मौजूदा मोदी सरकार का सबका साथ -सबका विकास और सबका विश्वास की बात को आगे बढ़ता है।


समारोह में शिरकत करते हुए राज्यमंत्री व मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए जिला प्रशासन।

## गुरु रविदास ने दिया समरसता का संदेश, दिखाया सद्मार्गः राज्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास ने समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने मानव जाति को सद्मार्ग का रास्ता दिखाया है। सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए भाईचारा व सभ्य समाज की स्थापना करने का सशक्त संदेश दिया है। हम सभी को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण का कार्य करना चाहिए। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा राजौंद के अलेवा रोड स्थित गुरू रविदास मंदिर में जिला स्तरीय गुरू रविदास जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। इससे पहले राज्यमंत्री कमलेश ढांडा व उपायुक्त सुजान सिंह ने गुरू रविदास के चित्र के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलित की और पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। संत रविदास ने परिकल्पना ऐसे समाजवाद की थी, जिसमें छोटे-बड़े का भेद नही हो। सभी खुशहाल हो और सभी को जीवन यापन के बराबर के हक मिले। भक्ति आंदोलन से उन्होंने समाज सुधार करने का साहसिक और ऐतिहासिक कदम उठाया, जिससे उस समय जाति-पाति, अंधविश्वास और ऊंच-नीच में उलझे समाज में एक नई जागृति आई। गुरू रविदास किसी एक जाति या सम्प्रदाय के गुरू नही है, अपितू वे पूरी मानव जाति के पथ प्रदर्शक है। इस मौके पर उपमंडलाधीश डॉ. संजय कुमार, नगर पालिका चेयरमैन गुड्डी राणा, तुषार ढांडा, दिलावर सिंह, कपिल दीक्षित, राजकुमार, ओमप्रकाश, सरदारा सिंह, पाला राम, दलबीर सिंह, सुशील पांचाल, कुलविंद्र राणा, महीपाल, कमल राणा, राजेश शर्मा, दर्शन शर्मा, देवी राम, सुशील पुहाल, विरेंद्र राणा, नीरज राणा, जोनी राणा, राजेश, सुरेंद्र पांचाल, कुशल पाल, सोहन, शीशन फौजी, चांदी राम, पाला राम, सुरेश संधु, प्रकाश चहल आदि मौजूद रहे।

**उपायुक्त** सुजान सिंह ने राज्यमंत्री कमलेश ढांडा का स्वागत करते हुए सभी को गुरू रविदास जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरू रविदास ने समाज की कुरीतियों और अंधविश्वासों को दूर किया। उनका कहना था कि मन चंगा तो कटौती विच गंगा। हम सबको भी मानवता के प्रति पवित्रता रखनी चाहिए और एक ऐसे समाज की स्थापना करनी चाहिए, जिसमें सभी एक समान हो। इस मौके पर उपायुक्त सुजान सिंह तथा रविदास सभा ने राज्यमंत्री कमलेश ढांडा को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

## वॉलमार्ट और फ्लिपकार्ट छोटे व्यवसायों के विकास के लिए दे रहे अवसर

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत।

**वॉलमार्ट** ने आज आगरा में एक नया वृद्धि ई-इंस्टीट्यूट शुरू किया। इस प्रोग्राम के माध्यम से उत्तर प्रदेश में छोटे व्यवसाय ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों जैसे फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस अथवा वॉलमार्ट की अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ सकते हैं।

जिससे उन्हें महामारी के बाद के वातावरण में, कौशल व दक्षता तक पहुंच विकसित करने में मदद मिलेगी। वॉलमार्ट व फ्लिपकार्ट द्वारा वृद्धि के ज्ञान प्रबंधक-स्वास्ति के साथ साझेदारी में विकसित, वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई उद्योगों के लिए बनाया गया है। जो महामारी के बाद मोबाइल-प्रमुख डिजिटल व्यापार के माहौल में काम कर रहे हैं। इसमें व्यवसाय प्रबंधन, वाणिज्यिक विकास, ग्राहक-केंद्रित सेवाओं, विनिर्माण की सर्वोत्तम प्रथाएं, रेस्पोंसिबल सोर्सिंग और बहुत से विषयों के प्रमुख पहलुओं पर प्रशिक्षण और सलाह शामिल है। इंटरएक्टिव वर्चुअल प्रशिक्षण अनुभव, व्यक्तिगत परामर्श सत्र और अन्य संसाधन हिंदी और अंग्रेजी में, आईओएस और एंड्रॉइड पर उपलब्ध मोबाइल ऐप के माध्यम से एक्सेस किए जा सकते हैं।

वृद्धि इस साल भारत के अन्य शहरों में ई—इंस्टीटयूट् खोलने में तेजी लाएगी, जिससे स्थानीय उद्यमियों को निरंतर प्रशिक्षण, सलाह और पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन मिल सके। इससे वह विकास के लिए फ्लिपकार्ट और वॉलमार्ट या अन्य चैनलों की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन सकेंगे। इसके साथ ही, फ्लिपकार्ट और वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस और फ्लिपकार्ट होलसेल और वॉलमार्ट के ग्लोबल सोर्सिंग ऑपरेशंस के जरिए, भारतीय एमएसएमई उद्योगों के साथ साझेदारी करना जारी रखेंगे। फ्लिपकार्ट अपने समर्थ प्रोग्राम के माध्यम से कारीगरों और बुनकरों की मदद करता है, इससे जुड़ हुए 7.5 लाख कुशल शिल्पकार अब प्रामाणिक कला और शिल्प को 30 करोड़ से अधिक ग्राहकों को ऑनलाइन बेच रहे हैं।

नए ई-इंस्टीट्यूट के साथ, वॉलमार्ट अपने वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम का विस्तार कर रहा है, जो कि पूरे भारत में 50,000 एमएसएमई उद्योगों को सशक्त बनाएगा। यह कार्यक्रम एमएसएमई उद्योगों को आधुनिक व्यापार का लाभ उठाने के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करता है ताकि वे फ्लिपकार्ट के ईकामर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट होलसेल की आपूर्ति श्रृंखला और वॉलमार्ट के ग्लोबल सोर्सिंग ऑपरेशन्स के साथ-साथ खुले बाजार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार हो सकें।

## पानीपत शहर के सफाई व्यवस्था में आई तेजी

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत।

### जेबीएम को कूड़ा की तोल के आधार पर होगा भुगतान, कार्य निगरानी तंत्र भी हुआ मजबूत

कई बार शहर के गंदगी के बारे में नगर प्रशासन को नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने शहर के गंदगी के बारे में अवगत कराया है। लेकिन अब गंदगी पर नागरिकों के अपेक्षाओं के अनुसार नगर प्रशासन और शहर के सफाई व्यवस्था काम देख रही एजेंसी जेबीएम एन्वायरों अधिक सक्रिय हो गया है। इसके अंतर्गत कूड़ा निस्तारण, पृथक्कीकरण और जैविक खाद बनाने के काम में तेजी आई है।

इसके अलावा अब दैनिक आधार पर काम की डिजिटल तौर पर निगरानी भी की जायेगी। जिसके द्वारा कार्यों की दैनिक आधार पर आंकलन किया जा सकेगा। सारे कामों को अधिकारी आफिस में बैठे भी निगरानी कर सकेंगे। कई नागरिक संगठनों का ये भी मानना है कि लॉकडाउन के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ था। शहर के सफाई निष्पादन एजेंसी जेबीएम एन्वायरों का कहना है कि वे शहर के स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है।

विगत दिनों कूड़ा उठाने वाले वाहनों के फ्लीट में कुछ और वाहनों को जोड़ा गया था। इसके साथ ही अप्रैल माह में मुरथल के पास ताजपुर कूड़ा निस्तारण प्लांट के पूरा होने से सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार आयेगा। अप्रैल माह के अंत तक संयंत्र काम पूरा हो जाएगा।

## जीएसटी के प्रावधान बहुत ही जटिल व कठोर : सुरेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि जीएसटी के कुछ बेहद घातक प्रावधान बनाए गए है। यह प्रावधान बहुत ही जटिल, कठोर और पीछे ले जाने वाले है। सरकार की जीएसटी नीति का विरोध करते हुए सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि सरकार ने किसानों के साथ व्यापारी वर्ग को भी नई परेशानी की सौगात दी है। प्रावधानों के तहत अधिकारी


जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल

अस्थायी रूप से कंपनी निदेशकों, भागीदारों, कंपनी सचिव, कर्मचारियों, प्रबंधकों, सीए, सीएस, अकाउंटेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट, टैक्स कंसलटेंट, टैक्स एडवोकेट या किसी अन्य व्यक्ति की संपत्ति और बैंक खातों को भी जब्त कर सकता है जिनकी सहभागिता से कोई फर्ज़ी लेनदेन किया गया हो। यह प्रावधान फर्ज़ी बिलों या गैर कानूनी काम कर रहे लोगों को समाप्त करने के लिए स्वागतयोग्य है जिसका हम समर्थन करते हैं लेकिन इस क़ानून का इस्तेमाल उन करोड़ों व्यापारियों के खिलाफ भी किया जा सकता है जो ईमानदारी से अपना व्यापार कर रहे हैं।




# कुरुक्षेत्र में पांच एकड़ में जल्द बनेगा गुरु रविदास भवन

## संतों की शिक्षाएं किसी जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए : बनवारी लाल

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि संत और उनकी शिक्षाएं किसी जाति विशेष के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए होती हैं। करीब साढे 600 साल पहले संत शिरोमणि गुरु रविदास ने जात-पात, ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी में बंटे समाज को समरसता का जो संदेश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल की घोषणा से धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर पांच एकड़ में गुरु रविदास भवन जल्द बनाया जाएगा।



उन्होंने कहा कि जिस तरह सभी अंगों से सम्पूर्ण शरीर बनता है, उसी तरह सभी जाति व सम्प्रदायों को मिलाकर ही पूर्ण समाज बनता है। सहकारिता मंत्री शनिवार को शहर के डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में श्री गुरु रविदास की 644 जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप शिखा प्रज्ज्वलित की और संत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

मंत्री ने आगे कहा कि गुरु रविदास जयंती न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है।

डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार भी संत रविदास के समभाव के संदेश पर चलकर समाज उत्थान का काम कर रही है। सरकार की ओर से संत रविदास जैसे सभी महापुरूषों का जिला व राज्य स्तर पर जन्मदिन मनाना अपने-आप में एक सराहनीय निर्णय है। सरकार की सोच है कि दलित व पिछड़े वर्गों को सामान्य वर्ग की तरह सभी सुविधाएं मिलनी चाहिएं। इस अवसर पर कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने मुख्यतिथि का स्वागत किया और गुरु रविदास जयंती को पवित्र पावन दिन बताया। संत, परमात्मा का रूप ही नहीं स्वयं परमात्मा होते हैं और वे किसी भी जाति के नहीं होते। एडीसी ने भी गुरु रविदास जयंती की सभी जिलावासियों को बधाई दी। समाजसेवी अमृत लाल जोशी, प्यारे लाल व धूप सिंह दहिया ने भी कार्यक्रम में गुरु रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड व मॉडल टाऊन के छात्र-छात्राओं ने गुरु रविदास जयंती पर वक्तव्य पेश किए। इनमें छात्रा संगम प्रथम, कुमारी दिया द्वितीय और महकप्रीत तृतीय स्थान पर रही। तीनों को सहकारिता मंत्री की ओर से प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अमृत लाल जोशी की ओर से मुख्यतिथि को गुरू रविदास का चित्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कल्याण अधिकारी कृष्णा देवी ने जिला प्रशासन व अपने विभाग की ओर से मंच पर उपस्थित जिला पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, नगराधीश अभय जांगड़ा, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, डीआईओ महीपाल सीकरी, शिक्षाविद डॉ. सुशील कुमार व सतवीर सिंह तथा गणमान्य व्यक्तियों भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिध संजय बठला, शमशेर नैन, मण्डल अध्यक्ष जसपाल वर्मा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष कृष्ण भुक्कल, महामंत्री नवदीप चांवरिया, भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष रघुबीर गागट को भी स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

अम्बेडकर समाज कल्याण सभा के जिला प्रधान अमर सिंह पातलान ने डॉ. बनवारी लाल को कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर पधारने पर उनका धन्यवाद किया। पातलान ने मुख्यतिथि के समक्ष सेक्टर-16 में निर्माणाधीन डॉ. अम्बेडकर भवन के विकास के लिए अनुदान देने की मांग रखी। इस पर सहकारिता मंत्री ने अपने एच्छिक कोष से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर आईटीआई करनाल के प्रिंसिपल सतबीर सिंह, शिक्षा विभाग से जिला विज्ञान विशेषज्ञ, जयपाल वाल्मीकि, राजेश वैद्य, नरेन्द्र जोशी, पूर्व पार्षद सुनीता जोशी, दिलबाग सिंह रंगा, जिले सिंह बैरवाल तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जिला परिषदों में तैनात किए प्रशासक

# हरियाणा सरकार ने बदले प्रदेश में 56 एसडीएम, सीटीएम


## आधी रात को जारी की तबादला सूची, कई जिलों में अतिरिक्त उपायुक्त भी बदले

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने प्रदेश में 56 एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। जिन अधिकारियों के तबादले किए गए हैं उनमें ज्यादातर एसडीएम, सीटीएम तथा वह अधिकारी हैं जिन्हें अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार सौंपा गया था। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिला परिषदों में प्रशासकों की भी नियुक्ति कर दी है।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार लोक निर्माण, भवन एवं सड़क विभाग के विशेष सचिव जगदीप ढांडा को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा अम्बाला के अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार सौंपा गया है। नूंह के अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त मुनीश नागपाल को फ तेहाबाद का अतिरिक्त उपायुक्त और फतेहाबाद का जिला नगर आयुक्त लगाया गया है। कैथल के जिला नगर आयुक्त कुलधीर सिंह को जिला परिषद, रेवाड़ी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए रेवाड़ी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है। चीफ प्रोटोकॉल ऑफिसर, गुरुग्राम वत्सल वशिष्ठ को चीफ प्रोटोकॉल ऑफि सर, गुरुग्राम और झज्जर का अतिरिक्त उपायुक्त लगाया गया है। झज्जर के अतिरिक्त उपायुक्त जग निवास को नूंह का अतिरिक्त उपायुक्त और जिला नगर आयुक्त, नूंह लगाया गया है। यमुनानगर की अतिरिक्त उपायुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की विशेष सचिव रंजीत कौर को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विशेष सचिव और यमुनानगर का अतिरिक्त उपायुक्त लगाया गया है। रोहतक के अतिरिक्त उपायुक्त और विशेष अधिकारी एपीजेड, रोहतक महेंद्र पाल को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा जिला परिषद, रोहतक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीएए रोहतक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है।

आरटीओ झज्जर के सचिव अशोक कुमार बंसल को सोनीपत का अतिरिक्त उपायुक्त लगाया गया है। जिला परिषद झज्जर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए, झज्जर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. सुभीता ढाका को जिला परिवहन अधिकारी सह सचिव, आरटीओ, झज्जर लगाया गया है। नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे जयदीप कुमार को जिला परिषद हिसार का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए, हिसार का मुख्य कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है। फ तेहाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त और जिला नगर आयुक्त फतेहाबाद समवर्तक सिंह को अतिरिक्त निदेशक, प्रशासन माध्यमिक शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग का अतिरिक्त सचिव तथा कैथल का जिला नगर आयुक्त लगाया गया है। बादशाहपुर की उपमंडल अधिकारी, नागरिक मनीषा शर्मा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम–2 का संपदा अधिकारी तथा जस्टिस, रिटायर्ड एसएन झा की अगुआई में गुरुग्राम में गठित जांच आयोग के सचिव नियुक्त किया गया है। जिला परिषद भिवानी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए भिवानी के मुख्य कार्यकारी प्रदीप कुमार–2 को गोहाना का उपमंडल अधिकारी नागरिक लगाया गया है। जींद के जिला नगर आयुक्त डा. सुशील कुमार को जिला परिवहन अधिकारी.सह.सचिव आरटीए, पानीपत नियुक्त किया गया है। जिला परिषद हिसार की मुख्य कार्यकारी



अधिकारी और डीआरडी, हिसार की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शालिनी चेतल को जिला परिवहन अधिकारी, सह, सचिव आरटीएए फ तेहाबाद लगाया गया है। जिला परिषद रोहतक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए रोहतक के मुख्य कार्यकारी सतीश यादव को बादशाहपुर का उपमंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है।

जिला परिषद रेवाड़ी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए रेवाड़ी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्रिलोक चंद को जिला परिषदए झज्जर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए झज्जर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम–2 के संपदा अधिकारी और जस्टिस, रिटायर्ड, एसएन झा की अगुआई में गुरुग्राम में गठित जांच आयोग के सचिव विवेक कालिया को अतिरिक्त निदेशक, प्रशासन, माध्यमिक शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग का संयुक्त सचिव तथा तकनीकी शिक्षा विभाग का अतिरिक्त निदेशक, प्रशासन और संयुक्त सचिव लगाया गया है। अंबाला कैंट कि उपमंडल अधिकारी, नागरिक और अंबाला कैंट में एक्साइज्ड एरिया में सरकारी भूमि के प्रबंधन के लिए संपदा अधिकारी ममता को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला का संपदा अधिकारी लगाया गया है। सहकारी चीनी मिल, महम के प्रबंध निदेशक जगदीप सिंह को उपमंडल अधिकारी; नागरिक हिसार लगाया गया है। संयुक्त निदेशक, चकबंदी रोहतक और सांपला की उपमंडल अधिकारी, नागरिक तथा महम की उपमंडल अधिकारी, नागरिक गायत्री अहलावत को सहकारी चीनी मिलए महम का प्रबंध निदेशक और उपमंडल अधिकारी, नागरिक, महम लगाया गया है। कालांवाली के उपमंडल अधिकारी नागरिक निर्मल नागर को संयुक्त परिवहन आयुक्त, रोड सेफ्टी हरियाणा लगाया गया है।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फ रीदाबाद के संपदा अधिकारी परमजीत चहल को फ रीदाबाद का उपमंडल अधिकारी नागरिक लगाया गया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार के संपदा अधिकारी वेद प्रकाश को आयुक्त, हिसार मंडल, हिसार के कार्यालय में ओएसडी लगाया गया है। संयुक्त निदेशक, प्रशासन, माध्यमिक शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव सतिंदर सिवाच को अंबाला कैंट का उपमंडल अधिकारी नागरिक और अंबाला कैंट में एक्साइज्ड एरिया में सरकारी भूमि के प्रबंधन के लिए संपदा अधिकारी लगाया गया है। सोनीपत के उपमंडल अधिकारी, नागरिक, विजय सिंह को कालांवली का उपमंडल अधिकारी, नागरिक, लगाया गया है। सिरसा के उपमंडल अधिकारी नागरिक, जयवीर यादव को उनके वर्तमान कार्य भार के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिरसा के संपदा अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। हरियाणा रोडवेज गुरुग्राम की महाप्रबंधक सुमन भांखर को सहकारी चीनी मिल, पलवल का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। संयुक्त निदेशक प्रशासन माध्यमिक शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव तथा हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव और हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के सदस्य सचिव अनिल नागर को हरियाणा लोक सेवा आयोग का उप सचिव, हरियाणा सफ ाई कर्मचारी आयोग का सचिव, हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड का सदस्य सचिव और विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड का सदस्य सचिव लगाया गया है।

खरखोदा की उपमंडल अधिकारी नागरिक श्वेता सुहाग को सांपला का उपमंडल अधिकारी, नागरिक और संयुक्त निदेशक, चकबंदी, रोहतक लगाया गया है। नगर निगम, पानीपत की संयुक्त आयुक्त अनुपमा मलिक को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पानीपत का संपदा अधिकारी लगाया गया है। रादौर के उपमंडल अधिकारी, नागरिक, सुशील कुमार–3 को जगाधरी का उपमंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है। गुहला की उप मंडल अधिकारी, नागरिक, शशि वसुंधरा को उपमंडल अधिकारी, नागरिक, सोनीपत लगाया गया है। गोहाना के उप मंडल अधिकारी नागरिक, आशीष कुमार को सहकारी चीनी मिलए गोहाना का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। रतिया के उपमंडल अधिकारी, नागरिक सुरेंद्र सिंह को नरवाना का उपमंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है। नरवाना के उपमंडल अधिकारी ;नागरिकद्ध सुमीत सिहाग को इंद्री का उपमंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है।

फरीदाबाद के उपमंडल अधिकारी, नागरिक जितेंद्र कुमार को फरीदाबाद एएचएसवीपी का संपदा अधिकारी लगाया गया हैं। शाहबाद के उपमंडल अधिकारी, नागरिक, विनेश कुमार को रादौर का उपमंडल अधिकारी लगाया गया है। हिसार के उपमंडल अधिकारी अश्वीर सिंह को पानीपत म्युनिसिपल कॉरपोरेशन का संयुक्त कमिश्नर लगाया गया है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुभव मेहता को शाहबाद उपमंडल अधिकारी, नागरिक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र लगाया गया है। बावल के उपमंडल अधिकारी, नागरिक मनोज कुमार को नारनौल का उपमंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है। बिलासपुर के उपमंडल अधिकारी, नागरिक, वीरेंद्र सिंह ढुल को कलायत का उप मंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है। तकनीकी शिक्षा हरियाणा के संयुक्त निदेशक, प्रशासन जसपाल सिंह को बिलासपुर का उप मंडल अधिकारी, नागरिक लगाया है। टोहाना के उपमंडल अधिकारी, नागरिक, नवीन कुमार को गुहला का उपमंडल अधिकारी, नागरिक, लगाया गया है। संयुक्त परिवहन कमिश्नर, सड़क सुरक्षा, हरियाणा के अशोक कुमार को हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र का महाप्रबंधक लगाया गया है। गोहाना के कोऑपरेटिव शुगर मिल के प्रबंध निदेशक उदय सिंह को हिसार एचएसपीपी का संपदा अधिकारी लगाया गया है।

नारनौल के उप मंडल अधिकारी, नागरिक, रणबीर सिंह को पुनहाना का उप मंडल अधिकारी, नागरिक लगाया गया है। सिरसा के संपदा अधिकारी एचएसपीपी के संदीप कुमार को टोहाना का उप मंडल अधिकारी, नागरिक, लगाया गया है। पानीपत के आरटीए सचिव अमरिंदर सिंह मनेस को पंचकूला आरटीए का जिला परिवहन अधिकारी व सचिव लगाया गया है। पलवल के को. आपरेटिव शुगर मिल के प्रबंध निदेशक डॉ नरेश कुमार को तावडू का उपमंडल अधिकारी, नागरिक लगाया है। तावडू उपमंडल अधिकारी ;नागरिक ब्रह्म प्रकाश को लोहारु का उपमंडल अधिकारी नागरिक, लगाया गया है। पुनहाना के उपमंडल अधिकारी नागरिक कुलबीर सिंह ढाका को हरियाणा रोडवेज गुरुग्राम का महा प्रबंधक लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रविदास ने समाज को दिया मानवता का संदेश : पूर्व राज्यमंत्री



**रादौर।** गांव कांसापुर, भोगपुर, कांसली व माडल टाउन करेड़ा में संत रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने शिरकत की और संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर संत चरणों में नमन किया। पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर झंडे की रस्म भी अदा की। कार्यक्रमों में पहुंचने पर पूर्व मंत्री का आयोजकों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया तथा शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने अपने संबोधन में कहा कि संत किसी एक समाज के नहीं होते अपितु हर वर्ग, हर समाज उनसे प्रभावित होता है। हमें संतों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। संत रविदास अपने कर्म को प्राथमिक महत्व देते थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष हरपाल काम्बोज, संजीव वर्मा, जगदीश बब्बर, नरेश शर्मा, गुलशन कुमार, राम स्वरूप, पूर्णी देवी, पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, सोमनाथ, विधी चंद, गुरनाम सिंह, मेहर चंद, हरिराम, जयकिशन, सतपाल इत्यादि मौजूद थे।

### मारपीट करने पर तीन महिलाओं सहित छह के खिलाफ मुकदमा

**रादौर।** गांव टोपराकलां की एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर उसके घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरोपितों ने लाठियों, डंडों व तेजधार हथियारों के साथ उस पर हमला किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीन महिलाओं सहित छह लोगों पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। रादौर पुलिस को दी शिकायत में टोपराकलां निवासी बिमला देवी ने बताया कि गांव के अशोक कुमार, बिनोद कुमार, कुसुम रानी, रेनू, बाला देवी, रामनाथ उसके घर में घुस आएं। घर में घुसते ही उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां पहुंचे। जिसके बाद आरोपी लोग मौके से फरार हो गए। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ढाबा संचालक से 11 किलो 41 ग्राम गांजा बरामद



**सोनीपत।** हरियाणा मादक पदार्थ निरोधक ब्यूरो यूनिट करनाल पुलिस ने मादक तस्करी के ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी साहब सिंह निवासी खेड़ी दमकन सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा मादक पदार्थ निरोधक ब्यूरो यूनिट करनाल में नियुक्त उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह भंडारी टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोजबीन में गोहाना–सोनपीत रोड़ की सीमा में मौजूद थे कि इन्हें सूत्रों से पता चला कि चौधरी ग्रीन ढाबा संचालक अवैध गांजा रखे हुए है। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ में व्यक्ति ने अपनी पहचान साहब सिंह निवासी खेड़ी दमकन के रूप में दी। तलाशी लेने पर इसके कब्जे से 11 किलो 41 ग्राम गांजा मिला। आरोपी के विरुद्ध मादक द्रव्य निरोधक अधिनियम के अंतर्गत थाना सदर गोहाना में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम द्वारा आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ करने पर बताया कि इस अवैध गांजा को गौरखपुर यूपी से एक लाख 60 हजार रुपये में खरीदकर लाया था और यहां खुदरा भाव में बेचकर मुनाफा कमाना था। आरोपी को न्यायालय में पेशकर पांच दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### गुरु रविदास ने दिया आपसी भाईचारे का संदेश: मदान



**सोनीपत।** नगर निगम महापौर निखिल मदान ने शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर गढ़ी घसीटा, (गोपाल नगर) एवं लहराड़ा गांव की हरिजन चौपाल में आयोजित कार्यक्रम और भंडारे में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर निखिल मदान ने कहा कि गुरु रविदास ने ऊंच नीच, छुआ छूत, भेदभाव जैसी अनेकों कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपसी भाईचारे और समानता का संदेश दिया। गुरु रविदास ने अपनी कविताओं और दोहों से पूरे समाज को ये सीख दी कि कोई भी इंसान अपने कर्मों से महान बनता है ना कि अपने जन्म से। उन्होंने सभी लोगों से सदैव इंसानियत और भलाई के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजकुमार कटारिया, सुरेंद्र नय्यर, नीतू दहिया, मंजीत गहलावत, नवीन कुमार, मोनिका, राजेश दहिया, करनैल राणा, विकास सरोहा, धरम सिंह, फकीर चंद, अनिल नागर, डॉ निखिल चुघ, जितेंद्र सिंह, नाथूराम, सतपाल भौरिया, मदन अरोड़ा, जय भगवान दहिया, धर्मपाल, ईश्वर सिंह, रामजी लाल, अजय भौरिया, कुलदीप वत्स, सतबीर भारद्वाज, धर्म चंद, रामकुमार, हेमंत, जिले सिंह, हरिचंद, जितेंद्र मेहरा, सतीश कुमार, दीपक, शिव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## कोविड–19 के चार नये पॉजिटिव केस मिले

**सोनीपत।** उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि जिला में शनिवार को सांयकाल तक कोविड–19 वायरस के चार नये पॉजिटिव केस पाये गये हैं। नये कोरोना मरीज के जुड़ाव से जिला में कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा बढकर 15025 हो गया है।

उपायुक्त पूनिया ने कहा कि शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत ओमैक्स सिटी सोनीपत में एक, अनिल विहार सोनीपत में एक तथा सेक्टर–14 सोनीपत में एक नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत गांव प्याऊ मनियारी में एक नया कोरोना मरीज पाया गया है।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में जनसंघर्ष मंच ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**अमर** शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद के 91वें शहीदी दिवस पर जन संघर्ष मंच हरियाणा की कुरुक्षेत्र इकाई ने सरकार की जनविरोधी नीतियों, काले कानूनों, जन समस्याओं व जनवादी अधिकारों पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध–प्रदर्शन थानेसर शहर रेलवे स्टेशन से शुरू होकर शहर के बाजारों से होता हुआ पुराना बस अड्डा थानेसर पहुंचा। मंच के जिला प्रधान संसार चंद्र प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, प्रांतीय प्रवक्ता डॉ लहना सिंह, मनरेगा मजदूर यूनियन के नेता नरेश कुमार छात्र नेता प्रतिभा, आवाज मंच की साथी कर्मजीत कौर आदि ने शहीद चंद्रशेखर आजाद को अपनी क्रांतिकारी श्रद्धांजलि पेश की। मंच नेताओं ने शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद के जीवन चरित्र व स्वतंत्रता आंदोलन की क्रांतिकारी धारा में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 23जुलाई 1906 में मध्यप्रदेश के भांवरा जिला में चन्द्र शेखर का जन्म हुआ। वे स्कूल से ज्यादा शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके थे। चन्द्रशेखर आज़ाद हिसप्रस संगठन के कमाण्डर इन चीफ थे। मंच की प्रदेश महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि आज मोदी सरकार कोरोना महामारी की आड़ में मजदूरों,किसानों कर्मचारियों,युवाओं पर हमले कर रही है उनको उनकी जीविका से वंचित

## इंकलाब मंदिर में मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

**शहीद** चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस इंकलाब मंदिर गुमथला राव में मनाया गया। मंदिर के संस्थापक अधिवक्ता वरयाम सिंह व उनकी टीम के सदस्यों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। टीम के सदस्यों ने आजाद के पद चिह्नों पर चलकर देशहित में कार्य करने का प्रण लिया।

इस अवसर पर वरयाम सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद शहीदों की श्रेणी में अपना एक विशेष स्थान रखते हैं। वे अकेले एक ऐसे वीर थे। जिनके केवल नाम से ही अंग्रेजी हुकूमत



शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते सदस्य।

कांपने लगती थी। आजाद जब तक जिए देश की आजादी की लड़ाई लड़ते रहे। एक दिन मुखबिर की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नाटबाबर ने उन्हें अल्फ्रेड पार्क में घेर लिया। काफी देर से तक उन्होंने अंग्रेजी सेना का डटकर मुकाबला किया। उन्हें कई गोलियां लग चुकी थी। उनका सपना था कि वह आजाद है और आजाद ही मरेंगे। अंत में उन्होंने खुद अपने आप को गोली मार ली और देश के लिए शहीद हो गए।

## जिला स्तर पर मनाई गुरु रविदास जयंती

### रविदास होस्टल में उपायुक्त ने किया जयंती समारोह का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**सन्त** शिरोमणि श्रीगुरु रविदास की 644वीं जयंती शनिवार को स्थानीय रविदास होस्टल में मनाई गई। जिसमें उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने संत गुरु रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु रविदास 15वीं सदी के महान समाज सुधारक, दार्शनिक, कवि तथा अध्यात्मिक विभूति थे। संत रविदासजी का मानना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा का मतलब शरीर को आत्मा से पवित्र होने की जरुरत है ना कि किसी पवित्र नदी में नहाने से। अगर



गुरु रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते उपायुक्त यशेंद्र सिंह।

मनुष्य की आत्मा और हृदय शुद्ध है तो वह पूरी तरह से पवित्र है। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास ने उस समय सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका संपूर्ण जीवन सदाचार, सादगी और कर्मयोग का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान कोविड–19 महामारी के मद्देनजर आवश्यक नियमों का पालन किया गया। इस अवसर पर विधायक रेवाड़ी चिरंजीव राव, जिला भाजपाध्यक्ष हुकमचंद, दीपक मंगला, शशिबाला,

### ऐसे आयोजनों से मिलती है संत की शिक्षाओं की प्रेरणा

**संत** गुरु रविदास की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें विभिन्न तरह की झांकियां शामिल की गईं। शोभायात्रा को जयप्रकाश खोला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रात को जागरण में कलाकारों ने भजनों के माध्यम से संत की महत्ता का गुणगान किया। लिसानिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गुरू रविदास की शिक्षाओं को ग्रहण करने की प्रेरणा मिलती है।

चौधरी हंसराज, एसडीएम कोसली कुशल कटारिया, सीटीएम रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अंजलि और रैने ने ऑल इंडिया महिला लॉन टेनिस चैंपियनशिप में जीते पदक

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**हरियाणा** के झज्जर जिले में आयोजित ऑल इंडिया महिला लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की स्टार खिलाड़ी अंजलि राठी ने चैंपियनशिप के एकल मुकाबले के फाइनल में 4–6, 6–2, 1–6 से खेलते हुए सेट स्कोर से दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही युगल मुकाबले के फाइनल में अंजलि राठी ने रैने सिंह के साथ खेलते हुए स्मृति भसीन व रैनी सिंगला से कड़े मुकाबले में 4–6, 4–6 के सेट स्कोर के साथ रजत पदक प्राप्त किया। इस चैंपियनशिप में लगभग 210 खिलाड़ियों ने देशभर से भाग लिया।

विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या



आशा गोयल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। स्पोर्टस डायरेक्टर नरेंन्द्र नेगी ने बताया कि रैने सिंह व अंजलि राठी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छे खेल का प्रदर्शन कर रही है। अंजलि राठी ने जनवरी 2021 में जूनियर इंटरनेशनल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

## हर प्रकार के भेदभाव मिटाकर मानवता को अपनाएं : राजीव जैन

### मुख्यमंत्री खट्टर ने रविदास जयंती के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में विडियो कांफ्रेंस से दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

**राज्य** स्तरीय संत शिरोमणि गुरू रविदास की 644वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को रविदास जयंती की बधाई देते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं की, जिसका सीधा प्रसारण विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लाल दरवाजा स्थित संत गुरु रविदास मंदिर में किया गया।

जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त श्याम लाल पूनिया व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार




कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद भाजपा नेता राजीव जैन व डीसी श्याम लाल पूनिया।

राजीव जैन ने जिलावासियों को संत की जयंती की बधाई दी। विडियो कांफ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत गुरु रविदास को नमन करते हुए लोगों को उनकी शिक्षाओं व संदेशों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पहले उपायुक्त श्याम लाल पूनिया व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने संत गुरु रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। उपायुक्त पूनिया ने कहा कि संत रविदास विरले संत थे,जिन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश देते हुए कर्म के महत्व से अवगत करवाया। मानव–मानव के भेदभाव को मिटाने में प्रमुख भूमिका निभाते हुए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए प्रयास किया। उपायुक्त ने कहा कि हर प्रकार के भेदभाव दूर करने के लिए शिक्षा और संस्कारों का सर्वाधिक महत्व होता है। इस दौरान मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि संत गुरु रविदास के प्रति हमारी सच्ची आस्था यही होगी कि हम हर भेदभाव मिटाकर मानवता को अपनाएं। गुरु रविदास ने समाज को जागृत कर बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया था, जिसे साकार रूप देने के लिए हमें एकजुट प्रयास करने होंगे। भेदभाव दूर होने पर ही विकास संभव है। इसलिए संतों की शिक्षाओं का अनुकरण करते हुए हमें बेहतरीन समाज निर्माण के लिए योगदान देना चाहिए।

## सेफ इंडिया फाऊंडेशन ने चौथे पक्षी विहार का निर्माण

**सोनीपत।** बेजुबान पक्षियों के लिए दानापानी के लिए सेफ इंडिया फाऊंडेशन द्वारा सोनीपत में चौथे पक्षी विहार का निर्माण महाराणा प्रताप सिंह चौक पर किया गया। सेफ इंडिया फाऊंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिगंला ने बताया कि महाराणा प्रताप सिंह चौक के पास खाली जगह पर सेफ इंडिया फाऊंडेशन द्वारा पांच फुट उंची लोहे की जाली लगाकर करीब 20 फुट लंबा व 20 फुट चौड़ी जगह पर बेजुबान पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था की गई। यहां पर हर रोज बेजुबान पक्षियों के लिए दाना व पानी डाला जायेगा। सेफ इंडिया फाऊंडेशन के प्रधान संजय सिंगला ने शहर के लोगों से यहां पर दाना डालने की अपील की। सेफ इंडिया फाऊंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि इससे पहले सेफ इंडिया फाऊंडेशन द्वारा शनि मंदिर के पास व सदर थाना सोनीपत में पक्षी विहार का निर्माण किया जा चुका है, जहां पर हर रोज शहर के लोग पक्षियों के लिए दाना पानी डालते हैं। इस अवसर पर सतीश माथुर, राधेश्याम, चन्दर भान, अनिपाल, गौरव चुघ, वाईके त्यागी, संजय सिगंला आदि उपस्थित थे।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### हादसों के शहर में

दिल किसी ग़रीब का टूटा अगर तो क्या हुआ
हादसों के शहर में एक और हादसा हुआ
मुफ़लिसी में ना कोई अहबाब ना अपना हुआ
दर्द के सैलाब में इक शख़्स फिर तन्हा हुआ

देख के गर्दिश में उसको दोस्त बोले यकबयक
लग रहा ये आदमी हमने कहीं देखा हुआ

क्यूँ फ़साने याद आते हैं उसे भूले हुए
देखता है फूल जब पैरों तले मसला हुआ

बेखुदी में कह कहाँ पाऐगा इससे पूछिए
इक कहानी कह रहा है जाम ये टूटा हुआ

नफ़रतें होने लगीं क्यूँ आपको हर शख़्स से
लग रहा है ज़िंदगी को आपने परखा हुआ

खींच लेते हैं यकायक हाथ उसके हाथ से
देखते हैं लोग जब दामन कोई भीगा हुआ

'अश्क' यूँ न फेंकिए पंछी के पर टूटे हुए
इक जमाने में इन्होंने आसमाँ नापा हुआ

# 2021 का पहला प्रक्षेपण: पीएसएलवी–सी 51 मिशन की उल्टी गिनती शुरू

## प्रक्षेपण का सीधा प्रसारण इसरो की वेबसाइट, यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर चैनलों पर देखा जा सकेगा

एजेंसी। बेंगलुरु

**अगर** सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो भारत का रॉकेट रविवार को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से पहली बार ब्राजील का उपग्रह लेकर अंतरिक्ष रवाना होगा। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 2021 में पहला प्रक्षेपण है।

इस रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर से प्रक्षेपित करने का समय 28 फरवरी को सुबह 10 बजकर 24 मिनट है

### श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से पहली बार ब्राजील का उपग्रह लेकर हुआ रवाना

जो मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। पीएसएलवी–सी51/अमेजोनिया–। मिशन के लिए उल्टी गिनती शनिवार सुबह आठ बजकर 54 मिनट पर शुरू हो गई।

इसरो ने एक बयान में बताया कि पीएसएलवी–सी51 पीएसएलवी का 53वां मिशन है। इस रॉकेट के



जरिए ब्राजील के अमेजोनिया–। उपग्रह के साथ 18 अन्य उपग्रह भी अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। इस रॉकेट को चेन्नई से करीब 100 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा।

इन उपग्रहों में चेन्नई की स्पेस किड्ज इंडिया (एसकेआई) का सतीश धवन एसएटी (एसडीएसएटी) शामिल है। इस अंतरिक्ष यान के शीर्ष पैनल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उकेरी गई है। एसकेआई ने कहा,यह उनकी (प्रधानमंत्री की) आत्मानिर्भर पहल और अंतरिक्ष निजीकरण के लिए एकजुटता और आभार व्यक्त करने के लिए है।

एसकेआई एसडी (सुरक्षित डिजिटल) कार्ड में भगवद गीता भी भेज रहा है।

इसरो की वाणिज्य इकाई न्यूस्पेस इंडिया लिमिटिड (एनएसआईएल) के लिए भी यह खास दिन है। इसरो का मुख्यालय बेंगलुरु में है। पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) सी51/अमेजोनिया–। एनएसआईएल का पहला समर्पित वाणिज्यिक मिशन है। जिसका प्रक्षेपण अमेरिका के सिएटल की उपग्रह राइडशेयर एवं मिशन प्रबंधन प्रदाता स्पेसफ्लाइट इंक के वाणिज्य प्रबंधन के तहत किया जा रहा है। एनएसआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जी नारायण ने बताया, हम प्रक्षेपण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारे लिए ब्राजील निर्मित पहला उपग्रह प्रक्षेपित करना गर्व की बात है। 637 किलोग्राम वजनी अमेजोनिया–। ब्राजील का पहला उपग्रह है जिसे भारत से प्रक्षेपित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (आईएनपीआई) का ऑप्टिकल पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।

# स्वार्थवश संतों के स्थल पर जाकर नाटक कर रहे राजनीतिक दल : मायावती

एजेंसी। लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्र तथा राज्य सरकारों से संत रविदास के बताए रास्ते पर चलकर समाज व देश का कल्याण करने की अपील की। मायावती ने राजनीतिक दलों पर संतों के स्थल पर जाकर नाटकबाजी करने का आरोप लगाया।

शनिवार को बसपा द्वारा जारी एक बयान में कांग्रेस, भाजपा व अन्य विरोधी दलों पर हमला करते हुए बसपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा व अन्य विरोधी दल, बसपा की स्थापना से पहले देश में दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़े वर्गों में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों की हमेशा उपेक्षा करते रहे हैं। ये किसी से छिपा नहीं है, लेकिन आज ये राजनीतिक पार्टियां अपने स्वार्थ के लिए इन महापुरुषों की जयंती आदि पर इनसे जुड़े स्थलों पर जाकर नाटकबाजी कर रही हैं।

मायावती ने कहा कि दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा वाराणसी में शिरोमणि संत रविदास मंदिर में दर्शन पूजन के बाद सत्संग में शामिल हुईं। राजग गठबंधन में शामिल रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले लखनऊ में रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इनके अलावा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी वाराणसी में रविदास जयंती के अवसर पर अलग–अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बसपा प्रमुख ने सुबह एक ट्वीट में संत रविदास को नमन करते हुए कहा, मन चंगा तो कठौती में गंगा का अमर मानवतावादी संदेश देने वाले महान संत गुरु रविदासजी की जयन्ती पर उन्हें शत–शत नमन व देश व दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयाइयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

### संत रविदास की विचारधारा को आगे बढ़ाने को सपा है कृत संकल्पित: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को वाराणसी में सीरगोवर्धन स्थित संत रविदास मंदिर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित की और कहा कि संत रविदास की समता, बंधुत्व, सौहार्द और भेदभाव के विरोध की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए समाजवादी पार्टी कृतसंकल्प है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, वाराणसी में मंदिर के मुख्य द्वार पर रैदासियों ने अखिलेश यादव का स्वागत किया और मंदिर के मुख्य रैदासी स्वामी निरंजन दास ने अखिलेश यादव को आशीर्वाद दिया।

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका ने रविदास जयंती पर की पूजा



**वाराणसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर वाराणसी के सीर गोवर्धन स्थित रविदास मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। प्रियंका गांधी सुबह वाराणसी हवाई अड्डे पर पहुंचीं जहां पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से प्रियंका गांधी सीधे सीरगोवर्धन स्थित रविदास मंदिर पहुंचीं जहां उन्होंने पूजा अर्चना की और मंदिर के महंत सन्त निरंजन दास से आशीर्वाद लिया। वहीं प्रियंका गांधी से पहले पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रविदास मंदिर गए और वहां उन्होंने पूजा अर्चना की।

### उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने संत–कवि रविदास को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत–कवि रविदास को उनकी जयंती पर शनिवार को श्रद्धांजलि दी। नायडू ने ट्विटर पर लिखा, महान कवि–संत गुरु रविदासजी को उनकी जयंती पर आज मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। रविदासजी सार्वभौमिक भाईचारे में विश्वास करते थे और उन्होंने अपनी रचनाओं तथा शिक्षाओं से एकता का संदेश फैलाया है। आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं तो, उनकी शिक्षाओं का अनुसरण भी करें और संकल्प लें कि उनके दिखाए गए मार्ग पर चलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सदियों पहले संत रविदास द्वारा समानता, सद्भावना और करुणा पर दिया गया संदेश देश के लोगों को पीढ़ियों तक प्रेरित करेगा।

# मायावती आरपीआई में आएं, उन्हें अध्यक्ष बनाकर खुद उपाध्यक्ष बनने को तैयार : रामदास

एजेंसी। लखनऊ



**रिपब्लिकन** पार्टी आफ इंडिया (आरपीआई) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि अगर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती उनकी पार्टी में शामिल हो जाएं तो वह अपनी पार्टी के अध्यक्ष का पद मायावती को दे देंगे और खुद उपाध्यक्ष बन जाएंगे।

शनिवार को यहां दौरे पर आए रामदास आठवले ने अति विशिष्ट अतिथि गृह में संवाददाताओं से कहा भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद अगर मेरी पार्टी में आएं तो मैं उन्हें महत्वपूर्ण पद दूंगा। मायावती आरपीआई में आ जाएं तो उन्हें अध्यक्ष का पद देकर खुद उपाध्यक्ष बन जाऊंगा, क्योंकि यह बाबा साहेब (डा. भीम राव आंबेडकर) की पार्टी है। संवाददाताओं ने भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद के साथ तालमेल को लेकर आठवले से सवाल पूछा था। इस पर उन्होंने आजाद के साथ ही मायावती को भी पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया। आठवले ने कहा उत्तर प्रदेश में लोगों की बसपा से नाराजगी बढ़ रही है और लोग आरपीआई की तरफ आ रहे हैं। अगर भाजपा यहां हमारी पार्टी के लिए आठ–दस सीटें छोड़ दे तो आरपीआई बसपा को झटका दे सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए हम भाजपा के साथ समझौता करना चाहते हैं और आज शाम को इस बारे में

### उत्तर प्रदेश में लोगों की बसपा से नाराजगी बढ़ रहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हमारी बातचीत होगी। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बातचीत होगी।

यह पूछे जाने पर कि पांच वर्ष से आप बातचीत कर रहे हैं लेकिन भाजपा आपको एक भी सीट नहीं दे रही है, केंद्रीय मंत्री ने कहा अभी हमारा संगठन बहुत मजबूत नहीं है लेकिन अब जिलों में भी हम संगठन को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना की। आरपीआई अध्यक्ष ने कहा कि देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने समझौते में सीटें नहीं दी तो भी कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे और बाकी जगह भाजपा का समर्थन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड आपदा में मरने वालों की तादाद 72 हुई

**गोपेश्वर।** जोशीमठ के नजदीक मरवाडी में अलकनंदा के किनारे एक और शव के मिलने के साथ ही उत्तराखंड में इस महीने के शुरू में ग्लेशियर टूटने से आई प्राकृतिक आपदा में मरने वालों की संख्या 72 हो गई है। चमोली के आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने शनिवार को बताया कि 72वां शव शुक्रवार देर शाम को बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इस बीच शनिवार को 21वें दिन भी आपदा प्रभावित इलाके में बचाव अभियान जारी है। जोशी ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाके के अलग–अलग स्थानों से अब तक 72 शव और 30 मानव अंग प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 41 लोगों की पहचान की जा चुकी है जबकि 132 अब भी लापता हैं। इस बीच एनटीपीसी, जिसकी तपोवन–विष्णुगाड पनबिजली परियोजना सात फरवरी को आई आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हुई थी, के प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी ने राज्य सरकार की सूची के मुताबिक प्रभावित 25 परिवारों को मुआवजा देने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 3.52 करोड़ रुपए जमा करा दिए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अन्य पीड़ितों का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए जाने के बाद उनके परिजनों को भी मुआवजे की राशि दी जाएगी।

### छेड़छाड़ के विरोध पर छोटे भाई को मनचलों ने चाकू मारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी इलाके में बहन का कथित तौर पर पीछा करने और अभद्र टिप्पणी करने का विरोध करने पर तीन लड़कों ने उसके नाबालिग भाई की पिटाई की और चाकू मार दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार को एक स्कूल के नजदीक हुई, घायल लड़का कालकाजी का रहने वाला है एवं उसे एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की बहन ने अपने बयान में कहा कि वह अपने 17 साल के भाई के साथ आ रही थी, तभी तीन लड़कों ने उनका पीछा किया और आपत्तिजनक टिप्पणी की। लड़की के अनुसार, जब उसके भाई ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उसकी पिटाई की और एक लड़के ने उसके पेट में चाकू मार दिया। इसके बाद वे फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित को एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अब भी वह बयान दर्ज कराने की स्थिति में नहीं है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व दिल्ली) आरपी मीणा ने बताया, हमने मामले में भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं। वे गोविंदपुरी में गिरी नगर स्थित जेजे कैम्प के निवासी हैं।

### महाराष्ट्र बोर्ड की परीक्षा क्रमश: 23 और 29 अप्रैल से शुरू होंगी

**पुणे।** महाराष्ट्र शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं एवं 10वीं कक्षा की लिखित परीक्षा 23 अप्रैल से 21 मई के बीच आयोजित की जाएगी। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक भोसले ने शनिवार को बताया कि 12वीं कक्षा की परीक्षा 23 अप्रैल से 21 मई के बीच आयोजित की जाएगी जबकि 10वीं की बोर्ड परीक्षा 29 अप्रैल को शुरू होगी एवं 20 मई तक चलेगी। सामान्य तौर पर इन परीक्षाओं को फरवरी एवं मार्च महीने में कराया जाता है लेकिन कोविड–19 महामारी की वजह से तिथियों में बदलाव किया गया है। भोसले ने कहा, हमने 16 फरवरी को परीक्षा की प्रस्तावित तारीख जारी की थी और हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए थे। उनके साथ विचार–विमर्श करने के बाद हमने परीक्षा की अंतिम तारीख तय की है।

### अमेरिका पर भारत का 216 अरब डॉलर का कर्ज



**वाशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका पर दो दशक में कर्ज का भार तेजी से बढ़ा है। भारत का भी उस पर 216 अरब डॉलर का कर्ज है। अमेरिका पर कुल 29 हजार अरब डॉलर का कर्ज चढ़ा हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने सरकार को देश पर बढ़ते कर्ज भार को लेकर आगाह किया है। अमेरिका पर कर्ज में चीन और जापान का कर्ज सबसे उंचा है। वर्ष 2020 में अमेरिका का कुल राष्ट्रीय कर्ज भार 23400 अरब डॉलर था। इसका मतलब प्रत्एक अमेरिकी पर औसतन 72309 डॉलर का का ऋण था। अमेरिकी सांसद एलेक्स मूनी ने कहा, हमारा कर्ज बढ़कर 29000 अरब डॉलर तक पहुंचने जा रहा है। इसका मतलब है कि हर व्यक्ति पर कर्ज का भार और अधिक बढ़ रहा है। कर्ज के बारे में सूचनाए बहुत भ्रामक हैं कि यह जा कहां रहा है। जो दो देश–चीन और जापान हमारे सबसे बड़े कर्जदाता हैं, वे वास्तव में वे हमारे दोस्त नहीं हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बाइडेन सरकार के करीब दो हजार अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज का विरोध करते हुए वेस्ट वर्जीनिया का प्रातिनिधित्व करने वाले सांसद मूनी ने कहा, चीन के साथ वैश्विक स्तर पर हमारी प्रतिस्पर्धा है। उनका हमारे ऊपर बहुत बड़ा कर्ज चढ़ा हुआ है।

## जल बोर्ड शोधित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को सार्वजनिक पार्कों में पर्याप्त दबाव के साथ शोधित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने और बागवानी के लिए भूजल के इस्तेमाल को रोकने का निर्देश दिया है।

एनजीटी प्रमुख आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि कदम कथित रूप से उठाए गए हैं और मामले को आगे ले जाने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि डीडीए और दक्षिण दिल्ली नगर निगम द्वारा सार्वजनिक पार्कों में बागवानी के लिए ताजे पानी का उपयोग नहीं हो।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री एदियुरप्पा हुए 78 साल के

एजेंसी। बेंगुलरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस एदियुरप्पा शनिवार को 78 साल के हो गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने मोदी ने ट्विटर के जरिए एदियुरप्पा को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, एदियुरप्पा जी सबसे अधिक अनुभवी नेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपना जीवन किसानों के कल्याण एवं गरीबों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया। हम उनकी लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करते हैं। शाह ने बधाई देते हुए ट्वीट किया, उनकी कर्नाटक के गरीबों एवं किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता सराहनीय है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, साथी विधायकों एवं सहयोगियों ने भी एदियुरप्पा को जन्मदिन की बधाई दी।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा शानदार जीत हासिल करेगी: शिवराज

पायनियर समाचार सेवा। भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा शानदार जीत हासिल करेगी और सत्ता में आएगी क्योंकि वहां के लोग अब ममता बनर्जी के कुशासन के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। चौहान ने यह भी कहा कि वह रविवार को पश्चिम बंगाल में होने वाली परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री चौहान ने यहां पत्रकारों से कहा,



मैं आज रात कोलकाता पहुंचूंगा और कल वहां परिवर्तन रैली में हिस्सा लूंगा। मैं वहां तीन सार्वजनिक सभाओं को भी संबोधित करूंगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 27 मार्च से 29 अप्रैल तक पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में मतदान कराने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, वहां भाजपा की लहर चल रही है, इससे ममता दीदी भयभीत और उग्र हैं। चौहान ने कहा, इसलिए परिवर्तन रैलियों पर हमले किए जा रहे हैं और भाजपा के कार्यकर्ता मारे गए हैं। लेकिन उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। पश्चिम बंगाल में लोग ममता दीदी के कुशासन के खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में शानदार सफलता हासिल करने जा रही है।

# रोहिंग्या के बांग्लादेश से म्यांमा लौटने में भारत का सबसे बड़ा हित : भारत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र।

**भारत** ने विस्थापित रोहिंग्या के बांग्लादेश से म्यांमा जल्द लौटने पर जोर देते हुए कहा कि मुद्दे के समाधान में उसका सबसे बड़ा हित है क्योंकि यह एकमात्र देश है जिसकी दोनों देशों से लंबी सीमा लगती है।

म्यांमा की स्थिति पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की अनौपचारिक बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी. एस. तिरूमूर्ति ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि देश में हुई हालिया घटनाओं से अभी तक हुई प्रगति में बाधा नहीं पहुंचे और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सकारात्मक कदमों को प्रोत्साहित करना चाहिए और उनका समर्थन करना चाहिए। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में 11 लाख से अधिक रोहिंग्या रह रहे हैं, जो सेना की कार्वाई के बाद म्यांमा से भागे थे। सेना की कार्वाई को कई अधिकार समूह जातीय सफाया करार देते हैं। म्यांमा रोहिंग्या को जातीय समूह नहीं मानता और उसका मानना है कि वे बांग्लादेशी प्रवासी हैं जो अवैध रूप से देश में रह रहे हैं। म्यांमा की सेना ने एक फरवरी को देश में तख्तापलट कर वहां की नेता आंग सान सू ची को हिरासत में ले लिया था। सैन्य तख्तापलट ऐसे वक्त में हुआ जब बांग्लादेश 11 लाख रोहिंग्या की सुरक्षित वापसी के लिए अभियान चला रहा था। म्यांमा के रखाइन प्रांत से विस्थापित लोगों के मुद्दे पर तिरूमूर्ति ने कहा कि विस्थापित लोगों की वापसी के मुद्दे को सुलझाने में भारत का सबसे बड़ा हित है क्योंकि यह एकमात्र ऐसा देश है जिसकी बांग्लादेश और म्यांमा से लंबी सीमा लगती है।

# बदमाशों ने सुरंग खोदकर एक घर से जमीन में गड़ी चांदी चुराई

एजेंसी। जयपुर

**जयपुर** शहर में चोरों ने 20 फुट लंबी सुरंग खोदकर एक घर से चांदी से भरा संदूक उड़ा लिया। यह घटना जयपुर के वैशालीनगर की है।

पुलिस के अनुसार यह चोरी एक चिकित्सक के घर में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने इस चिकित्सक के घर के पीछे का घर जनवरी माह में 87 लाख रुपए में खरीदा, फिर वहां काम करवाने के बहाने उसकी दीवारों



को चद्दरों से ढक दिया ताकि खुदाई का पता नहीं चल सके। पुलिस ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने इस नए खरीदे घर से 20 फुट लंबी सुरंग खोदी। इस सुरंग से वे चिकित्सक के घर के बेसमेंट में जमीन में दबाए गए संदूक तक पहुंचे और उसमें रखी चांदी चुरा ली। उन्होंने बताया कि डॉ सुनीत सोनी हेयर ट्रांसप्लांट क्लिनिक चलाते हैं। उन्हें बेसमेंट के फर्श में कुछ गड़बड़ नजर आई तो उन्होंने बुधवार को इसे खोदा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजयपाल लांबा ने कहा, शुरुआती जांच में डॉ सोनी के एक दोस्त के इसमें संलिप्त होने का संदेह है क्योंकि उसे चांदी छिपा के रखे जाने के बारे में जानकारी थी।

# कश्मीर में ताजा बर्फबारी के कारण शीतलहर जैसे हालात


एजेंसी। श्रीनगर।

**कश्मीर** में शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई जिससे घाटी में शीतलहर जैसी स्थिति पुन: उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह घाटी में दिन का तापमान सामान्य से कई डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर समेत कश्मीर के कई हिस्सों में ताजा बर्फबारी हुई है। उन्होंने कहा कि कुपवाड़ा जिले के माछिल और जेड–गली इलाकों में एक फुट से ले कर 18 इंच के बीच बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, बारामुला और सोनमर्ग में सात इंच तक बर्फबारी हुई। श्रीनगर में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है। शनिवार को यहां ओले गिरे और बर्फबारी हुई। बारिश और बर्फबारी के कारण दिन का तापमान कई डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

# द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण भारत बनाए : इमरान खान

एजेंसी। इस्लामाबाद।

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत के साथ संघर्ष विराम समझौते का शनिवार को स्वागत किया और कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की जिम्मेदारी नई दिल्ली की है। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बृहस्पतिवार को संयुक्त रूप से घोषणा की थी कि वे नियंत्रण रेखा पर और अन्य सेक्टरों में संघर्ष विराम समझौते का कड़ाई से पालन करेंगे। इसके बाद पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए खान ने कहा कि पाकिस्तान, भारत



के साथ सभी लंबित मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए करने को तैयार है। उन्होंने ट्वीट किया, नियंत्रण रेखा पर फिर से संघर्ष विराम स्थापित करने का मैं स्वागत करता हूं। इसमें आगे की प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की जिम्मेदारी भारत की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार कश्मीरी लोगों द्वारा अपने निर्णय खुद करने की उनकी बहुप्रतीक्षित मांग और अधिकार के लिए भारत को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

खान ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, हम हमेशा शांति चाहते हैं और सभी लंबित मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए निकालने को तैयार हैं। पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायु सेना द्वारा 2019 में जैश–ए–मोहम्मद के आतंकी शिविरों पर हवाई हमला किया गया था।



पूसा कृषि विज्ञान मेला 2021 का उद्घाटन करते केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी एवं महानिदेशक, डॉ. त्रिलोचन महापात्र।



उत्कृष्ट खेती को और भी आसान बनाने के लिए केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकियां पूसा कृषि विज्ञान मेले का मुख्य आकर्षण रहीं।



मेले में अन्नदाता किसानों के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भोपाल में स्थित केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकियों का जायजा लेते आगंतुक।

● प्रस्तुति एवं फोटो श्रीनाथ दीक्षित

# नोएडा में यूपी का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क

## सीईओ की अगुवाई में अफसरों की टीम दौरा करने गई है विशाखापट्टनम

### कम पूंजी लगाने वाले उद्यमियों को होगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश में पहला मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग्स पार्क बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए यमुना सिटी में फ्लैटेड फैक्ट्री योजना लांच की जाएगी। एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ अरुण वीर सिंह की अगुवाई में अथॉरिटी के अधिकारियों का एक दल विशाखापट्टनम गया हुआ है।

दरअसल, फ्लैटेड फैक्ट्री योजना में पहले से संचालित हो रही है। अधिकारियों की टीम इसके लाभ-हानि की समीक्षा करेगी और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में इसे लागू करने की योजना पर अमल किया जाएगा। वहां से लौटने के बाद प्राधिकरण के सीईओ की अध्यक्षता में बैठक कर इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने करीब 6 महीने पहले मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग्स पार्क बनाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी नियुक्त किया था।

यमुना प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने करीब दो महीने पहले हुए बिडिंग प्रक्रिया में भाग लिया था। शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि अगले कुछ दिनों में जल्दी ही मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क को लेकर फैसला हो जाएगा। इस परियोजना के लिए सेक्टर-28 में करीब 250 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है।

**विदेशी कॉन्सेप्ट है**

फ्लैटेड फैक्ट्री की परिकल्पना विदेशी है। इसके तहत फ्लैटनुमा बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाता है। इनमें जूता सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक-इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट, हैंडीक्राफ्ट, फैशन डिजाइन, आईटी सेक्टर से जुड़े केपीओ, बीपीओ, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजाइनिंग, असेंबलिंग की छोटी फैक्ट्रियां स्थापित होती हैं। इन फ्लैटेड फैक्ट्रियों में अन्य जरुरी संसाधन पहले से ही स्थापित होंगे।

दरअसल फ्लैटेड फैक्ट्री कॉन्सेप्ट ऐसे उद्यमियों के लिए है, जो कम पूंजी में व्यवसाय करने के इच्छुक हैं। जिनके पास जमीन खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं, वे इन सोसाइटी में किराये पर जगह लेकर कारोबार शुरू कर सकते हैं। फ्लैटेड फैक्ट्री में प्रोजेक्ट की जरुरत के मुताबिक स्थान आवंटित किया जाता है।

**हेल्थ सेक्टर को मजबूत करना चाहती है सरकार**

कोरोना महामारी में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने और चीन पर निर्भरता कम करने के लिए कवायद तेज हो गई है। इसको लेकर मेडिकल उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल उपकरणों का निर्माण करने के लिए मेडिटेक पार्क की डीपीआर कलाम ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी (केआईएचटी) हैदराबाद बना रहा है। इस मेडिटेक पार्क में करीब 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। इससे यहां करीब 60 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। बता दें कि भारत में अभी 20 प्रतिशत मेडिकल उपकरण बनाए जाते हैं। बाकी 80 प्रतिशत आयात किए जाते हैं। इस निर्भरता को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने यह पहल की है। यहां पर मेडिकल उपकरण बनने से कीमतों में भी कमी आने की उम्मीद है।

## महिलाओं को आर्थिक मजबूती देंगे : तोमर

**नोएडा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आजीविका मिशन देश की ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

तोमर ने सेक्टर-33ए स्थित नोएडा शिल्प हाट में आयोजित आजीविका सरस मेले के उद्घाटन अवसर पर शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा उनकी प्रतिभाओं को देशवासियों के समक्ष लाने के लिए केंद्र सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए वर्ष 2022 तक 10 करोड़ महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को बेहतर मंच देने के लिए ही आजीविका सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने सरस आजीविका मेले का निरीक्षण किया।

# जेवर एयरपोर्ट : 1000 करोड़ कर्ज लेगा यीडा


## ब्याज का बोझ कम करने और परियोजना में किया जाएगा इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ब्याज का बोझ कम करने के लिए बैंक से एक हजार करोड़ रुपये का लोन लेगा। पिछला ऋण चुकाने के साथ इस धनराशि का इस्तेमाल जेवर एयरपोर्ट परियोजना में किया जाएगा।

कोरोना महामारी लॉकडाउन खत्म होने के बाद से प्राधिकरण अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में लगा है। इसमें कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा के बाद से इस दिशा में सराहनीय सुधार हुआ है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के जेवर में बनने के ऐलान के बाद से यमुना प्राधिकरण की माली हालत में लगातार सुधार हो रहा है। यहां कई बड़े प्रोजेक्ट्स के जरिए प्राधिकरण को अरबों रुपये का निवेश मिल रहा है। साथ ही आवासीय योजनाओं में भी लोग रुचि दिखा रहे हैं। यमुना प्राधिकरण नई परियोजनाओं को लेकर भी काम कर रहा है। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण और विस्तार में प्राधिकरण को भी अपनी हिस्सेदारी देना है।



**कम दर पर मिलेगा लोन**

इस सिलसिले में प्राधिकरण 1 हजार करोड़ रुपए का लोन लेगा। यह लोन उसे 6.9 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर मिलेगा। हालांकि बैंकों से अथॉरिटी को 8 या 8.17 फीसदी की दर से पैसा मिल रहा है। इस रकम से प्राधिकरण ज्यादा ब्याज लेने वाले बैंकों का लोन चुकता करेगा। वित्तीय वर्ष 2016-17 में यमुना प्राधिकरण के जिम्मे 4,842 करोड़ रुपए का लोन था। साल 2020 तक प्राधिकरण ने इसका ज्यादा हिस्सा जमा कर दिया है। अब सिर्फ 1500 करोड़ रुपये का ऋण बचा है। इसमें से 900 करोड़ रुपए नोएडा प्राधिकरण का है। अफसरों को उम्मीद है कि जल्दी ही लोन का ऋण खत्म कर दिया जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने कम दर पर लोन देने की इच्छा जताई है।

# सपा के पूर्व प्रवक्ता अनिल यादव ने पार्टी से दिया त्यागपत्र

### पंखुड़ी पाठक पर अभद्र टिप्पणी से आहत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सपा के पूर्व प्रवक्ता अनिल यादव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से शनिवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी एवं कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रदेश उपाध्यक्ष पंखुड़ी पाठक ने गत दिनों ट्विटर पर पूर्व सीएम अखिलेश यादव का एक पोस्ट साझा किया था और पंखुड़ी पाठक द्वारा साझा किए गए पोस्ट पर कुछ नेता लगातार गलत टिप्पणी कर रहे थे।

यादव ने कहा कि इसकी शिकायत समाजवादी पार्टी के आला नेताओं से की गई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। यादव ने बताया कि टिप्पणी करने वाले सपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पार्टी के आधिकारिक ट्विटर ग्रुप से उल्टा उन्हें ही नसीहतें मिलनी शुरू हो गईं। यादव ने कहा कि सपा नेताओं पर कोई कार्रवाई न किए जाने से आहत होकर उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

यादव का कहा, जब वह अपनी पत्नी के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते, तो ऐसे में वह पार्टी में रहकर नारी सम्मान की बात को कैसे उठाएंगे।

## प्लास्टिक कचरे के स्थायी समाधान को अभियान

**गाजियाबाद।** निगम ने प्लास्टिक वेस्ट के समाधान के लिए प्लास्टिक टूरिज्म नाम से अभियान शुरू किया। इसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के पुर्नचक्रण को बढ़ावा देना और शहर में पुर्ननवीनीकरण प्लास्टिक के उपयोग को बढ़ाना है।

भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ इस अभियान का ऑफिशियल पार्टनर है। शहरी मामलों के मंत्रालय सचिव डीएस मिश्रा समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने इस अभियान की सराहना की और हैश टैग प्लास्टिक टूरिज्म का उद्घाटन किया। मेयर आशा शर्मा ने कहा कि हम इस अभियान को रचनात्मक रूप से शुरू कर रहे हैं और संभावित टिकाऊ समाधान पर फिर से विचार कर रहे हैं।



अभियान के शुरूआत के मौके पर मौजूद शहरी मंत्रालय के सचिव डीएस मिश्रा।

# बिना बताए गायब हुए थाना प्रभारी को एसएसपी ने किया निलंबित

### दो निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अपने ही थाने से बिना बताए गैर हाजिर रहने पर मसूरी थाना प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. इराज राजा ने औचक निरीक्षण किया तो राघव बिना पूर्व सूचना के थाने से गायब मिले। इसके अलावा समय-समय पर महत्वपूर्ण सूचनाओं को अधिकारियों को प्रेषित ना करने की रिपोर्ट भी एसपी ग्रामीण ने दी थी। पुलिस अधीक्षक नगर प्रथम को विभागीय कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया।

दूसरी ओर एक ही थाने पर लगभग 1 वर्ष का समय पूरा कर चुके निरीक्षक रणसिंह एवं निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप का स्थानांतरण किया गया है। निरीक्षक हरिओम को निवाड़ी का प्रभार दिया गया जबकि रणसिंह को लिंक रोड एवं निरीक्षक ओमप्रकाश आर्य को टीला मोड़ व निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप को मसूरी का प्रभार दिया गया।

## मेट्रो-बस स्टैंड पर अलग रंग में दिखाई देंगे ऑटो

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में अवैध ऑटो पर अंकुश लगाने लिए नोएडा पुलिस ने कमर कस ली है। अब शहर में हर एक ऑटो चालक का नाम, पता और उसकी पूरी जानकारी पुलिस ने जुटाना शुरू कर दिया है। यहां तक की अब हर एक ऑटो को कलर कोड भी दिया जायेगा। जिससे यह पता होगा कि यह ऑटो सवार को छोड़ने के बाद कहां जायेगा।

ट्रैफिक डीसीपी गणेश शाहा ने बताया कि अवैध ऑटो पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने शहर में चलने वाले ऑटो की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। हर एक ऑटो को कलर कोड भी दिया जायेगा। नोएडा और ग्रेनो की सड़कों पर तीन कलर के ऑटो चलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



पंचायत चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक करते बसपा कार्यकर्ता।

### पंचायत चुनाव को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में बसपा की सेक्टर समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मण्डल सेक्टर प्रभारियों ने आगामी पंचायती चुनाव के लिए बूथ एवं सेक्टर कमेटियों को मजबूत करने पर मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ एके कर्दम व संचालन विधानसभा अध्यक्ष राजू जाटव ने किया। बैठक में मण्डल सेक्टर प्रभारी तिलक चौधरी ने कहा कि 2022 में विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके मद्देनजर जल्द ही होने जा रहे पंचायती चुनाव पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। पार्टी जितनी मजबूती के साथ पंचायती चुनाव लड़ेगी उसका फायदा विधानसभा चुनावों में मिलेगा। मण्डल सेक्टर प्रभारी डॉ. देवेन्द्र भारती ने कहा कि जनता भाजपा की तानाशाही सरकार से पूरी तरह त्रस्त आ चुकी है। जनता ने आने वाले चुनावों में बसपा को जिताने का मन बना लिया है और 2022 में प्रदेश के अन्दर बसपा सरकार बनने जा रही है।



हापुड़ पुलिस द्वारा रेप मामले में गिरफ्तार आरोपी।

### ऑटो में महिला से दुष्कर्म करने वाले गिरफ्तार

**हापुड़।** दो दिन पहले महिला के साथ ऑटो में गैंगरेप करने वालों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा, तीन तमंचे, कारतूस और महिला से लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया है। बता दें कि हापुड़ में एसपी नीरज कुमार जादौन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभियान चला रखा है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए अपरेशन क्लीन जारी है। दो दिन पहले गाजियाबाद से ऑटो में बैठी एक महिला के साथ 3 लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर हापुड सीमा पर फेंककर फरार हो गए थे। जब महिला गाजियाबाद पुलिस से मदद के लिए थाने गई तो गाजियाबाद पुलिस ने सीमा विवाद का रोना रोकर महिला को टरका दिया था। इसके बाद पीड़िता हापुड़ जिले की पुलिस के पास आई। इसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल का मुआयना किया।

### नोएडा में दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** जिले की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। नॉलेज पार्क थानाध्यक्ष वरुण पवार ने बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर कौशल्य चौराहे के पास से अब्बास उर्फ अरबाज तथा शाहबाज को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। पवार ने बताया कि पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि दोनों काफी दिनों से गांजा तस्करी कर रहे थे।

# अपराध पर अंकुश के लिए कई बदमाशों की खोली हिस्ट्रीशीट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में अपराधों के चढ़ते हुए ग्राफ पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 नए शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। ये सभी अपराधी हत्या, लूट, चोरी व अन्य घटनाओं से संबंधित है। इनमें से सात हत्यारे, 7 चोर, 3 लुटेरे और एक अन्य अपराधिक श्रेणी से संबंधित है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने बताया कि सभी 18 अपराधी हाल ही में प्रकाश में आए हैं और इनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने के बाद इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि थाना टीला मोड़ में एक, लोनी बॉर्डर से चा,र मोदीनगर से 2, इंदिरापुरम से तीन विजयनगर, मुरादनगर, लिंक रोड से एक-एक और कविनगर से 3 अपराधी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

कप्तान ने बताया कि अब इन सभी 18 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट एनएसए व अन्य अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## सेक्टर-12 में देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 पुलिस ने शनिवार को सेक्टर 12 स्थित एक गेस्ट हाउस में छापा मारकर वहां चल रहे देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़ किया। इस मामले में गेस्ट हाउस के संचालक सहित सात युवकों तथा चार लड़कियों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी (जोन प्रथम) राजेश एस. ने बताया कि थाना सेक्टर- 24 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-12 के आई- ब्लॉक में स्थित एक गेस्ट हाउस में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा के नेतृत्व मे मानव तस्करी रोधी इकाई तथा थाना सेक्टर 24 पुलिस ने संयुक्त रूप से गेस्ट हाउस पर छापेमारी की।

# खुशखबरी 10 मार्च से शुरू होगा आयुष्मान शिविर

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत परिवारों के बनेंगे कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पात्र लोगों का आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड नहीं बना है उनके लिए सरकार ने आगामी 10 मार्च से 24 मार्च तक शिविर आयोजित करने का फैसला किया है।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने गाजियाबाद समेत सूबे के सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को 10 से 24 मार्च तक 'आयुष्मान पखवाड़ा' आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

सीएमओ डा. एनके गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर इस पखवाड़े के दौरान कार्ड विहीन परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया अब गोल्डन कार्ड का नाम बदलकर आयुष्मान कार्ड कर दिया गया है।

बता दें कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित परिवारों को प्रतिवर्ष, प्रति परिवार पांच लाख रूपए तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा अनुमन्य है। जनपद में चार सरकारी चिकित्सालयों समेत 27 निजी चिकित्सालय आयुष्मान भारत योजना में आबद्ध हैं। सीएमओ ने बताया योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है।

हर लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान पखवाड़ा के दौरान सघन अभियान चलाया जाएगा। इसमें लक्षित परिवारों को इसके प्रति जागरूक कर आयुष्मान कार्ड शिविर तक लाने एवं उनका कार्ड बनवाने के हर संभव प्रयास करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव की ओर से दिए गए हैं।

## निगम का डोर टू डोर गोबर क्लेक्शन शुरू

**गाजियाबाद।** घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्शन की तर्ज पर गाजियाबाद नगर निगम ने दिल्ली से सटे गाजियाबाद के हिन्डनपार इलाके में डोर टू डोर गोबर कलेक्शन शुरू कर दिया है। इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट मोहननगर व वसुंधरा जोन में शुरू किया गया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि यदि यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा तो महानगर में गोबर की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश ने बताया गया कि इस प्रकार की योजना से शहर की स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार अपराधी धरा

## सूखे मेवे खरीदने-बेचने की कंपनी बनाकर व्यापारियों से ठगे करोड़ों रुपए

### साजिश में शामिल आठ लोग अभी हैं फरार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 62 में सूखे मेवे खरीदने- बेचने की एक कंपनी बनाकर करोड़ों की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में इससे पूर्व चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि आठ लोग फरार हैं।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने बताया कि थाना सेक्टर 58 पुलिस ने शनिवार को इनामी बदमाश सत्यम यादव को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि ये लोग ड्राई फ्रूट की कंपनी बनाकर देश के सैकड़ों थोक व्यापारियों से करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में आरोपी हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर 62 में मोहित गोयल, ओमप्रकाश, सुनीता नेगी आदि ने दुबई ड्राई फ्रूट के नाम से एक कंपनी बनाई। इन लोगों ने देश के विभिन्न थोक व्यापारियों से महंगे दाम पर ड्राई फूड खरीदा तथा उनसे धोखाधड़ी करके करोड़ों रुपए की ठगी कर ली।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में 12 जनवरी को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने मोहित गोयल व ओमप्रकाश जांगिड़ को गिरफ्तार किया था। जबकि बाद में सुनीता तथा अमर सहित दो लोग की गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने बताया कि इस अपराध में शामिल आठ लोग अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पति और उसका सहयोगी।

# पत्नी और बेटे की हत्या के लिए सुपारी देने वाला गिरफ्तार

### बीमा की रकम के लिए रची थी साजिश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एक पति ने ऐसी साजिश रची जिसे सुनकर पुलिस के भी होश फाख्ता हो गए। पति ने बीमा की रकम हड़पने के लिए अपनी पत्नी और 4 वर्ष के बेटे की हत्या की सुपारी दे दी। हालांकि इससे पहले सुपारी किलर इस हत्याकांड को अंजाम दे पाता उसके दिल में रहम आ गया और उसने उसकी पत्नी को सारी सच्चाई बता दी। इसके बाद पत्नी ने पुलिस को शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने पति और सुपारी किलर से मिलवाने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया जबकि सुपारी किलर अभी फरार है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों में अजय (पति)और राम प्रकाश हैं जो कविनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि अजय पर आरोप है कि उसने बीमे की रकम हड़पने के लिए अपनी पत्नी और 4 वर्ष के बेटे की सुपारी 5 लाख में दे दी। लेकिन सुपारी लेने वाले के दिल मे रहम आ गया क्योंकि बच्चा महज 4 वर्ष का था। सुपारी किलर गजराज ने उसकी पत्नी को सारी बात बता दिया। उसके बाद पत्नी ने पुलिस को खबर दी। पुलिस ने आरोपी पति अजय और सुपारी किलर से मिलवाने वाले राम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि सुपारी लेने वाला गजराज फरार है। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद अजय ने यह स्वीकार कर लिया कि उसने अपनी पत्नी और बच्चे की हत्या के लिए सुपारी दी थी।

# हिंडन नदी में अब नहीं गिरेगा नालों का गंदा पानी

## नगर निगम ने सीवर के पानी को शोधित करने के लिए लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की साक्षी रही हिंडन नदी को निर्मल बनाने के लिए नगर निगम ने शहर के गिरने वाले नालों के पानी को संशोधित करने के लिए एक बड़ा फैसला किया है। हिंडन नदी में इस समय गाजियाबाद शहर के 10 प्रमुख नालों का गंदा पानी गिरता है जिसके कारण हिंडन का पूरा पानी न केवल प्रदूषित हो गया है बल्कि पानी के अंदर घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा भी जीरो हो गई है जिसके चलते नदी के अंदर मछलियों को सांस लेना भी दूभर हो गया है।

नगर निगम के मुताबिक हिंडन नदी में इस समय शहर के 10 प्रमुख नालों का सीवर का गंदा पानी जाता है। इस गंदे पानी को रोकने के लिए नगर निगम ने एक कार्य योजना तैयार की है। अब सीवर के गंदे पानी को पहले जल संशोधन संयंत्र के जरिए साफ किया जाएगा उसके बाद साफ-सुथरे पानी को नदी में छोड़ने के लिए हरी झंडी दी जाएगी। इसी कड़ी में शनिवार को नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने विशेषज्ञ टीम के साथ हिंडन नदी और उसमें गिरने वाले सभी नालों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि हिंडन नदी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अट्ठारह सौ सत्तावन की साक्षी रही है और यहां ही सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल बजा था। इसके अलावा नदी का आध्यात्मिक महत्व भी है।

इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए हमने सभी नालों के पानी को पहले रोककर उसको शोधित करने का फैसला किया है। उसके बाद ही इस पानी को नदी में छोड़ा जाएगा।



हिंडन नदी में गिरने वाले शहर के एक प्रमुख नाले का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर और विशेषज्ञ टीम के सदस्य।

# अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे भारतीय टीम से बाहर, एकदिवसीय में शेफाली को नहीं मिली जगह

एजेंसी। नई दिल्ली

**अनुभवी** तेज गेंदबाज शिखा पांडे को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात मार्च से शुरू होने वाली आगामी एकदिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए शनिवार को चुनी गई भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल नहीं किया गया है। मिताली राज एकदिवसीय जबकि हरमनप्रीत कौर टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगी। युवा विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एकदिवसीय टीम में जगह नहीं दी गई है, जिसके बाद नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति के फैसले पर सवाल उठने लगा है। एकदिवसीय टीम में मिताली और पुनम राउत जैसे बल्लेबाज है जिन्हें धीमी बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। पिछले साल महिला टी-20 विश्वकप में शानदार बल्लेबाजी करने वाली शेफाली को 19 टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अनुभव है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर एजेंसी से कहा, यह जानना दिलचस्प होगा कि शीर्ष क्रम पर धीमी बल्लेबाजी करने के लिए जानी जाने वाली कप्तान मिताली राज खुद शेफाली को टीम में चाहती थी या नहीं। उन्होंने कहा, शेफाली की गैरमौजूदगी में भारत को बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ियों की कमी खलेगी। चयनकर्ताओं ने पिछले सत्र के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ भारत ए और भारत बी की श्रृंखला के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए टीम का चयन किया है जिसमें कई नए चेहरों को मौका मिला है। नियमित विकेटकीपर सुषमा वर्मा दोनों टीमों का हिस्सा है जबकि एकदिवसीय टीम में श्वेता वर्मा और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नुजहत परवीन दूसरे विकेटकीपर की भूमिका में है। श्वेता को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। चयनकर्ता शिखा की जगह तेज गेंदबाजी में बेंच स्ट्रेंथ को परखना करना चाहते थे जिसमें दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज सी प्रत्युषा और मोनिका पटेल को दोनों टीम में शामिल किया गया था। युवा तेज गेंदबाज सिमरन दिल बहादुर टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं।

बाएं हाथ की स्पिनर यास्तिका भाटिया को 50 ओवरों की टीम में एकता बिष्ट की जगह मौका मिला है, जबकि लंबे समय से खराब फार्म से जूझ रही बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। एकदिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के सभी मैचों को लखनउ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा।

**एकदिवसीय श्रृंखला के भारतीय महिला टीम:** मिताली राज (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, पुनम राउत, प्रिया पुनिया, यास्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर (उप-कप्तान), डी. हेमलता, दीप्ति शर्मा, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), श्वेता वर्मा (विकेटकीपर)), राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, झूलन गोस्वामी, मानसी जोशी, पूनम यादव, सी. प्रत्यूषा, मोनिका पटेल।

**टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, हरलीन देओल, सुषमा वर्मा (विकेट-कीपर), नुजहत परवीन (विकेट कीपर), आयुषी सोनी, अरुण लाल , राधा यादव, राजेश्वेरी गायकवाड़, पूनम यादव, मानसी जोशी, मोनिका पटेल, सी. प्रत्यूषा, सिमरन दिल बहादुर।




### आईसीसी से गंभीर सजा से बच सकता है मोटेरा

# अंतिम टेस्ट की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की संभावना

कुशान सरकार। नई दिल्ली

**दिन**-रात्रि टेस्ट के दो दिन के अंदर खत्म होने के बाद मोटेरा की पिच को भले ही आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो लेकिन इसे खेल की संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से गंभीर सजा मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि अंतिम टेस्ट की पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने की संभावना है। भारत चार टेस्ट की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए उसे लार्ड्स में 18-22 जून तक होने वाले अंतिम टेस्ट को सिर्फ ड्रॉ कराना होगा। एक और स्पिन की अनुकूल पिच की संभावना कम है क्योंकि घरेलू टीम पिच को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती।

मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, अच्छी पिच की उम्मीद है जो ठोस रहेगी और समान उछाल मिलेगा। यह बल्लेबाजी के अनुकूल होगी और यह पारंपरिक लाल गेंद का टेस्ट मैच होगा इसलिए यहां चार से आठ मार्च तक होने वाले मुकाबले में काफी बड़े स्कोर की उम्मीद की जा सकती है। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों के साथ टीम प्रबंधन भी समझता है कि धूल से भरी एक और पिच नए स्थल के लिए अच्छी नहीं होगी, जिसके इंडियन प्रीमियर लीग और आईसीसी टी-20 विश्वकप के दौरान कई महत्वपूर्ण मैचों की मेजबानी करने की संभावना है। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, अगर एक ही स्थल पर दो मैच होते हैं तो आप एक नतीजे को अलग नहीं कर सकते। अंतिम टेस्ट होने दीजिए और इसके बाद ही मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ की रिपोर्ट के आधार पर आईसीसी अपनी कार्रवाई को लेकर फैसला करेगा। साथ ही अब तक इंग्लैंड की टीम ने भी कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।



### श्रृंखला को 3-1 से अपने नाम करना चाहेगा भारत

अगर एक ही स्थल पर एक अच्छी और एक खराब पिच होती है तो आईसीसी के कार्रवाई करने की संभावना नहीं है। भारत श्रृंखला को 3-1 से अपने नाम करके खुश होगा लेकिन टीम को नतीजा देने वाली स्पिन की अनुकूल पिच की जरूरत नहीं है क्योंकि उसके लिए ड्रॉ ही काफी है। साथ ही भारतीय टीम प्रबंधन ऐसी पिच नहीं चाहता जिस पर बेहद महत्वपूर्ण मैच में खेलते हुए उसे नुकसान उठाना पड़े। उन्होंने कहा, गुलाबी गेंद का टेस्ट अच्छा रहा क्योंकि यह गेंद से अधिक जुड़ा हुआ मामला था। गेंद पिच पर गिरकर तेजी से आ रही थी जबकि पिच में कोई समस्या नहीं थी जैसा इंग्लैंड के कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कह रहे हैं। वे सीधी गेंदों का सामना करने में नाकाम रहे। लेकिन इस तरह की पिचें अपने ऊपर भी भारी पड़ सकती हैं और बीसीसीआई को इसकी अच्छी तरह जानकारी है। अगले टेस्ट के टीम संयोजन में बदलाव होगा क्योंकि जसप्रीत बुमराह को निजी कारणों से अगले टेस्ट में नहीं खेलने की स्वीकृति दे दी गई है। मोहम्मद सिराज के अंतिम टेस्ट में इशांत शर्मा का नई गेंद से साथ निभाने की संभावना उमेश यादव के मुकाबले अधिक है जबकि तीनों स्पिनरों का खेलना लगभग तय है। वाशिंगटन सुंदर की बेहतर बल्लेबाजी क्षमता अंतिम टेस्ट में मध्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

# बुमराह निजी कारणों से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर

एजेंसी। अहमदाबाद


**तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को निजी कारणों से गुरुवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम से रिलीज किया गया है। बीसीसीआई ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चौथे टेस्ट के लिए बुमराह की जगह किसी को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा, जसप्रीत बुमराह ने अनुरोध किया था कि निजी कारणों से वह चौथा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। उन्हें टीम से रिलीज कर दिया गया है और वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत पांच टी-20 और तीन वनडे की सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पहले ही आराम दिया गया है। बुमराह ने आस्ट्रेलिया में तीन मैचों में 11 विकेट लिए और ब्रिसबेन में आखिरी टेस्ट पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके थे। इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिए जिसमें भारत को 227 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी। दूसरे टेस्ट में उन्हें आराम दिया गया जिसे भारत ने 317 रन से जीता। तीसरे टेस्ट में उन्होंने कोई विकेट नहीं लिया जो भारत ने दस विकेट से जीता था। स्पिनरों की मददगार पिच पर उन्होंने छह ओवर ही डाले।



# भारत को जितनी छूट दी जाएगी, आइसीसी उतना ही बेअसर दिखेगी: माइकल वान

**लंदन।** टेस्ट क्रिकेट के अनुकूल पिचें तैयार नहीं करने के लिए बीसीसीआई की आलोचना करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि भारत को अपनी मनमर्जी चलाने के लिए जितनी अधिक छूट दी जाएगी, उतना ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बेअसर नजर आएगी। इंग्लैंड को गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन ही 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत ने चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली।



वान ने डेली टेलीग्राफ में लिखा, भारत जैसे शक्तिशाली देशों को इसके लिए जितनी अधिक छूट दी जाएगी आईसीसी उतना अधिक बेअसर नजर आएगा। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, भारत जैसी पिच तैयार करना चाहता है खेल की संचालन संस्था उसे इसके लिए छूट देती है और इससे टेस्ट क्रिकेट को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने लिखा, शायद प्रसारक अपने नुकसान की भरपाई की मांग करें तो ही हालात बदलेंगे। खिलाड़ियों के खराब खेलने पर वे मैच जल्दी खत्म होना स्वीकार कर सकते हैं लेकिन मेजबान बोर्ड के ऐसी खराब पिचें बनाने पर नहीं। वान ने लिखा, उनके तीन दिन खराब हुए लेकिन प्रोड्क्शन को तो पैसा देना ही है। वे खुश नहीं होंगे और आगे से टेस्ट मैचों के प्रसारण अधिकारों के लिए दो बार सोचेंगे। उन्होंने भारत की जीत को खोखली कहा लेकिन स्वीकार किया कि मेजबान टीम बेहतर थी। उन्होंने कहा, भारत ने तीसरा टेस्ट जीता लेकिन यह खोखली जीत थी। इस मैच में कोई विजेता नहीं रहा। भारत ने अपना कौशल दिखाया और यह मानने में कोई बुराई नहीं कि उपमहाद्वीप के हालात में वह बेहतर टीम है।

## संक्षिप्त समाचार

### राशिद खान की जगह लामिछाने लाहौर कलंदर्स टीम में

**इस्लामाबाद।** नेपाल के लेग स्पिनर संदीप लामिछाने को पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों के लिए अफगानिस्तान के राशिद खान की जगह लाहौर कलंदर्स टीम में शामिल गया गया है। 20 वर्ष के लामिछाने 2019 में पाकिस्तान प्रीमियर लीग में लाहौर टीम का हिस्सा थे। राशिद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए लीग छोड़कर चले गए हैं। उन्होंने दो मैच खेले और दोनों लाहौर ने जीते। इसके बाद तीसरे मैच में लाहौर को मुल्तान सुल्तांस ने सात विकेट से हरा दिया। लामिछाने ने 21 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में 14.55 की औसत से 34 विकेट लिए हैं।

### अदिति ने गेनब्रिज एलपीजीए में कट हासिल किया

**ओरलैंडो ( अमेरिका )।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने 2021 में पहले टूर्नामेंट में खेलते हुए गेनब्रिज एलपीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में कट हासिल किया। पहले दौर में 74 का स्कोर बनाने वाली अदिति ने दूसरे दौर में डबल बोगी की, लेकिन इसके बाद इससे उबरते हुए तीन बर्डी के साथ एक अंडर 71 का स्कोर बनाने में सफल रही। भारतीय गोल्फर ने दूसरे होल में डबल बोगी की थी, लेकिन वह पांचवें, 10वें और 16वें होल में बर्डी करने में सफल रही। वह संयुक्त 57वें स्थान पर चल रही है। अपने घरेलू कोर्स पर खेल रही अमेरिका की लीडिया को ने लेक नोना गोल्फ एवं कंट्री क्लब में 36 होल के बाद कुल 10 अंडर के स्कोर के से बढ़त बरकरार रखी है। अमेरिका की ही नेली कोर्डा दूसरे दौर में 68 के स्कोर से कुल नौ अंडर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### लाहिड़ी ने 71 का कार्ड खेल कट हासिल किया, अटवाल चूके

**रियो ग्रेंडे।** अनुभवी भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने प्यूर्टो रिको ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेल संयुक्त 38वें स्थान के साथ कट हासिल किया। पहले दौर दो अंडर 70 का स्कोर करने वाले लाहिड़ी का 36 होल के बाद कुल स्कोर तीन अंडर 141 है। चार महीने के मुश्किल समय के बाद खेल के मैदान पर वापसी कर रहे अर्जुन अटवाल हालांकि 71 और 76 के स्कोर के साथ कट हासिल करने से चूक गए। भारतीय मूल के गोल्फर स्वीडन के गोल्फर डेनियल चोपड़ा (74, 71) भी कट हासिल करने में नाकाम रहे। दूसरे दौर मे पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने वाले ब्रांडोन वू कुल 11 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर है।

### इंग्लैंड की रोटेशन नीति के तहत वोक्स स्वदेश लौटेंगे

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के हरफनमौला क्रिस वोक्स ईसीबी की रोटेशन नीति के तहत एक भी मैच खेले बिना भारत के टेस्ट दौरे से रवाना हो गए हैं। वोक्स दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और भारत दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा थे लेकिन किसी मैच में उन्हें उतारा नहीं किया। उन्होंने आखिरी वनडे आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल सितंबर में खेला था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इसकी पुष्टि की कि वोक्स स्वदेश लौटेंगे। केविन पीटरसन और इयान बेल समेत पूर्व खिलाड़ियों ने इंग्लैंड टीम की रोटेशन नीति की काफी आलोचना की है। इस नीति के तहत जोस बटलर और मोईन अली पहले टेस्ट के बाद लौट गए। जॉनी बेयरस्टॉ और मार्क वुड पहले दो टेस्ट नहीं खेल सके। इंग्लैंड चार मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है।

### बेनसिच को हराकर स्वियोटेक ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता

**एडीलेड।** फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने शनिवार को यहां मेमोरियल ड्राइव पर बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-2 से हराकर एडीलेड इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीत लिया। पोलैंड की 19 साल की खिलाड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया और सिर्फ 22 गेम हारी। स्वियाटेक पहले सेट में जब 3-2 से आगे थी तब उन्होंने बेनसिच की सर्विस तोड़ी जब स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी ने तीन डबल फॉल्ट किए। पोलैंड की खिलाड़ी को इसके बाद मैच जीतने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा।

### श्रेयस अय्यर के शतक से मुंबई ने राजस्थान को हराया

जयपुर। कप्तान श्रेयस अय्यर के 116 रन और शारदुल ठाकुर (50 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी से मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां राजस्थान को 67 रन से हराया। यह मुंबई की लगातार चौथी जीत है। टीम इससे पहले दिल्ली, महाराष्ट्र और पुदुचेरी को हरा चुकी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई ने अय्यर की 103 गेंद में 116 रन की पारी की बदौलत सात विकेट पर 317 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई ने इसके बाद ठाकुर की धारदार गेंदबाजी की बदौलत राजस्थान को 250 रन पर समेट दिया। युवा यशस्वी जायसवाल (38) और पृथ्वी साव (36) ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। राजस्थान ने हालांकि इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को जल्दी जल्दी पवेलियन भेजकर मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 83 रन कर दिया।

# विंडीज टी-20 टीम में गेल की वापसी

एजेंसी। सेंट जोंस

**अनुभवी** बल्लेबाज क्रिस गेल ने दो साल बाद श्रीलंका के खिलाफ तीन मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टी-20 टीम में वापसी की है। गेल को कीरोन पोलार्ड की कप्तानी वाली 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था। 39 वर्ष के तेज गेंदबाज फिडेल एडवडर्स की भी टीम में नौ साल बाद वापसी हुई है। तीन मैचों की श्रृंखला के मैच तीन, पांच और सात मार्च को खेले जाएंगे। एंटीगा के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पदार्पण भी होगा।

गेल ने आखिरी बार वेस्टइंडीज के लिए टी-20 क्रिकेट अगस्त 2019 में भारत के खिलाफ खेला था। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य चयनकर्ता रोजर हार्पर ने एक विज्ञप्ति में कहा, क्रिस गेल ने हाल ही के टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। चयन समिति को लगता है कि टीम को उनका अनुभव काफी काम आएगा। हम टी-20 विश्वकप के मद्देनजर अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं। चयन समिति ने 1 से 14 मार्च के बीच वनडे श्रृंखला के लिए भी टीम का ऐलान किया।




**टी-20 टीम :** कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरन, फेबियन एलेन, ड्वेन ब्रावो, फिडेल एडवडर्स, आंद्रे फ्लेचर, क्रिस गेल, जैसन होल्डर, अकील हुसैन, एविन लुईस, ओबेद मैकॉय, रोवमैन पावेल, लैंडल सिमंस, केविन सिनक्लेयर।

**वनडे टीम :** कीरोन पोलार्ड (कप्तान), शाइ होप, फेबियन एलेन, डेरेन ब्रावो, जैसन होल्डर, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, एविन लुईस, काइल माएर्स, जासन मोहम्मद, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिनक्लेयर।

### भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने आईएसएसएफ विश्वकप में कांस्य जीता

**काहिरा।** भारत के मैराज अहमद खान, अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत खांगुरा ने यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्वकप में पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम ने कजाखस्तान के डेविड पोचिवालोव, एडुअर्ड एचशेंको और अलेक्जेंडर एम की टीम को 6-2 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में 491 का स्कोर किया। इसमें सात दौर में प्रत्येक दौर में 25 निशाने लगाने थे। भारतीय टीम फाइनल में भी पहुंच जाती लेकिन शूटआफ में रूस से 6-5 से हार गई। रूस ने चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय महिला टीम भी कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंची लेकिन कजाखस्तान से 4-6 से हार गई। भारतीय टीम में गनीमत सेखों, परिनाज धालीवाल और कार्तिकी सिंह शेखावत शामिल थे।

# दस साल बाद मिली जिम्नास्टिक महासंघ को खेल मंत्रालय से मान्यता

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुटबाजी के शिकार भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ को दस साल बाद मान्यता दे दी है और नवंबर 2019 में अध्यक्ष पद पर सुधीर मित्तल के चुनाव को रिकॉर्ड में रखा गया है। यह मान्यता 31 दिसंबर तक के लिए दी गई है। खेल मंत्रालय ने 2011 में महासंघ में अंतर्कलह के कारण इसकी मान्यता रद्द कर दी थी। फिलहाल खेल मंत्रालय राष्ट्रीय खेल महासंघों को सालान आधार पर मान्यता दे रहा है।

महासंघ को जारी मंत्रालय के एक पत्र में कहा गया, आपकी मान्यता तुरंत प्रभाव से बहाल करने का फैसला लिया गया है जो 31 दिसंबर 2021 तक प्रभावी रहेगी। मंत्रालय ने कोषाध्यक्ष कौशिक बीड़ीवाला के चुनाव को भी रिकॉर्ड में रखा लेकिन कहा कि शांति कुमार को महासचिव के तौर पर स्वीकार करने का फैसला मणिपुर उच्च न्यायालय के फैसले के बाद लिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि महासंघ के संविधान को 2011 खेल कोड के अनुरूप बनाना होगा। इसमें कहा गया, जीएफआई को छह महीने के भीतर अपने संविधान को खेल कोड के प्रावधानों के अनुरूप बनाना होगा। शांति कुमार को पांच नवंबर 2019 को हुए चुनाव में महासचिव बनाया गया था, लेकिन मंत्रालय ने खेल कोड 2011 के कार्यकाल के प्रावधानों के उल्लंघन के कारण उनके चुनाव पर आपत्ति जताई थी।

### श्रीजेश बोले, मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने से

# ओलंपिक से पहले खुद को परखने का मौका मिलेगा

**क्रेफेल्ड ( जर्मनी )।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि जर्मनी और ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलकर टीम को टोक्यो ओलंपिक से पहले शारीरिक, मानसिक और तकनीकी तौर पर खुद को आंकने का मौका मिलेगा। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद भारतीय पुरुष टीम रविवार से शुरू हो रहे चार मैचों के यूरोप दौरे पर दुनिया की छठे नंबर की टीम जर्मनी से खेलेगी। इसके बाद मंगलवार को फिर जर्मनी से खेलने के बाद एंटवर्पमें ब्रिटेन से दो मैच खेलने हैं।

श्रीजेश ने कहा, जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ ये मैच काफी महत्वपूर्ण है। इससे हमें खुद को शारीरिक , मानसिक और तकनीकी तौर पर आंकने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, हम खुशकिस्मत हैं कि महामारी के बावजूद इतनी अच्छी टीमों से खेलने का मौका मिल रहा है। इससे हम ओलंपिक के लिए रणनीति बखूबी तैयार कर सकेंगे। भारत ने आखिरी मैच पिछले साल जनवरी-फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में खेला था। श्रीजेश ने कहा, एक साल से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल पाना शारीरिक से ज्यादा मानसिक रूप से कठिन था।

# यूसुफ, जयसूर्या सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला में खेलेंगे

एजेंसी। रायपुर

**हाल** ही में क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले यूसुफ पठान, नमन ओझा और विनय कुमार पांच मार्च से यहां शुरू होने वाली सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला (रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज) में इंडिया लीजेंड्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्रीलंका को 1996 विश्वकप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सनथ जयसूर्या श्रीलंका लीजेंड्स के लिए मैदान पर उतरेंगे। शनिवार को यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक तिलकरत्ने दिलशान की अगुवाई वाली श्रीलंकाई टीम में जयसूर्या के अलावा रसेल अर्नाल्ड और उपुल थरंगा जैस क्रिकेटर शामिल है।

इंडिया लीजेंड्स अपना पहला मैच पांच मार्च को बांग्लादेश लीजेंड्स के खिलाफ खेलेगा, जबकि श्रीलंका लीजेंड्स छह मार्च को वेस्टइंडीज लीजेंड्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगा। इस टूर्नामेंट के सभी मैचों को यहां के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। विज्ञप्ति के मुताबिक इस टी-20 लीग का मकसद देश में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। कोरोना वायरस महामारी के कारण इसके पहले सत्र को चार मैचों के बाद 11 मार्च को स्थगित कर दिया गया था।



#### टीमें

**इंडिया लीजेंड्स:** सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, प्रज्ञान ओझा, नोएल डेविड, मुनाफ पटेल, इरफान पठान, मनप्रीत गोनी, यूसुफ पठान, नमन ओझा, एस बद्रीनाथ और विनय कुमार।

**श्रीलंका लीजेंड्स:** तिलकरत्ने दिलशान, सनथ जयसूर्या, परवीज महरूफ, रंगना हेराथ, थिलन तुषारा, अजंता मेंडिस, चमारा कपुगेदेरा, उपुल थरंगा, चामारा सिल्वा, चिन्तका जयसिंघे, धम्मिका प्रसाद, नुवान कुलशेखरा, रसेल अर्नोल्ड, दुलंजना विजेसिंघे और मलिंदा वारनपुरा

**वेस्टइंडीज लीजेंड्स:** ब्रायन लारा, टिनो बेस्ट, रिडले जैकब्स, नरसिंह देवनारायण, सुलेमान बेन, दीनानाथ रामनारायण, एडम सैनफोर्ड, कार्ल हूपर, ड्वेन स्मिथ, रेयान ऑस्टिन, विलियम पर्किन्स और महेंद्र नागामुटू।

**दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स:** जोंटी रोड्स , मोर्ने वान विक, गार्नेट क्रुगर, रोजर टेलीमाक्स, जस्टिन केम्प, अल्विरो पीटरसन, नैंटी हेवर्ड, एंड्रयू पुटिक, लूट्स बोसमैन, जेंडर डी ब्रुइन, थांडी ताशाबाला, मोंडे जोंडेकी, मखाया एनटिनी और लॉयड नॉरिस-जॉन्स।

### उत्तराखंड, असम की लगातार चौथी जीत

**चेन्नई।** उत्तराखंड ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेट ग्रुप में मिजोरम को आठ विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। उत्तराखंड की टीम चार मैचों में 16 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। असम के भी 16 अंक हैं जिसने सिक्किम को चार विकेट से हराया।

लेग स्पिनर दिक्षांशु नेगी ने 21 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे उत्तराखंड ने मिजोरम को सिर्फ 117 रन पर ढेर कर दिया। इसके जवाब में उत्तराखंड की टीम ने सिर्फ 10.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरी तरफ असम ने सिक्किम के 246 रन के लक्ष्य को 48वें ओवर में हासिल करके अपने सभी मैचों को जीतने का क्रम जारी रखा।

# महापौर ने शौचालयों का भ्रष्टाचार उजागर कर विधायक को घेरा

**एक तरफ प्रधानमंत्री के भाई, बहनें, रिश्तेदार साधारण काम करके अपना जीवन यापन कर रहे है, लेकिन हरियाणा में सत्ता पक्ष के विधायक, मंत्री, सांसद खुलेआम भ्रष्ट अधिकारियों को न केवल शह दे रहे है, बल्कि अपने करीबियों के माध्यम से दोनों हाथों से सरकारी ठेकों, सरकारी सप्लाई, कब्जों को खाली करवाकर करोड़ों के वारे-प्यारे कर रहे है।**



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

मंथन

बडखल विधानसभा में जगह-जगह लगाए गए शौचालयों की पैमेंट तो नगर निगम द्वारा कर दी गई, लेकिन इनमें से एक भी शौचालय चालू हालत में नहीं है। इनमें सेक्टर-21डी की मार्केट में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बहुत गाजे बाजे से उद्घाटन किया था। एनआईटी थाना के समीप और एनआईटी नंबर 5 मार्केट में दुकानदारों और आमजन की सुविधा के लिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे शौचालय लगवाकर विधायक सीमा त्रिखा ने खूब प्रशंसा लूटी थी, लेकिन शर्म की बात यह रही कि इनमें से एक भी शौचालय हफ्ते भर से अधिक नहीं चला, जबकि इस मद में नगर निगम ने करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया।

गत दिनों महापौर सुमन बाला ने जनता की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद इन शौचालय का रखरखाव रखने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए थे, लेकिन जब बार-बार कहने के बावजूद किसी अधिकारी ने इस पर तवज्जों नहीं दी, तो महापौर ने मौका मुआयना करने के लिए जिम्मेदार एसडीओ को साथ चलने को मजबूर किया। सूत्रों का कहना है कि उपरोक्त शौचालयों के ठेके भाजपा विधायक के करीबियों ने हासिल किए थे, लिहाजा कोई भी अधिकारी इनकी अनियमितताओं पर बात करने को तैयार नहीं था। सूत्रों का यह भी कहना है कि महापौर को भी इस मुद्दे पर चुप रहने को कहा गया, ताकि इस घपले को उजागर न किया जा सके, लेकिन महापौर और भाजपा विधायक के रिश्ते ठीक न होने के चलते महापौर सुमन बाला ने इस घपले को उजागर करने का फैसला कर लिया था, लेकिन विधायक की दखलअंदाजी के चलते कोई अधिकारी उन्हें सहयोग नहीं कर रहा था। हालांकि बाद में निगमायुक्त के आदेश पर नगर निगम के एसडीओ खट्टर महापौर के साथ तो गए, लेकिन जब मौके पर शौचालयों की खस्ताहालत पर उन्होंने एसडीओ से जवाब मांगा तो उन्होंने पब्लिक के सामने उनसे बदतमीजी की और कोई सकारात्मक जवाब उन्होंने नहीं दिया, लिहाजा मामले ने तूल पकड़ा और चंडीगढ़ के दखल के बाद उक्त एसडीओ को निलंबित कर दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि उपरोक्त एसडीओ से इस भ्रष्टाचार की जांच करने के बजाए उसकी बहाली के लिए भाजपा का एक विधायक उसकी पैरवी में लग गया है। वैसे भी एक बात साफ है कि अगर उक्त एसडीओ भाजपा विधायक का समर्थन न हो तो उसकी हिम्मत महापौर का अपमान करने की हो नहीं सकती।

मालूम हो कि नगर निगम क्षेत्र में विशेषकर बडखल विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों शौचालयों का ठेका छोड़ा गया था, यह ठेका नेताओं ने अपने यारों-प्यारों को ऊंची दरों पर दिलवाया था, ठेकेदार ने इन शौचालयों को तय जगहों पर रखकर पैमेंट ले ली, किसी अधिकारी ने या नेता ने यह नहीं देखा कि जब इन शौचालयों को सीवर-पानी का कनेक्शन तक नहीं दिया गया, तो फिर ये शौचालय क्या दिखावे के लिए रखी गई थी। उनकी साफ सफाई की जिम्मेदारी भी किसी की तय नहीं की गई और चुपचाप करोड़ों रुपये के बिल पास कर दिए गए। कोई भी शौचालय आज की तारीख में चालू हालत में नहीं है। इतने बड़े घोटाले की पूरी जांच होनी चाहिए। स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज को इस घोटाले की तह तक जाना चाहिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को यह भी देखना चाहिए कि कौन सा नेता, विधायक भजापा सरकार की छवि को धूमिल कर रहा है वो कौन है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब कर रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री के भाई, बहनें, रिश्तेदार साधारण काम करके अपना जीवन यापन कर रहे है, लेकिन हरियाणा में सत्ता पक्ष के विधायक, मंत्री, सांसद खुलेआम भ्रष्ट अधिकारियों को न केवल शह दे रहे है, बल्कि अपने करीबियों के माध्यम से दोनों हाथों से सरकारी ठेकों, सरकारी सप्लाई, कब्जों को खाली करवाकर करोड़ों के वारे-प्यारे कर रहे है। हरियाणा में सत्ता पक्ष के लोगों का भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद लूट खसोट चरम पर है। आरएसएस के अधिकारियों को भी सब पता है, लेकिन कोई भी शिकायत करने को तैयार नहीं, यही कारण है कि भ्रष्टाचार, घोटालों पर रोक नहीं लग पा रही और सरकारी धन को बर्बरता से लूटा जा रहा है।

## निर्दलीय विधायक के प्रतिष्ठानों पर छापों से सियासत गर्म

महम के विधायक के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापों के सियासी मायने निकाले जा रहे है। गौरतलब है कि विधायक बलराज कुंडू पिछले काफी महीनों से न केवल हरियाणा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे, बल्कि 26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर रैली को भी उन्होंने खुलकर समर्थन दिया था। टिकरी और संधू बार्डर पर उनकी रसोई चल रही थी, जहां किसानों के लिए लंगर का प्रबंधन किया गया था। सियासी क्षेत्र में इन छापों को राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि कुंडू के दर्जनों प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग के छापों के बाद ऐसे अन्य निर्दलीय विधायक चुप्पी साध गए है, जो कल तक खट्टर सरकार पर छोटी-मोटी बातों को लेकर सवाल उठाया करते थे, उन्हें एक प्रकार से संदेशा दे दिया गया है कि अगर उन्होंने भी किसानों का समर्थन व सरकार विरोधी रूख जारी रखा तो उनके ऊपर भी शिकंजा कसा जा सकता है। हालांकि आयकर विभाग के अधिकारी इस प्रकार के आरोपों को सिरे से खारिज कर रहे है। उनका कहना है कि कुंडू के खिलाफ लंबे समय से जांच चल रही थी, उनके यहां लेन-देन की भारी अनियमितताएं मिली है। खैर मामला चाहे कुछ भी रहा हो, हरियाणा की सियासत इन छापों के बाद गर्मा गई है। इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने जहां आरोप जड़ दिया कि जो कोई किसान हित की बात करेंगे, उसे यह सरकार ऐसे ही परेशान करेगी। उन्होंने अपने उदाकरण भी दिए कि किस प्रकार उनको कई प्रकार की केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिलहाल कांग्रेस पार्टी ने इन छापों पर अपना कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इतना तय है कि आगामी 5 मार्च को शुरू होने जा रहे बजट सत्र में कांग्रेस भी इस मुद्दे को जोरशोर से उठाएगी, इसी सत्र में कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी घोषणा कर चुके है।

## स्वर्गीय भजनलाल का परिवार राजनैतिक हाशिए पर पहुंचा

पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पुत्र कुलदीप बिश्नोई धीरे-धीरे राजनीति में हाशिए पर पहुंच गए है। उनके बड़े भाई चंद्रमोहन भी शादी के लिए धर्म बदलकर जब चांद मोहम्मद बने थे, उसी दिन से उनके गर्दिश के दिन शुरू हो गए थे। हालांकि उन्होंने वापस चंद्रमोहन बनकर चुनाव भी लड़ा, लेकिन राजनीति में सफल नहीं हो पाए। गौरतलब है कि सियासत में पीएचडी की डिग्री होने का दावा करने वाले चौधरी भजनलाल 1979, 1982 व 1991 में 3 बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे।
वर्ष 2004 में कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा जीत जाने के बावजूद भजनलाल को मुख्यमंत्री नहीं बनाया व उनके स्थान पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा की कमान सौंपी। इसी बात से नाराज होकर वर्ष 2007 में भजनलाल ने कुलदीप बिश्नोई के कहने पर हरियाणा जनहित कांग्रेस बनाई थी। इस पार्टी के कर्ताधर्ता कुलदीप ही रहे, उन्होंने पहले बसपा से और बाद में भाजपा से गठबंधन भी किया, लेकिन यह गठबंधन चल नहीं सके। दरअसल कुलदीप कभी भी समय पर उचित फैसला नहीं ले पाए, जब कभी उनसे सीटों के बंटवारे को लेकर सहयोगी पार्टियों की चर्चा होती थी तो वह अपने आपको गैरजाटों का एकमात्र नेता बताते हुए बड़े भाई की भूमिका में उतर आते थे, लिहाजा उनका तालमेल किसी भी पार्टी से नहीं बैठ पाया। उनके अपरिपक्व कार्यशैली को देखकर धीरे-धीरे उनके सहयोगी और समर्थक भी उनसे दूर हो गए, यहां तक कि वो 2016 में अपनी पार्टी हजकां का कांग्रेस में विलय करने को मजबूर हो गए, उस वक्त उन्हें प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर भी चर्चा हुई थी, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर के समक्ष उनकी एक नहीं चली।

## मोदी सरकार के निजीकरण की ओर बढ़ते कदम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने यह कह कर कि सरकार का काम व्यापार करना नहीं है, वामपंथी विचारधारा को करारा झटका दे दिया है। इसी सप्ताह सार्वजनिक कंपनियों पर आयोजित वेबिनार में स्पष्ट कर दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र की घाटे वाली कंपनियों को या तो बेचा जाएगा या उनमें निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि इन प्रतिष्ठानों के माध्यम से पिछले 70 सालों से हो रहे घाटे से निजात पाई जा सके। दरअसल, प्रधानमंत्री के इस संदेश से वामपंथी विचारधारा वाले संगठन खासी परेशानी में आ गए है क्योंकि वे अब तक सरकारी उपक्रमों में ट्रेड यूनियनें बनाकर बिना काम किए सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे थे, चंद सरकारी प्रतिष्ठानों को छोड़ दिया जाए, तो ज्यादातर प्रतिष्ठान घाटे में चल रहे है। यहां काम करने वाले सरकारी अधिकारी या कर्मचारी सभी सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल अपने हित में करते रहे। मोदी सरकार का यह संदेश स्पष्ट कह रहा है कि अब करदाताओं का पैसा इन घाटे वाले प्रतिष्ठानों को नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने इशारा किया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की कम इस्तेमाल वाली संपत्तियों को बेचकर धन जुटाया जाएगा और उसे देश के अन्य विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि परमाणु, ऊर्जा, आंतरिक्षण एवं परिवहन एवं दूरसंचार, बिजली, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज पदार्थ, बैंकिंग, बीमा और वित्तीय संस्थाओं में सरकारी निवेश बना रहेगा, बाकि अन्य क्षेत्रों में सभी सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण किया जाएगा। केंद्र सरकार के इस फैसले से सभी ट्रेड यूनियनों के कर्मचारी, यूनियनों व ऐसे संगठनों-संस्थानों को करारा झटका लगेगा, जो इन्हीं के बल पर आंदोलनजीवी बनकर बिना काम किए बरसों से मौज लूट रहे थे। दरअसल, सरकारी कंपनियों या विभागों में कार्यरत कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति कभी ईमानदार नहीं रहे, हरियाणा की बात करें तो यहां हरियाणा रोडवेज, बिजली विभाग, पर्यटन विभाग जैसे दर्जनों विभाग ऐसे है, जो लगातार घाटे में चल रहे है और जैसे ही सरकार इनके निजीकरण की बात करती है कि कर्मचारी व ट्रेड यूनियनें आंदोलन, धरना-प्रदर्शन करने लगती है। केंद्र सरकार की इस ताजा घोषणा से भाजपा शासित राज्यों में भी निजीकरण की और सरकार कदम बढ़ाएगी। हालांकि मौजूदा हालातों में जब देश में किसान आंदोलन पहले ही सरकार की नींद उड़ाए हुए है, ऐसे फैसले सरकार को परेशानी में डाल सकते है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम भविष्य के लिए अच्छे साबित होंगे।

# आसन व प्राणायाम की भूमिका



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव



जब तक शरीर में आत्मा होती है, व्यक्ति जीवित रहता है। और जब, वापस ले ली जाती है, जो पूरी काया एक मृत पदार्थ में बदल जाती है। यहां पुनः, मन और चेतना का तत्व पूर्ण क्षमता में खेल पलटने वाला नहीं होगा, न ही सहज भाव से प्रक्रिया का पालन करना ही संभव होगा।

तदनुरूप, यह अपेक्षित होगा कि खुद को योगासन का विषय बनाया जाए, जो श्वास चक्र के साथ लयबद्ध एक प्रकार के शारीरिक व्यायाम हैं जैसा कि ऋषि पतंजलि द्वारा बताया गया है। प्रक्रिया का पालन करके, नियमित शारीरिक गतिविधियों तथा बढ़ी हुई आक्सीजन आपूर्ति के जरिए, जोड़ नरम रहते हैं, मांसपेशियों का मुलायमपन बचा रहता है, शारीरिक फुर्ती को आवेग मिलता है, और व्यक्ति शारीरिक रूप से फिट रहता है। हालांकि प्रक्रिया को बिना मार्गदर्शन के नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि, केवल प्रशिक्षित विशेषज्ञ जानता है कि कौन से व्यायाम व्यक्ति के अनुकूल होंगे जो कि व्यक्ति की वैयक्तिक स्वास्थ्य कमजोरियों पर आधारित होता है। मार्गदर्शन के बिना, यह व्यक्ति के स्वास्थ्य तंत्र पर विपरीत प्रभाव डाल सकते हैं। इस क्रम में आता है प्राणायाम यानी ध्यान की तैयारी। प्राणायाम, प्रत्यक्ष अर्थों में, सिर्फ श्वासंकारी व्यायाम नजर आता है, लेकिन असलियत में, यह उससे कहीं बढ़कर है। हमारा श्वांस चक्र स्वस्थ जीवन एवं दीर्घजीविता की चाभी लिए होता है। क्योंकि, यह सिर्फ ताजा आक्सीजन आपूर्ति बनाए नहीं रखता है। सूक्ष्म स्तर पर यह जीवनशक्तियों, यानी भारतीय संदर्भ में प्राण को, साथ लेकर चलता है। जब तक हम सांस लेते हैं, हम जीवन शक्तियों के प्राप्तकर्ता होते हैं जो हमें जीवित रखती हैं, हमारी समस्त बहुआयामी क्रियाकलापों को परिकल्पित करती हैं, हमारे शारीरिक अंगों समेत, जो जब रुक जाते हैं, तो समूचा शरीर मृत पदार्थ हो जाता है। हम जिस तरह सांस लेते हैं वो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की गुणवत्ता निर्धारित करता है साथ ही साथ उनकी फुर्ती को भी, और इसीलिए सही ढंग से सांस लेने की आवश्यकता है।

प्राणायाम प्रक्रिया के पालन से, श्वांसकारी चक्र को धीमा करना संभव हो जाता है। परिणामस्वरूप, सबसे पहले, बूढ़े होने की प्रक्रिया लंबित होती है। क्योंकि जितनी ज्यादा बार श्वास गणना कम होती है, महत्वपूर्ण आंतरिक अंगों की गति भी उसके अनुरूप में घटती जाती है क्योंकि वे श्वांस चक्र से साथ लयबद्ध होते हैं। इस तरह महत्वपूर्ण अंगों की सक्रियता अवधि धीमी होती है, और जिससे उनकी सेवा कार्य योग्यताएं समय काल के संदर्भ में बढ़ जाती हैं, वो भी आक्सीजन लेने के स्तर से किसी भी प्रकार का समझौता किए बगैर जो कि स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस प्रक्रिया की सुंदरता यह है कि यह मस्तिष्क के संवर्धित आक्सीजनयुक्त होने में सहायता करती है, जिससे इसकी विविधता को और मजबूती मिलती है।

यहां यह उल्लेख करना अनुचित नहीं होगा कि एक हाथी प्रति मिनट दस से 12 बार सांस लेता है और लगभग सौ साल जीवित रहता है। कछुआ के बारे में कहते हैं कि वो प्रति मिनट तीन से चार बार सांस लेता है और वह 300 साल तक जिंदा रहता है, लेकिन एक कुत्ता बहुत तेजी से सांस लेता है, उसकी औसत आयु लगभग 12 साल ही होती है। इसलिए, जब हम अपने श्वांस चक्र को धीमा करते हैं, हमारी बुढ़ापा प्रक्रिया धीमी हो जाती है, और जीवनावधि विस्तारित होगी।

सांस लेना हमारी मन की अवस्था से भी संबंधित होता है। यहां यह गौर करना मजेदार होगा कि इंसान आम तौर पर प्रति मिनट 18 बार सांस लेता है। लेकिन जब हम क्रोधित अवस्था में होते हैं, श्वांस गति बढ़कर 30 से 36 के बीच पहुंच जाती है। इसलिए, अपनी श्वांस गणना में कमी लाने से, मानसिक क्रोध भी शांत होता है।

प्राणायाम भी, एक नाजुक प्रक्रिया है, हालांकि कठिन नहीं है। इसीलिए, प्रक्रिया को प्रशिक्षित विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में किया जाना चाहिए। अपने आपमें प्रक्रिया के बारे में चर्चा नहीं की जा रही है, क्योंकि इसे प्रशिक्षित विशेषज्ञ से सीखा जाना चाहिए, लेकिन संदर्भ बताते समय, यहां यह उल्लेख करने की जरूरत है कि प्रक्रिया में सांस को प्रत्येक सांस लेने व सांस छोड़ने की प्रक्रिया के बीच ,कुछ पल के लिए रोकना शामिल होता है, इसे भारतीय शब्दावली में कुंभक कहा जाता है। व्यक्ति को सांस लेने व सांस छोड़ने के बीच में कहीं माना जाता है। क्योंकि यह स्थान स्थिर अवस्था है। उतना ही नहीं, व्यक्ति का ध्यान सीधे वहां उपलब्ध चेतना तत्व पर है। इसलिए इस स्थान पर टिकना, भले ही बहुत छोटी अवधि के लिए ही, मगर यह आभासी स्तर पर हमें ध्यान की अवस्था में रखता है। जैसे ही व्यक्ति प्रक्रिया में आगे बढ़ता है, उसे हमें संचालित करने वाली जीवन शक्तियों का प्रत्यक्ष अहसास होता है। इस अर्थ में, प्राणायाम को ध्यान प्रक्रिया की शुरुआत कहा जा सकता है। उपरोक्त दो प्रक्रियाओं आसन और प्राणायाम के अनुपालन से तन, मन, साथ ही साथ स्नायुओं के साथ लयबद्ध होने के अलावा तन-मन समन्वय सुनिश्चित करने में सहायता होती है। यह हमारे आंतरिक संवाद तंत्र के उचित कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। इससे, आठ सूत्री मार्ग का तीसरा और चौथा चरण पूरा होता है और अब ध्यान प्रक्रिया में उचित ढंग से आगे बढ़ने का आधार निर्मित होता है।

**लेखक ज्योतिषी, वास्तु सलाहकार एवं आध्यात्मिक परामर्शकार हैं।**

